रांची, बुधवार
06.10.2021
वर्ष : 6, अंक : 304, पुष्ठ 12
मूल्य : दो रूपया

# बिहान भारत

रांची एवं पटना से एक साथ प्रकाशित
खबरें हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.com | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## एक नजर

### आतंकी हमले में तीन की मौत

**जम्मू-कश्मीर:** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को श्रीनगर और बांदीपोरा में आतंकवादियों ने तीन हमलों को अंजाम दिया है. पहला हमला कश्मीर के जाने-माने फामेर्सी कारोबारी पर हुआ. इसके बाद श्रीनगर के मदीन साहिब में एक स्ट्रीट हॉकर पर आतंकियों ने गोलियां बरसा दीं. फिर बांदीपुरा जिले में एक आम नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और संबंधित क्षेत्रों की घेराबंदी कर दी गई है. साथ ही इन क्षेत्रों में तलाशी जारी है. श्रीनगर और बांदीपोरा में आतंकवादियों द्वारा तीन नागरिकों की हत्या किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आतंकी अपने नापाक मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगे और इस तरह के जघन्य कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाया जाएगा. इससे पहले न्यूज एजेंसी एएनआई रिपोर्ट के मुताबिक, आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके हवल में मदीन साहिब के पास आतंकवादियों ने स्ट्रीट हॉकर की गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई.

### क्रूज पर ड्रग्स पार्टी में चार और गिरफ्तार

**मुंबई।** कार्डेलिया क्रूज शिप पर रेव पार्टी किए जाने के मामले में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मंगलवार को चार और लोगों को गिरफ्तार किया। इन्हें मिलाकर इस मामले में गिरफ्तार हुए लोगों की संख्या अब 12 हो गई है। एनसीबी अभी कुछ और लोगों को भी गिरफ्तार कर सकती है। गिरफ्तार करने के बाद एनसीबी ने इन चारों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 11 अक्टूबर तक के लिए एजेंसी की हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए चार और लोगों के नाम अब्दुल कादिर कयूम शेख, श्रेयस नायर, मनीष दर्या एवं अविन साहू हैं।

### एक करोड़ स्टूडेंट्स को टैबलेट व स्मार्टफोन देगी यूपी सरकार

**लखनऊ।** युवाओं को शिक्षित, प्रशिक्षित और स्वावलंबी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार उन्हें स्मार्ट फोन औप टैबलेट निःशुल्क देकर सशक्त व समर्थ बनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण योजना को मंजूरी दी गई। कैबिनेट बैठक के बाद राज्य सरकार के प्रवक्ता तथा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बताया कि युवाओं के डिजिटल सशक्तीकरण के लिए सरकार ने यह निर्णय किया है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कल्याण गुरुकुल खूंटी एवं जमशेदपुर में प्रशिक्षित 238 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# कोरोना काल से निकलकर युवाओं को दे रहे रोजगार

बिभा संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार ने इस वर्ष को नियुक्ति वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया है । इस सिलसिले में सरकारी और निजी क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं । लगभग 5 सालों से लंबित जेपीएससी की परीक्षा सफलतापूर्वक ली गई । 700 शिक्षकों और मनरेगा में 500 पदों समेत अन्य खाली पदों को भरने की दिशा में भी कार्रवाई हो रही है। इसके पहले लगभग 600 चिकित्सकों, 24 खेल पदाधिकारियों, 40 खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है । इसके अलावा एसीसी कंपनी में डेढ़ सौ युवाओं को स्थायी नौकरी और दूसरे राज्यों में काम कर रही यहां की 200 युवतियों को अपने घर में ही टेक्सटाइल उद्योग में रोजगार से जोड़ा गया । 900 से ज्यादा बच्चियों को प्रशिक्षित कर नर्स बनाया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ये बातें कहीं । मौका था कल्याण गुरुकुल खूंटी एवं



जमशेदपुर में प्रशिक्षित छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते के लिए आयोजित समारोह का । इस मौके पर उन्होंने 238 छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ सालों से कोविड-19 महामारी से देश-दुनिया अस्त व्यस्त है । झारखंड की व्यवस्था भी इस दौरान ठप्प सी हो गई । लेकिन, इस चुनौती भरे काल में ग्रामीणों, किसानों, नौजवानों, वंचितों, बेरोजगारों और महिलाओं समेत सभी जरूरतमंदों को सरकार से जोड़ने का काम किया गया।विशेषकर, लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में फंसे मजदूरों को ना सिर्फ हवाई जहाज और ट्रेनों से वापस लाया गया, बल्कि उनके लिए मुफ्त भोजन तथा रोजगार के लिए कई नई योजनाओं की शुरूआत की, ताकि उनका मनोबल बना रहे। हमारी सरकार के बेहतर प्रबंधन का ही नतीजा था की लॉक डाउन के दौरान किसी की भी मौत भूख से नहीं हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार कई प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। कल्याण गुरुकुल में भी युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है । यहां उनका प्लेसमेंट भी हो रहा है । इससे वे अपने पैरों पर खड़ा होने के साथ परिवार और समाज को मजबूत और बेहतर बनाने में अपना योगदान देंगे । इसके साथ ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण युवाओं को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी । उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण के बाद जिन युवाओं का प्लेसमेंट हुआ है , उनका समय-समय पर इंटरनल एसेसमेंट की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो युवा तकनीकी या औद्योगिक प्रशिक्षण लिए हैं । अगर वे स्वरोजगार करना चाहे तो उनके लिए सब्सिडी आधारित 25 लाख रुपए तक का ऋण देने की योजना भी सरकार ने शुरू की है । वे इस योजना का लाभ लेकर अपनी दुकान इत्यादि खोल सकते हैं । मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि ये प्रशिक्षित युवक आने वाले दिनों में ना सिर्फ अपने लिए बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार का दरवाजा खोलेंगे ।

प्रेज्ञा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल खूंटी और जमशेदपुर के 238 छात्रों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । इनमें अनुसूचित जनजाति के 174 अनुसूचित जाति के 7, ओबीसी के 51 और अल्पसंख्यक वर्ग के 6 छात्र शामिल हैं । इन सभी छात्रों का प्लेसमेंट शापूरजी पालन जी, आटोमोटिव एक्सल और विलास जावेडकर जैसी नामी कंपनियों में हुआ है । इन सभी छात्रों ने कल्याण गुरुकुल में निर्माण और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया है ।गौरतलब है कि कल्याण गुरुकुल में छात्रों को फिटर, वेल्डर, कारपेंटर, प्लंबर और अपैरल जैसे ट्रेड में प्रशिक्षण देने के साथ प्लेसमेंट की भी व्यवस्था की जाती है । फिलहाल, प्रेज्ञा फाउंडेशन की ओर से राज्य में 9 कौशल विकास कॉलेज और 28 कल्याण गुरुकुल ट्रेनिंग सेंटर चलाए जा रहा है । यहां से अब तक 15,000 से ज्यादा युवाओं को देश विदेश में रोजगार से जोड़ा गया है । इस मौके पर मंत्री चम्पाई सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव श्री के के सोन उपस्थित थे ।

### नर्सिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्सिंग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं । देश विदेश में नर्सों की काफी मांग है । ऐसे में पुरुषों के लिए भी अब नर्सिंग में प्रवेश का दरवाजा सरकार ने खोल दिया है । युवाओं से आग्रह है कि वे भी नर्सिंग की ट्रेनिंग लें ।

### ग्रामीण युवाओं को स्वावलंबी बनाने की पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं में प्रतिभा है और उसे निखार कर रोजगार से जोड़ा जा रहा है । उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार काम कर रही है । इसके लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना और शहीद पोटो फोटो हो खेल मैदान योजना जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं । इन सभी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है ।

# लखपति हो गए झुग्गी-झोपड़ी वाले तीन करोड़ परिवार: मोदी

एजेंसी

**तीन दिवसीय राष्ट्रस्तरीय न्यू अरबन इंडिया कान्फ्रेंस का शुभारंभ**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए उपहारों की पोटली खोलने के लिए आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जितने भरोसे के साथ योगी सरकार की पीठ थपथपा रहे थे, उसी के समानांतर बिना किसी का नाम लिए विपक्षियों को आईना भी दिखाते रहे। उन्होंने यहां आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार और प्रदेश के नगर विकास विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रस्तरीय न्यू अरबन इंडिया कान्फ्रेंस का शुभारंभ किया। देश-प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विकास का जिक्र करने के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 75 हजार लाभार्थियों को आवासों की चाबी वर्चुअल हस्तांतरित की। इसे गरीबों के जीवन में बड़ा परिवर्तन बताते हुए बोले कि कुछ महानुभाव पूछते हैं कि मोदी ने क्या किया? दावा किया कि उन्होंने इतने छोटे कार्यकाल में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले तीन करोड़ परिवारों को लखपति बना दिया। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को न्यू अरबन इंडिया कान्फ्रेंस के शुभारंभ से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां लगी प्रदर्शनियों को देखा। शहरी विकास और हाउसिंग सेक्टर की नई तकनीकों की सराहना की। इसके बाद मंच पर पहुंचे मोदी ने स्मार्ट सिटी और अमृत योजना के तहत 4737 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास के साथ अन्य उपहार यूपी की झोली में डाले। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 75 जिलों के 75 हजार लाभार्थियों को आवास की चाबी के वर्चुअल हस्तांतरण के बाद आगरा की विमलेश, कानपुर की रामजानकी पाल और ललितपुर की बबिता से वर्चुअल संवाद किया।

ये चुनावी सभा नहीं थी, लेकिन चर्चा विकास पर थी तो मोदी पिछली सरकारों से तुलना करना नहीं भूले। बोले कि छह साल पहले गरीबों के लिए पक्के घर, शौचालय, सड़कों की बात की तो आदतन कुछ लोग सवाल उठाते थे कि यह कैसे हो पाएगा? आज इन अभियानों की सफलता दुनिया देख रही है। इतने आवास बन रहे हैं, जितनी कई देशों की आबादी भी नहीं है। पिछली केंद्र सरकार की तस्वीर कुछ यूं पेश की। बोले, 2014 के पहले की केंद्र सरकार ने देश में शहरी आवास योजना के तहत 13 लाख मकान ही मंजूर किए। उसमें भी सिर्फ आठ लाख बनाए गए। वहीं, 2014 के बाद एक करोड़ 13 लाख से ज्यादा आवास मंजूर हुए। दोहराया कि कहां 13 लाख और कहां एक करोड़ 13 लाख। इनमें पचास लाख आवास गरीबों को सौंपे भी जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले की यूपी सरकार गरीबों के घर बनवाना ही नहीं चाहती थी। हमें उनसे मिन्नतें करनी पड़ती थीं। केंद्र ने 18 हजार घरों की स्वीकृति दी थी, लेकिन यहां की सरकार ने 18 घर भी बनाकर नहीं दिए। यह चीजें आपको सोचनी चाहिए। पैसा था, स्वीकृति थी, लेकिन यूपी चलाने वाले अड़ंगा डाल रहे थे। उनका कृत्य यूपी के लोग कभी नहीं भूल सकते। योगी सरकार बनने के बाद शहरी गरीबों को नौ लाख घर मिले। 14 लाख आवास विभिन्न चरणों में हैं।

विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए बोले- कुछ महानुभाव कहते हैं मोदी ने किया क्या? आज पहली बार बताना चाहता हूं, जिसके बाद विरोधी टूट पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे जो साथी झुग्गी-झोपड़ी में रहते थे, पक्की छत नहीं थी। ऐसे तीन करोड़ परिवारों को एक ही योजना से लखपति बना दिया। इस छोटे से कार्यकाल में यह बड़ी उपलब्धि है। पीएम आवास योजना से बने तीन करोड़ घरों की कीमत का आकलन कर लिया जाए। मंच पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डा. महेंद्र नाथ पांडेय, केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री कौशल किशोर, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डा. दिनेश शर्मा, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन और विभाग के राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता भी थे।

## तमिलनाडु से प. सिंहभूम की 11 युवतियां वापस लायी गयीं

बिभा संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद पश्चिमी सिंहभूम की 11 युवतियां तमिलनाडु के त्रिपुर से वापस झारखंड लौट आई हैं। सभी त्रिपुर में केपीआर 3 कंपनी में काम करने गई थीं, लेकिन वहां भाषा की समस्या होने पर उन्हें काम करने में परेशानी होने लगी। इसके बाद युवतियों ने वापस आने के लिए श्रम विभाग के अन्तर्गत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष से मदद मांगी। मामले की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमन्त्री ने श्रम विभाग और



नियंत्रण कक्ष को युवतियों को वापस लाने का निर्देश दिया। नियंत्रण कक्ष ने केपीआर 3 कंपनी के मैनेजर से बात कर युवतियों के वापस आने की व्यवस्था कराई। तीन अक्तूबर को युवतियां त्रिपुर से झारखंड के लिए चलीं। सभी पांच अक्तूबर को वापस झारखंड (चक्रधरपुर) पहुंचीं। युवतियों ने जितने दिन त्रिपुर में काम किया था, उसका मेहनताना कुल 90,200 रुपये का भुगतान भी उन्हें किया गया। प्रत्येक युवती को 8200 रुपये मिले।

### रांची में पेट्रोल पहली बार 97.30 और डीजल 95.83 रुपये प्रति लीटर

**रांची:** तेल उत्पादक देशों के शीर्ष संगठन ओपेक के मांग के अनुरूप तेल उत्पादन नहीं बढ़ाने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के सात वर्ष के उच्चतम स्तर 81 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से मंगलवार को देश में पेट्रोल 25 पैसे और डीजल 30 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया. इससे देश के कुछ शहरों में पेट्रोल पहली बार 111 रुपये प्रति लीटर और डीजल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया. रांची में पेट्रोल पहली बार 97.30 और डीजल 95.83 रुपये प्रति लीटर के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया है. वहीं देश में सबसे अधिक राजस्थान के गंगानगर में पेट्रोल 114.2 रुपये पहुंच गया हैं.

### सभी जिलों के प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत एवं सहायता तत्काल उपलब्ध करायें : नीतीश

बिभा संवाददाता

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अतिवृष्टि के कारण उपजी बाढ़ की स्थिति का हवाई सर्वेक्षण कर लौटने के उपरांत 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में आपदा प्रबंधन विभाग एवं जल संसाधन विभाग के साथ समीक्षा की। समीक्षा के दौरान संबद्ध 11 जिलों- नवादा, नालंदा, पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज एवं छपरा जिले के जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुये थे।

जल संसाधन विभाग के सचिव संजीव हंस ने नदियों के जलस्तर की अद्यतन स्थिति, बाढ़ संघर्षात्मक कार्य तथा प्रभावित



क्षेत्रों में राहत एवं बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर से अधिक वषार्पात के कारण कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। साथ ही क्षेत्रों में जलजमाव की भी स्थिति बनी है। मुख्यमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर को नवादा, पटना एवं नालंदा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सड़क मार्ग के द्वारा जायजा लिया गया और उस दौरान जो निर्देश दिये गये हैं उस पर तेजी से काम किया जा रहा है।

# जर्जर हो चुके डॉ. जाकिर हुसैन पार्क का 75 घंटे में हुआ जीर्णोद्धार

बिभा संवाददता

**रांची :** शहर के बीचो-बीच स्थित डॉ. जाकिर हुसैन पार्क में अब फिर से बच्चों की खिलखिलाहट गूंजने लगी है। तरह-तरह के रंग बिरंगे झूलों पर उन्हें झूलने का मौका मिल रहा है। पार्क में बच्चों के साथ पहुंचनेवाले अभिभावकों के चेहरे पर भी मुस्कान दिखती है। बच्चों व उनके अभिभावकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए रांची जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने दिन रात मेहनत की। सिर्फ 75 घंटे में ही डॉ. जाकिर हुसैन पार्क का जीर्णोद्धार का काम किया गया है। जीर्णोद्धार के बाद यह पार्क शहरवासियों के लिए खोल दिया गया है।

हाल ही में मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को राजधानी शहर के सौंदर्यीकरण और पार्कों के उचित देखभाल का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद नगर प्राधिकरण निदेशालय, झारखंड के तहत रांची नगर निगम ने शहर के लोगों के लिए स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की है। इसके तहत 'रमनीक रांची' नामक एक समर्पित योजना भी शुरू की गई है।





पार्क को सुव्यवस्थित स्थिति में लाना एक कठिन लक्ष्य था, लेकिन हमने समय सीमा के भीतर इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक मिशन मोड पर काम किया। यह हमारे सहयोगी, सफाई कर्मचारियों एवं अन्य का संयुक्त प्रयास था। अब हम सभी को यह देखकर गर्व होता है कि अगर हम प्रतिबद्धता के साथ काम करते हैं, तो सुखद परिणाम हमारे सामने आता है।
मुकेश कुमार, नगर आयुक्त.

### खराब थी पार्क की स्थिति

मालूम हो कि डॉ. जाकिर हुसैन पार्क की स्थिति काफी खराब थी। विगत आठ वर्ष से पार्क बंद पड़ा था और देखभाल के अभाव में जहां-तहां घनी झाड़ियां उग आई थीं। पार्क में लगे झूले खराब हो चुके थे। गेट में भी जंग लगा हुआ था और जहां तहां गंदगी का अंबार था। लोगों को याद भी नहीं रहा था कि वहां कोई पार्क भी था। लेकिन, नगर निगम की टीम ने दिन- रात मेहनत कर झाड़ियों व गंदगी को साफ किया। पार्क में लगे झूलों को दुरुस्त किया गया। नये झूले भी लगाये गये हैं। पार्क में रोशनी की बेहतरीन व्यवस्था की गई है और रात में भी वह जगमगा रहा है। रंग-रोगन और नये स्वरूप में पार्क जनता को समर्पित किया जा चुका है। यह पार्क जनता के लिए है और जनसहयोग से ही यह आगे भी उपयोग में लाया जायेगा। गौरतलब है कि कोरोना की वजह से पौने दो साल से लोगों की जिंदगी में एक ठहराव आ गया था। कहीं भी आना-जाना बंद था और एक तनाव भरी जिंदगी जी रहे थें। पर, अब डॉ.जाकिर हुसैन पार्क का फिर से खुलना और उसमें लोगों की खिलखिलाहट यह बता रही है कि जिंदगी अब धीरे-धीरे फिर से सामान्य हो रही है।

## मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वेक्षण

अभय आर्या

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज एवं सारण जिले के अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के सचिव संजीव हंस, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार मौजूद थे।

हवाई सर्वेक्षण के पश्चात पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक वषार्पात के कारण अनेक जगहों पर फसल बर्बाद हुई है और लोग प्रभावित हुए हैं। कुछ दिन पूर्व 02 अक्टूबर को हमने पटना, नालंदा और नवादा जिले के प्रभावित इलाकों का सड़क मार्ग से जायजा लिया था। उन्होंने कहा कि



हमने आज वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज आदि जिलों का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया है। पहले से भी इन क्षेत्रों के जो प्रभावित इलाके हैं उनकी भी जानकारी ली है। आज हम इसी संदर्भ में सभी संबद्ध जिलों एवं विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी हमलोगों ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों का आकलन किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से फसल क्षति तथा जो फसल लगा नहीं सके उन सभी को दी जाने वाली सहायता को लेकर सबकुछ तय कर दिया गया है। सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने जिलों में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर एक-एक चीज का एसेस्मेंट किया है। इधर, फिर अधिक वषार्पात शुरू हुई है, इससे लोग प्रभावित हुए हैं। आज होने वाली बैठक के पूर्व ही हमने सभी प्रभावित जगहों का आकलन करने का निर्देश दे दिया है। उन्होंने कहा कि पहले से जो प्रभावित इलाके हैं उसके अलावा जो अब प्रभावित हुए हैं उन सबकी राहत एवं सहायता के लिए सब तरह से मदद की जाएगी। आपदा प्रबंधन को लेकर शुरू से हमलोग राहत के लिए काम करते आ रहे हैं। चार माह हम इन्हीं चीजों को लेकर पूरी तरह अलर्ट रहते हैं।

# झारखंड विस की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति ने किया रामगढ़ का दौरा

बिभा संवाददाता

**रामगढ़:** मंगलवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की सभापति सविता महतो, सदस्य बंधु तिर्की, सदस्य ममता देवी तथा सदस्य संजीव सरदार ने उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की।



रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में साइंस विषय से इंटरमीडिएट में नामांकन होने से संबंधित समिति के समक्ष आए मामले के संबंध में माननीय सभापति एवं सदस्यों के द्वारा रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ के प्रतिनिधि से जानकारी ली गई। इस दौरान समिति के द्वारा उक्त मामले पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए साइंस विषय में इंटरमीडिएट में विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित विभिन्न बीएड कॉलेज के प्रतिनिधियों को विगत 3 वर्षों में संस्थानों में अलग-अलग श्रेणियों में हुए विद्यार्थियों के नामांकन से संबंधित सूची समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान समिति के द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री वेद प्रकाश कंबोज से क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, जल संचयन के लिए बनाए गए चेक डैम, निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगाए गए वृक्ष, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जानवरों द्वारा पहुंचाई गई क्षति तथा उन्हें दिए गए लाभ आदि के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान समिति के द्वारा विगत 3 वर्षों में अलग-अलग परियोजनाओं तथा अन्य क्षेत्रों के लिए काटे गए वृक्ष तथा उनके विरुद्ध लगाए गए वृक्षों से संबंधित प्रतिवेदन समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। खनन संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए समिति के द्वारा खनन पदाधिकारी रामगढ़ से जिले में वैद्य पत्थर क्रेशर, बालू भंडारण एजेंसियों विभिन्न कोल परियोजनाओं आदि की जानकारी ली गई। इस दौरान समिति के द्वारा सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन करने एवं अवैध रूप से खनन कार्यों से जुड़े लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वही प्रदूषण संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए समिति के द्वारा क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद अशोक कुमार यादव से रामगढ़ जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहे कारखानों द्वारा दिशा निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी ली गई। इस दौरान समिति ने नियमित रूप से कारखानों का निरीक्षण करने तथा सभी दिशानिदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### ढेलवा खुट्टा दुर्गा पूजा समिति के सातवीं बार अध्यक्ष बने लक्ष्मण

**अनगड़ा:** ढेलवा खुट्टा दुर्गा पूजा समिति की बैठक मंगलवार को दुर्गा मंदिर परिसर में हुई।इस की अध्यक्षता लक्ष्मण प्रसाद सैनी ने की।बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर चर्चा हुई।कोरोना महामारी को देखते हुए इस वर्ष भी कम खर्च कर भव्य और परंपरागत तरीके से पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।पूजा के दौरान सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन हर हाल में करने का निर्णय लिया गया।इस के साथ ही समिति का पुनर्गठन भी किया गया।नवगठित पूजा समिति में सर्वसम्मति से 7वीं बार लक्ष्मण प्रसाद सैनी को अध्यक्ष बनाया गया।इस के अलावा प्रदीप कुमार सोनी को उपाध्यक्ष,ओम प्रकाश को सचिव, शशिकांत प्रसाद को सह सचिव और जयनारायण साहू को कोषाध्यक्ष चुना गया।मौके पर प्रमोद साहू,कृष्ण, ब्रजकिशोर प्रसाद, सिन्हा,अर्जुन प्रसाद वर्मा,माधु करमाली, लक्की कुमार,सोनू सिंह व सागर करमाली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सब्जी के खेत में लगे नेट में फंसा अजगर

**अनगड़ा:** बदरी गांव के एक खेत में सब्जी के बचाव के लिए लगाया गया नेट में गत रविवार से एक अजगर सांप फंसा हुआ है।ग्रामीणों ने नेट में फंसे अजगर को निकालने का हर संभव प्रयास किया,लेकिन सफलता नहीं मिली।इस की सूचना वन विभाग को दी गई है।सूचना देने के बाद भी इस का रेस्क्यू नहीं किया जा सका है।समय रहते रेस्क्यू नहीं किया गया,तो अजगर मर जाएगा।

### अपने दायित्व का निर्वहन इमानदारी पूर्वक करे सहिया : मारूफ



**इटखोरी** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी में स्वास्थ्य सहिया कि त्रैमासिक समीक्षा बैठक की गई ।बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मारूफ ने किया । बैठक मैं मुख्य रूप से बीटीटी मीना , अर्चना बबीता संजू मिश्रा अरुणा कुमारी मुन्नी सुचिता समिति उपस्थित थे । बैठक के दौरान एनीमिया की दवा किशोर किशोरियों को खिलाने , एएनसी का जांच , संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी इसके अलावे घर-घर जाकर गोल्डन कार्ड बनवाने का दिशा निर्देश दिया गया ।

## पंडाल में प्रवेश कर मां के दर्शन नहीं कर सकेंगे श्रद्धालु, उद्घाटन समारोह पर भी रोक

बिभा संवाददाता

**जमशेदपूर :** दुर्गा पूजा के दौरान इस बार श्रद्धालु पंडाल के भीतर प्रवेश कर मां की प्रतिमा के दर्शन नहीं कर सकेंगे. इसे लेकर सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के गाइड-लाइन के तहत जिला प्रशासन स्पष्ट आदेश जारी किया है. इसके तहत किसी पर थीम पर आधारित पूजा पंडाल बनाने पर रोक तो है ही, पूजा कमेटी को सुनिश्चित करना है कि पंडाल तीनों तरफ से ढ़के रहे. ताकि श्रद्धालु बिना पंडाल में घुसे बाहर से ही मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन कर निकल सके. इसे लेकर जिले के उपायुक्त सूरज कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत की. उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल के उद्घाटन समारोह पर भी रोक रहेगी. इसके अलावा पूजा के दौरान किसी भी तरह के उत्सव, तोरणद्वार बनाने और लाइटिंग की भी इजाजत कमेटियों को नहीं दी गई है. पूजा पंडाल में कमेटी के 25 से अधिक लोग नहीं रहेंगे.



### कोरोना के तीसरे लहर से बचाव जरुरी : डीसी

जिला उपायुक्त ने कहा कि कोरोना के संभावित तीसरे लहर से बचाव जरुरी है. इसके लिए सम्मिलित प्रयास करने की जरुरत है. कोरोना गाइड-लाइन का पूरी तरह से पालन हो, जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने में जुटी है.

यह भी सुनिश्चित करना होगा कि पंडाल में रहने वाले सभी लोग 18 वर्ष के उपर के हों और उनका वैक्सीनेशन हो चुका हो. पूजा के दौरान मंत्रोच्चारण के लिए लाउड स्पीकर का उपयोग हो सकता है, लेकिन अन्य किसी तरह का ऑडियो-वीडियो चलाने पर रोक रहेगी.

जिला उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक समारोह कर भोग के वितरण पर रोक रहेगी. खासकर पंडाल के पास भोग का वितरण करना मना है. हालांकि भोग बनाने की मनाही नहीं है. पूजा कमेटी के लोग भोग बनाकर घर-घर जाकर वितरण कर सकते हैं.

## निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**चतरा :** उपायुक्त अंजली यादव ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## समाजसेवी रामचंद्र दांगी व जिला परिषद सुनीता देवी का सराहनीय पहल वर्षो से जर्जर पड़े सड़क को करवाया मरम्मत



**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र मेराल पंचायत में जर्जर रोड समाजसेवी रामचंद्र दांगी और जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने अपने निजी खर्च कर जेसीबी व ट्रैक्टर से खैरा से द्वारी तक वर्षों से जर्जर पड़े सड़क का मरमति कार्य किया ।मालूम हो कि बरसात की पानी के कारण सड़क गढ़ानुमा हो गया था जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। मेराल पंचायत में लगभग 5000 लोग निवास करते हैं। हालांकी ग्रामीणों ने उक्त सड़क निर्माण को लेकर कई बार जिला प्रशासन और सरकार से मांग किया ।लेकिन आज तक उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी पंचायत वासियों के परेशानी को देखते हुए जिप सदस्य व समाजसेवी ने पहल किया वही मरमत कार्य मे ग्रामीणों ने भी भरपूर सहयोग किया मौके पर डीलर सहदेव यादव उदय यादव ,सुनील गंझु, मनोज यादव अशोक कुमार मिर्धा आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

## सभी धनी व्यक्ति खुश भले न हों लेकिन सभी खुश लोग अंदर से होते हैं धनी : डॉ नितिन मदन कुलकर्णी

बिभा संवाददाता

**रांची :** दुनिया में पैसे से जो खुशी मिलती है वो क्षणिक है. पैसे से ज्यादा जरूरी सच्चे रिश्ते हैं. मोबाइल और सोशल मीडिया आपको दोस्तों से भर देते हैं, पर वो आभासी हैं. असल रिश्ते असल जीवन में है. ये बातें डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने बतौर मुख्य वक्ता कही. वे स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग और ईएलएल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम के मौके पर विश्वविद्यालय के सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने छात्रों को लाइफ स्किल की टिप्स देते हुए कहा कि दुनिया के सभी धनी व्यक्ति खुश भले न हों, लेकिन



सभी खुश लोग अंदर से धनी होते हैं. खुश रहने के लिए तीन नियम हैं: कर सको तो बाहर की दुनिया को बदल दो. अगर दुनिया नहीं बदल सकते तो खुद को बदल लो. तालियों की गड़गड़ाहट से भरे हॉल में उन्होंने कहा कि अगर आप अपनी प्राथमिकता तय नहीं कर सकते, तो जमाना आपको प्राथमिकता नहीं देगा. उन्होंने कहा कि जो वक्त के साथ बदल जाती है ,वो है कुर्सी की ताकत. पर जो वक्त के साथ मजबूत होती है, वह है ज्ञान की ताकत. दुनिया का सबसे बड़ा रोग, क्या कहेंगे लोग पर छात्रों की तालियों से हॉल गुंजायमान था .

कुलपति ने दूसरे सत्र में स्टूडेंट्स के सवालों का जवाब भी दिया . किस ने पूछा , कितने घण्टे पढ़ना चाहिए ? के जवाब में उन्होंने कहा कि ये छात्रों की निजी क्षमता पर निर्भर करता है . अपने बॉडी क्लॉक को फॉलो करने का उन्होंने सुझाव दिया. उन्होंने छात्रों को रोज अखबार और स्तरीय पत्रिका पढ़ने का सुझाव दिया.

इस मौके पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने कहा कि अंग्रेजी विषय से समाज को नई दिशा मिल सकती है. छात्र वक्त के पाबंदी के साथ अपने विषय पर फोकस करें . ट्रांसलेशन के माध्यम से हम दुनिया को नायाब साहत्यिक तोहफा दे सकते हैं.

डीएसडब्ल्यू डॉ अशोक महतो ने छात्रों को सेमेस्टर सिस्टम के नियम , तरीके और अच्छा करने के सारे टिप्स दिए. उनको पूरी सिलेबस से रु ब रु कराया. कार्यक्रम का संचालन ई एल एल की फैक्ल्टी नम्रता झा ने किया. इस मौके पर ई एल एल के कॉर्डिनेटर डॉ विनय भरत ,डॉ गणेश चन्द्र बास्की, शिक्षिका डॉ पियूष बाला , फैक्ल्टी नम्रता झा, सौरभ मुखर्जी, दिव्या प्रिया, संजीत बारला, कर्मा कुमार, सुमित मिंज, रंजन कुमार, अनामिका झा मौजूद थे.

## उग्रवादी साथियों से मतभेद के बाद टीम छोड़कर भागा पीएलएफआइ सदस्य गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

**खूंटी:** पीएलएफआइ प्रमुख दिनेश गोप के टीम के सदस्य कुख्यात मनीष गोप उर्फ महेश्वर गोप को सोमवार को गुमला से गिरफ्तार कर लिया. एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार शाम आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दिनेश गोप, राजेश गोप उर्फ तिलोश्वर और दस्ते के अन्य सदस्यों से मतभेद और नाराजगी के कारण मनीष गोप टीम को छोड़कर भाग गया है. उसके साथ पीएलएफआइ के अन्य उग्रवादियों ने मारपीट भी की थी. इसके बाद मनीष गोप उर्फ महेश्वर गोप दस्ता छोड़कर भाग गया है.

उक्त सूचना के सत्यापन के बाद खूंटी पुलिस टीम द्वारा गुमला पुलिस के सहयोग से संदिग्ध स्थलों पर छापामारी की गयी और इसे गुमला से गिरफ्तार कर लिया गया. मनीष गोप उर्फ महेश्वर गोप पिता नन्द गोप, बड़का रेगरे तेतरटोली, थाना-जरियागढ़, खूंटी का रहने वाला है. एसपी ने बताया कि अपने स्वीकारोक्ति बयान में गिरफ्तार



पीएलएलएफआई दस्ता सदस्य मनीष गोप उर्फ महेश्वर गोप ने कहा कि पुलिस के साथ दिनांक-17 दिसंबर 2020 को को बांदू में हुई मुठभेड़, जिसमें पीएलएफआई सदस्य सोनु सिंह नालंदा, बिहार मारा गया था, उसमें वह शामिल था. इसके अलावा 18 मई 2021 को डिगरी पेराय टोली में हुई मुठभेड़, 26 जून 21 को जतरमा में हुई मुठभेड़, 16 जुलाई 21 को बड़ाकेसल में हुई मुठभेड़, जिसमें पीएलएफआई कमाण्डर शनिचर सुरीन मारा गया था और 27 सितंबर 21 को बुढ़-तुमरूंग जंगल में हुई मुठभेड़ में भी मनीष शामिल था. इन सभी मुठभेड़ों में उसके द्वारा भी पुलिस पर फायरिंग की गई थी.

## सांसद ने पांच ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस व दो शव वाहन सौंपा

बिभा संवाददाता

**घाटशिला:** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने अपनी सांसद निधि से कोविड 19 की संभवित तीसरी लहर को देखते हुए अपने संसदीय क्षेत्र में ऑक्सीजन युक्त पांच एंबुलेंस और दो शव वाहन अपने क्षेत्र में देने की घोषणा की थी. मंगलवार को एंबुलेंस बहरागोड़ा लायी गयी. सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा इसके पूर्व कविड 19 के प्रथम चरण में अपने संसदीय क्षेत्र में अपनी निधि से ऑक्सीजन युक्त आठ एंबुलेंस दी थी. थर्ड लहर देखते हुए पांच एंबुलेंस व दो शव वाहन क्षेत्र में दिये गये हैं. इससे संसदीय क्षेत्र के लोगों स्वास्थ्य समस्याओं को निजात मिलेगी. बेहतर चिकित्सा के लिए बाहर जा सकते हैं. मौके पर सांसद के साथ युवा समाजसेवी कुणाल महतो, चंडी चरण साहू, गौरव पुष्टि, संजय पहराज, चंदन सीट, दिलीप साहु, कमल आचार्य, शाम दे, हालदार सीट, झूमरा सिंह, तपन पैरा आदि मौजूद थे.




## लखीमपुर की घटना के खिलाफ झामुमो ने निकाला कैंडल मार्च

**जमशेदपूर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार जिला समिति की ओर से देशव्यापी किसान आंदोलन के क्रम में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 4 किसान सहित 8 लोगों की निर्मम हत्या की घटना के खिलाफ मंगलवार को साकची गोलचक्कर पर कैंडल मार्च निकाला गया. इस दारान झामुमो ने देश के अन्नदाता के प्रति केंद्र सरकार की हठ धर्मिता के खिलाफ विरोध प्रदर्शित किया. कैंडल मार्च में पूर्व सांसद सुमन महतो, केंद्र सचिव शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, वीर सिंह सुरेन, महावीर मुर्मू, अहमद पूर्ती, अरुण प्रसाद, सागेन पूर्ती, ,श्यामल रंजन सरकार, गुरमीत सिंह गिल, अरुण कुमार प्रसाद, प्रीतम हेम्ब्रम, नन्टु सरकार, लव सरदार, राजा सिंह, सोनू हेम्ब्रम, अरूण मुर्मू, कृष्णा कामत, मो समद, रंजीत सिंह, पप्पू उपाध्याय, डी राकेश राव, पिंटू लाल, हीरामनी मुर्मू, नीता सरकार, झरना पाल आदि शामिल हुए.

## कुब्बा में होगा नाइट वालीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

बिभा संवाददाता

**पत्थलगड़ा:** प्रखण्ड क्षेत्र के कुब्बा कौलेश्वरी मंदिर प्रांगण में आगामी 8 अक्टूबर 2021 को वालीबॉल आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज दाँगी, सचिव रवि दाँगी व कोषाध्यक्ष अरविंद दाँगी संचालक विवेक कुमार है। आयोजन समिति के प्रवक्ता सूरज कुमार कुशवाहा ने बताया की ये आयोजन का ये दूसरा वर्ष है और अभी तक इस टूरनामेंट हजारीबाग, चौपारण, सिमरिया, गिद्धौर, चतरा आदि स्थानों से अभी तक लगभग दो दर्जन टीम



भाग ले चुके है। इस आयोजन में भाग लेने वाले टीम के भोजन का प्रबन्ध किया गया है, प्रवक्ता ने कहा कि उद्घाटन समारोह मैं कई दिग्गज नेता व स्थानीय राजनीतिक दल शामिल रहेंगे। इस आयोजन में सक्रिय सदस्य विकास दाँगी, बसंत दाँगी, बुधिजीवि ज्ञानी राम दाँगी, तारकेश्वर दाँगी, सुमन कुमार, मुकेश दाँगी व अन्य लोगो का अहम भूमिका हैं ।

## आरिद में विजाशाल के 650 पौधे भारत सरकार वन उत्पादकता संस्थान के लगाया



**बुढ़मू :** मंगलवार को बुढ़मू प्रखंड के सारले पंचायत के आरिद में वन उत्पादकता संस्थान भारत सरकार के द्वारा एक हेक्टेयर में 650 विजाशाल (पैसार) का पौधा लगाया गया। उक्त पौधा सरकार के द्वारा युगल किशोर महतो के भुमी में पौधरोपण किया गया। पौधे की देखरेख एवं सुरक्षा किसान की होगी। तथा पौधे के उर्वरक भारत सरकार देगी। विजाशाल (पैसार) के 21 जगहो के बीज से पौधे को तैयार किया गया है। और इस 3 प्रतिकृति पौधे को विभाजित किया गया है। उत्पादन के बाद उन्नत किस्म का पौधा का चयन होगा। इस पौध रोपण के लिए विभाग के डाक्टर योगेश्वर मिश्रा, ग्रुप कोडिनेटर आफ रिसर्च, वन उत्पादकता संस्थान रांची, भारत सरकार के द्वारा बताया गया कि यह पौधा औषधि गुणों से भरा है। इससे मधुमेह, ब्लड प्रेशर आदि रोग में कारगर लाभकारी है। इसका उपयोग के बारे में कहा गया कि विजाशाल (पैसार) के लकड़ी से बने बॉल (ग्लास) में रखे पानी के सेवन करने से रोगी को लाभ होगा। मौके पर महेश कुमार वरिष्ठ तकनीकी ,अतुल कुमार सुमन, प्रशीष शर्मा, सुरेश महतो एवं किसान उपस्थित थे।

## मक्का पंचायत के वार्ड 13 की दो जल मीनार एक वर्ष से खराब, मरमती का मांग कर रहे ग्रामीण



**बुढ़मू :** मंगलवार को बुढ़मू प्रखंड के मक्का पंचायत अंतर्गत इंचापीरी गांव के वार्ड नंबर 13 में दो जल मीनार एक वर्ष से खराब हो गया है। ग्रामीणो की जल समस्या बड़ गई है। महिलाऐ दुसरे गांव से जलापूर्ति करते हैं। समस्या को लेकर वार्ड संख्या 13 की सदस्या माजदा खातून एवं उनके प्रतिनिधि युनूस खान ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नर्मता जोशी और मक्का मुखिया से जल मीनार के मरम्मती के लिए गुहार लगाया है। मौके पर जल मीनार से जल भरने वाली ग्रामीण महिला उपस्थित थे।

## अमृत महोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित



**तमाड़।** प्रखंड के डोडिया मोड़ स्थित आंगनबाडी केंद्र में अमृत महोत्सव के अवसर पर कई जरूरतमंद लोगों की समस्याएं सुनी गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डालसा के लोग जनहित समस्याओं को लेकर एक्टिव है। लोगो कि समस्याओं को प्रखंड पर रख समाधान करने की कोशिश करते है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी मिलकर अंतिम पक्ती में बैठे गरीब तबके के लोगों को लाभ पहुंचाने की प्रयत्न कर रहे है। इस दौरान उन्होंने बताया कि आप लोग जागरुक बने जीरो किलोमीटर पर स्थित प्रखंड कार्यालय आकर अपनी समस्याओ को रखे। इसके लिए समय सीमा की कोई पाबंदी नहीं है। मौके पर पीएलभी सदस्य अनिमा मल्लिक ने सरकार की कुछ महत्पूर्ण योजना की जानकारी दिया। समाजसेवी नंदा नायक ने बीमा सबंधित जानकारी बिस्तार से दिए। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**अनगड़ा:** पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन गेतलसूद मैदान में आयोजित किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हो गया। जिसका शुभारंभ प्रथम दिन के मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व पुर्व भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत कि गई। प्रथम दिन का मुकाबला इरबा एंव बुढा सरई के बीच खेला गया।जिसमे इरबा की टीम जीरो एक से हार गई। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए जैलेंद्र कुमार ने कहा कि छोटे छोटे प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है जो आगे चलकर श्रेत्र का नाम रोशन करते हैं। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप मुंडा, सचिन बिट्टू लोहार,दीपक मुण्डा,अनिल मुंडा,सूरज नायक,आदि उपस्थित थे।

## विधायक किशुन कुमार दास पहुंचे दशगात्र कार्यक्रम में दी श्रद्धांजलि



**इटखोरी :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास इटखोरी निवासी अनू ठाकुर की धर्म पत्नी सत्या देवी के दशगात्र कार्यक्रम में उपस्थित हुवे और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया । विधायक समेत अन्य ने उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया ।इस दशगात्र कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह जीप सदस्य दिलीप साव कुमार यशवंत नारायण सिंह डॉ दुलार हजाम रतन शर्मा जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह मंत्री सतीश कुमार सिंह रामदहीन सिंह विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह मंडल महामंत्री शिव कुमार राणा भाजपा नेता कैलाश सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य रामकुमार सिंह ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र राम जिला विधायक प्रतिनिधि सुधीर राय विधायक प्रतिनिधि ब्रह्मदेव यादव एम के ऋषि विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह किसान मोर्चा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह जी मंत्री अनुज अनुज जी भाजपा नेता प्रवीण सिंह उप मुखिया गुड्डू अर्जुन ठाकुर सतेंद्र गिरी समेत अन्य उपस्थित थे ।

## एक नजर

### हाइकोर्ट में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य पर 9-17 अक्टूबर तक अवकाश

**रांची:** दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ को लेकर झारखंड हाईकोर्ट के अवकाश की घोषणा हो चुकी है. ऐसे में हाईकोर्ट 9 से 17 अक्टूबर तक बंद रहेगा. इससे पहले बुधवार को महालया के उपलक्ष्य पर हाईकोर्ट दोपहर के बैठेगा. फर्स्ट हाफ में कोई सुनवाई नहीं होगी. वहीं दीवाली और छठ पूजा के लिए कोर्ट 4-10 नवम्बर तक बंद रहेगा. इससे पहले एक अक्टूबर को ही सिविल कोर्ट में दुर्गा पूजा, दीपावली, कोजागरा, चेहल्लुम, काली पूजा, चित्रगुप्त पूजा एवं छठ पूजा को लेकर वार्षिक अवकाश घोषित हो गया था. सिविल कोर्ट 12 अक्तूबर से 12 नवंबर तक बंद रहेगा. इसके बाद 13 नवंबर को कोर्ट सामान्य रूप से खुलेगा. इस बीच आपराधिक मामलों की सुनवाई आंशिक रूप से जारी रहेगी. इसके साथ ही जमानत याचिका व अग्रिम जमानत याचिका के साथ अर्जेंट मैटर की सुनवाई पीठासीन पदाधिकारियों की अदालत में हो सकेगी.

### एसीबी ने घूस लेते सर्किल इंस्पेक्टर के मुंशी को किया गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी रांची में पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं. आज सर्किल इंस्पेक्टर के मुंशी को एसीबी की टीम ने घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार मुंशी का नाम राकेश है और वह पलामू जिला का रहने वाला है. एसीबी की टीम को जानकारी मिली थी कि सदर पश्चिमी में पोस्टेड सर्किल इंस्पेक्टर मनोज पांडे का मुंशी एक आदमी से रिश्वत के रूप में पैसे की डिमांड करता है. इसी मामले की जांच एसीबी की टीम ने करते हुए आज सुबह 11:30 बजे मुंशी राकेश को गिरफ्तार कर लिया. एसीबी की टीम मुंशी से पूछताछ कर रही है और यह जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है कि अब तक उसने कितने लोगों से रिश्वत ली है साथ ही रिश्वत लेने की वजह भी जानने का प्रयास कर रही है.

### बीआईटी का 31 वां दीक्षांत समारोह आज

**रांची :** बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का 31 वां दीक्षांत समारोह कल होगा. इसमें 35 गोल्ड मेडलिस्ट सहित 6555 स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की जायेगी. इन्हें यह डिग्री समारोह के मुख्य अतिथि केंद्र सरकार के प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर पद्मश्री डॉ के विजय राघव देंगे. समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल रमेश बैस करेंगे. विशिष्ट अतिथि बीआइटी मेसरा के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष केसी बिड़ला होंगे. ऑनलाइन होनेवाले इस दीक्षांत समारोह का लिंक जारी कर दिया गया है. समारोह में सत्र 2016-2020 और सत्र 2017-2021 के यूजी, पीजी, पीएचडी और डिप्लोमा में सफल 6555 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी. इसमें सत्र 2020 के विभिन्न कोर्स से पासआउट करीब 3499 और 2021 सत्र के 3056 विद्यार्थी शामिल हैं. इसके अलावा 35 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा. गोल्ड मेडल के लिए सत्र 2020 से 17 और सत्र 2021 के 18 विद्यार्थी चिन्हित किये गये हैं.

# रोक के बावजूद नगर आयुक्त ने लागू कर दी जल संयोजन की नयी नियमावली : मेयर

बिभा संवाददाता

**रांची :** मेयर आशा लकड़ा ने कहा है कि नगर आयुक्त मुकेश कुमार ने रांची नगर निगम परिषद से स्वीकृति लिए बिना ही झारखंड नगरपालिका जल कार्य, जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमावली-2020 को लागू कर दिया है. वहीं इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने को लेकर पत्र भी जारी कर दिया है.

मेयर ने नगर आयुक्त के इस निर्णय पर आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि 27 व 30 सितंबर को रांची नगर निगम परिषद की बैठक में नगर आयुक्त द्वारा शामिल किए गए इस प्रस्ताव का सभी पार्षदों ने विरोध किया था.

वहीं उन्होंने पूर्व में नगर आयुक्त को पत्राचार कर राज्य सरकार के अधिसूचना को परिषद की बैठक में उपस्थापित करने पर रोक लगाई थी. फिर भी नगर आयुक्त ने बिना अनुमति इस प्रस्ताव को परिषद की बैठक में लाया.

मेयर ने कहा कि सोमवार को नगर



आयुक्त ने राज्य सरकार की इस अधिसूचना को लागू करने से संबंधित पत्र की प्रतिलिपि भेजी है जिस पर उन्होंने 22 सितंबर 2021 को हस्ताक्षर किया है और 24 सितंबर 2021 को इस अधिसूचना को जारी किया गया है. इतना ही नहीं जारी पत्र की प्रति 4 अक्टूबर को मेयर आफिस को भेजी गई है.

नगर आयुक्त के इस पत्र से यह प्रतीत है कि उन्होंने परिषद की बैठक से पूर्व ही राज्य सरकार के इस अधिसूचना को लागू करने का निर्णय ले लिया था.

**2016 में ये था चार्ज**
डॉमेस्टिक : 6 रुपये प्रति किलोलीटर
संस्थान/सरकारी संस्थान : 10 रुपये प्रति किलोलीटर
कामर्शियल : 15 रुपये प्रति किलोलीटर

**कनेक्शन की निर्धारित राशि**

**होल्डिंग के साथ**
100 वर्गमीटर तक : 350 रुपये
101-200 वर्ग मीटर : 650 रुपये
201-400 वर्ग मीटर : 850 रुपये
401 वर्ग मीटर से अधिक : 1150 रुपये

**बिना होल्डिंग के**
100 वर्ग मीटर : 2350 रुपये
101-200 वर्ग मीटर : 2650 रुपये
201-400 वर्ग मीटर : 2850 रुपये
401 वर्ग मीटर से अधिक : 3150 रुपये
अवैध वाटर कनेक्शन को वैध कराने के लिए निर्धारित राशि : 01 हजार रुपये

### नई नियमावली के तहत निर्धारित शुल्क

**डोमेस्टिक**
1000 वर्ग फीट तक : 7,000 रुपये
1001-3000 वर्गफीट तक : 14,000 रुपये
3001-5000 वर्गफीट तक : 28,000 रुपये
5001 वर्गफीट से अधिक के लिए : 42,000 रुपये

**संस्थान/सरकारी संस्थान :**
बिल्ट अप एरिया के आधार पर : 26 रुपये प्रति वर्ग फीट

**कामर्शियल कनेक्शन**
बिल्ट अप एरिया के आधार पर : 26 रुपये प्रति वर्गफीट
**इंडस्ट्रियल कनेक्शन :** बिल्ट अप एरिया के आधार पर : 26 रुपये प्रति वर्गफीट

### नई नियमावली में किए गए अन्य प्रावधान

1. दो माह तक जल शुल्क का भुगतान नहीं करने पर 1.5 प्रतिशत ब्याज के साथ मासिक जल शुल्क का भुगतान करना होगा.
2. 6 माह तक जल शुल्क का भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ता का वाटर कनेक्शन बाधित कर दिया जाएगा. साथ ही बकाया राशि दोगुनी दर से वसूल की जाएगी. उपभोक्ता को नया वाटर कनेक्शन लेना होगा.
3. अवैध वाटर कनेक्शन को वैध कराने के लिए आवासीय उपभोक्ता को 4 हजार व गैर घरेलू उपभोक्ता/औद्योगिक/वाणिज्यिक, संस्थान/सरकारी संस्थान के उपभोक्ता को 10 हजार रुपये जुर्माना का भुगतान करना होगा.

नगर आयुक्त के इस आदेश से अब शहरवासियों को नए दर से वाटर यूजर चार्ज व वाटर कनेक्शन चार्ज का भुगतान करना होगा. आवासीय के लिए 7,000 व टैक्स 9 रुपये प्रति हजार लीटर की दर से भुगतान करना होगा. इससे शहर की आम जनता पर बोझ बढ़ेगा.

मेयर ने कहा कि राज्य सरकार अपना कोष भरने के लिए नई नियमावली को थोपने का प्रयास कर रही है. केंद्र सरकार हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए राज्य को करोड़ों रुपए का फंड आवंटित कर रही है. दूसरी ओर राज्य सरकार चार्ज बढ़ाकर बोझ डाल रही है.

## स्व कैलाशपति मिश्र एक महान संगठन कर्ता थे : दीपक प्रकाश



**रांची :** आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के भीष्म पितामह के नाम से विख्यात कैलाशपति मिश्र की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि कैलाशपति मिश्र एक महान संगठनकर्ता थे। उन्होंने पार्टी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने जीवन भर पार्टी के विचारों और कार्यक्रमो को जन जन तक पहुचाने की चिंता की। नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कैलाशपति मिश्र जी के प्रेरणा से भाजपा आगे बढ़ती गई और उन्होंने राजनीतिक स्तर पर एक समृद्ध पीढ़ी तैयार किया। कहा कि जनजाति समाज के बीच पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में स्व मिश्र का अद्वितीय योगदान रहा है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के जिस रास्ते पर चलकर राष्ट्र के समक्ष अपनी मजबूती को परिलक्षित कर रहा है, उसका आधार कैलाशपति मिश्र जैसे शिल्पकारों का समर्पण है। संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कैलाशपति मिश्र जैसे पुरोधा के अथक परिश्रम एवं संपूर्ण समर्पण का यह परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विशाल वटवृक्ष का स्वरूप ले रही है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, महापौर आशा लकड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक बंका,कार्यालय मंत्री हेमन्त दास, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, अमित सिंह,एससी मोर्चा अध्यक्ष विधायक अमर बाउरी,सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, राहुल अवस्थी किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ,संजय जायसवाल, विनय जायसवाल, सोना खान, सहित कई उपस्थित थे।

# अपात्र व्यक्ति 30 तक अपना राशन कार्ड करें सरेंडर: उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची जिला में वैसे व्यक्ति जिन्होंने अपात्र होते हुए भी अपना राशन कार्ड बनवा रखा है, वो जल्द से जल्द अपना राशन कार्ड जमा कर दें. नहीं तो ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की जायेगी. रांची डीसी छवि रंजन ने खाद्य आपूर्ति संबंधी समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिये.

समाहरणालय स्थित डीसी सभागर में आयोजित बैठक में डीसी छवि रंजन ने कहा कि वैसे लोग जिन्होंने अपात्र होते हुए भी अपना राशन कार्ड बना रखा है, उनके पास 30 अक्टूबर, 2021 तक का समय है. निर्धारित तिथि से पहले वैसे व्यक्ति अपना राशन कार्ड



जिला आपूर्ति कार्यालय में जमा कर सकते हैं. साथ ही कहा कि इसके बाद ऐसे लोगों को चिह्नित कर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी.

डीसी श्री रंजन ने कहा कि जो लोग स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड सरेंडर करेंगे उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया जायेग. कहा कि आवश्यक है कि जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिले. जो भी व्यक्ति संपन्न हैं और राशन कार्ड का लाभ ले रहे हैं वो अपना राशन कार्ड स्वेच्छा से जिला आपूर्ति कार्यालय में जमा कर दें, नहीं तो जिला प्रशासन द्वारा वसूली और कानूनी कार्रवाई की जायेगी.

बैठक के दौरान डीसी श्री रंजन ने सोना-सोबरन धोती, लुंगी एवं साड़ी वितरण योजना की समीक्षा की. उन्होंने सरकारी प्रयोगशाला से जांच के बाद विशिष्टयों के आधार पर आपूर्ति की गयी धोती, लुंगी एवं साड़ी का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. पंचायत/वार्ड स्तर पर पूर्व निर्धारित तिथि पर समारोह के माध्यम से लाभुकों के बीच सामग्री का वितरण किया जायेगा. साथ ही तिथि एवं समय/स्थल की सूचना सभी जन प्रतिनिधियों को देते हुए 15 नवंबर, 2021 तक वितरण करना सुनिश्चित करें. बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग, सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे.

### 100 प्रखंडों में नरेगा सहायता केंद्र स्थापित करने पर विचार

**रांची:** मनरेगा के सफल संचालन को लेकर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने नागर समाज संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर संचालित योजनाओं की समीक्षा की. मनरेगा आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, नागरिकों की सहायता करने, अधिकारों के प्रति जागरूक करने, शिकायतों के समय पर निपटारा सुनिश्चित करने और मनरेगा सहित अन्य योजनाओं को धरातल पर और प्रभावी करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है. नागर समाज संगठनों के संयुक्त प्रयासों से 100 प्रखंडों मे नरेगा सहायता केंद्रों की स्थापना की संभावना पर चर्चा के लिए नागर समाज संगठनों का एक प्रतिनिधि मंडल मनरेगा आयुक्त से मिला.

## धरने पर बैठे सहायक पुलिसकर्मियों ने डोनेट किया 200 यूनिट ब्लड

**रांची:** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मी पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे है. इस दौरान उनका आंदोलन जारी है. वहीं सरकार से मांग कर रहे हैं कि वे उनके साथ बैठकर समस्याएं सुनें. लेकिन सरकार



की ओर से कोई पहल नहीं होने से वे निराश हैं. इसके बावजूद बुधवार को धरने पर बैठे सैकड़ों सहायक पुलिसकर्मियों ने मानवता का परिचय देते हुए ब्लड डोनेट किया. जिससे कि रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को समय पर खून मिल सकेगा. देर शाम तक कैंप में 200 से अधिक यूनिट उन्होंने ब्लड डोनेट कर दिया था. बताते चलें कि रिम्स ब्लड बैंक और टीम प्रन्यास की ओर से इस ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया था. जिसमें धरने पर बैठे सहायक पुलिसकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. रिम्स ब्लड बैंक के डॉ केके सिंह ने बताया कि यह बड़ी उपलब्धि है. लोगों को खुद से इसके लिए आगे आना होगा तभी खून की किल्लत दूर होगी. वहीं डॉ चंद्रभूषण ने कहा कि सभी का उत्साह देखते हुए कैंप का समय 8 बजे रात तक कर दिया गया है जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोग डोनेट कर सकें.

## झारखंड प्रदेश महिला सेवादल की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न




बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला सेवादल की अध्यक्ष फुलजेंसिया बिलुंग की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन, रांची में प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय सेवादल के पदाधिकारी और झारखंड सेवादल के प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा, प्रदेश सेवादल अध्यक्ष नेली नाथन उपस्थित हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की विस्तार एवं आगे की कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक का संचालन प्रदेश सेवादल के प्रदेश सचिव चन्द्र रश्मि पिंगुवा ने की। अखिल भारतीय सेवादल के पदाधिकारी और झारखंड सेवादल के प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में ही नहीं पूरे विश्व में सन 1885 से ही गरीब, दलित, पीछड़ों एवं अंतिम छोड में रहने वाले की सहायता के लिए कार्य करती हा रही है। कांग्रेस जुल्म के खिलाफ, इंसानियत के लिए समानता के लिए, समता के लिए हमेशा काम की है ताकि देश की विकास सबका योगदान मिले। आज भाजपा और आरएसएस देश में नफरत फैलाकर देश को बांटने का काम करे रहे है। देश में प्रेम, सदभाव को कायम रखने के लिए कांग्रेस सेवादल को मजबूती के साथ आगे आना होगा। कांग्रेस हमेशा देश के विकास के लिए राजनीति की है।

# झामुमो ने की कोल इंडिया के 25 करोड़ तक के टेंडर में स्थानीय विस्थापितों को मौका दिये जाने की मांग

बिभा संवाददाता

**रांची:** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की मंगलवार को गेस्ट हाउस, मोरहाबादी में बैठक हुई. झामुमो से संबद्ध इस यूनियन के बैठक की अध्यक्षता पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन ने की. मौके पर शिबू ने कहा कि केंद्र सरकार निजीकरण की ओर बढ़ रही है. केंद्र सरकार ने कॉमर्शियल माइनिंग के लिये 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति दी है. सार्वजनिक क्षेत्र के कोल इंडिया में कोई एफडीआई नहीं होगा.

केंद्र की मंशा संदिग्ध है. इससे कोल इंडिया की इकाईयों के सामने वजूद का संकट खड़ा होने को है. माइनिंग के कारण विस्थापन की समस्या से जूझ रहे लोगों के भविष्य की चिंता केंद्र को नहीं है.

कोल इंडिया में वैकल्पिक रोजगार के तहत पहल की जानी चाहिये. 25 करोड़ तक के ठेके में विस्थापितों, प्रभावितों को मौका मिले. बैठक में यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष और




विधायक मथुरा प्रसाद महतो, फागु बेसरा, योगेंद्र प्रसाद महतो, शशांक शेखर भोक्ता सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे.

कोलियरी मजदूर यूनियन ने कोल इंडिया में सभी तरह की ट्रेनिंग, टेक्निकल माइनिंग, अप्रेंटिस, ओवरमैन, चालक आदि के ट्रेनिंग में स्थानीय विस्थापितों, प्रभावितों को मौका दिये जाने की मांग की. गैर मजरूआ सरकारी बंदोबस्ती भूमि के बदले नौकरी एवं मुआवजा के संबंध में उत्पन्न विवाद को सुलझाने को यूनियन सीएम हेमंत सोरेन से अपील करेगा.

राज्य में सीबीटी एक्ट 1957 एवं भू-अर्जन पुनर्वास कानून 2013 के तहत खनन किये गये भूमि को पूर्व की भांति समतल कर मूल रैयतों को वापस किये जाने के भी विषय पर चर्चा हुई. गैर मजरूआ बंदोबस्ती भूमि को गलत ढंग से संदेहात्मक जमाबंदी घोषित कर रद्द किया गया है. परियोजना स्तर पर भौतिक सत्यापन कर 30 वर्षों से कायम दखल कब्जा एवं जमाबंदी रैयतों को नौकरी एवं मुआवजा दिये जाने की भी मांग उठी. यूनियन ने चिंता जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों के अधिकार और लाभ से संबंधित प्रावधानों को खत्म करने पर तुली है. 44 श्रम कानूनों को निरस्त करने की साजिश इसी का प्रमाण है. इससे नियोक्ताओं को अपने कर्मियों को अपनी मनमर्जी से हटाने, रखने का अधिकार मिल जायेगा.

## पथरकोचा बस्तीवासियों के पुनर्वास के लिए पहल करेगी भाजपा: दीपक प्रकाश



**रांची :** बिरसा चौक स्थित पत्थर कोचा के लगभग 300 महिला-पुरुष भाजपा कार्यालय पहुँचकर प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाए।पथरकोचा वासियों ने श्री प्रकाश से कहा कि बस्ती में 250 से अधिक घरों में लगभग 50 वर्षों से उक्त स्थान पर रहते आ रहे है। सभी का बिजली और पानी कनेक्शन भी है,जिसका विधिवत बिल देते आ रहे है। उनलोगों ने श्री प्रकाश से अपना आशियाना बचाने का आग्रह करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा पुनर्वास की नीति पर कार्य करती है।किसी की आशियाना उजाड़ने से पहले उसको बसाया जाना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे रेलवे के अधिकारियों से बात कर इसका हल निकालने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू,डॉ प्रदीप वर्मा,सुबोध सिंह गुड्डू,दिपक बंका, हेमन्त दास,शिवपूजन पाठक,अशोक बड़ाईक, अमित कुमार, राहुल अवस्थी सहित कई उपस्थित थे। पुनिलाल महली, विनोद लोहरा, बिंदेश्वर महली,कल्पना देवी, सुकरमणि देवी, सोनी देवी, विणा देवी के नेतृत्व में लगभग 300 लोगो ने मुलाकात किया।

## झारखंड की 52 वर्षीय मॉम दुबई में सौंदर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने सपनों को देंगी नई उड़ान

बिभा संवाददाता

**रांची:** शशि संगीता बारा जमशेदपुर के एलएमओ में सरकारी कर्मचारी, एलएमओ, के रूप में कार्यरत हैं। उनका जन्म और परवरिश रांची में हुई। अब वह दुबई में हॉट मोंडे मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड 2020 के फिनाले में रैंप पर वॉक करती नजर आएंगी। यह सौंदर्य प्रतियोगिता दुबई में 19 अक्टूबर, 2021 को आयोजित की जाएगी।

वह झारखंड से शॉर्ट लिस्ट की गई एकमात्र उम्मीदवार है। वह न केवल हमारे राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी, बल्कि राज्य का आदिवासी नृत्या छाऊ डांस भी इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर पेश करेंगी।

शशि (52 वर्ष) का चयन करीब 25 हजार उम्मीदवारों में से किया गया। वह फाइनलिस्ट्स में सबसे ज्यादा उम्र की हैं।

इस अवसर पर शशि संगीता बारा ने



कहा, अब कनाडा के वेंकूवर में अपनी नई जॉब में व्यस्त मेरा बेटा आकाश (23) मेरे फिनाले के लिए बहुत उत्साहित है। उनका कहना है कि यह सब कुछ कुछ उनके लिए बहुत ही खास है। बहुत सारे बच्चों को अपनी जिंदगी में ऐसे पल देखने और उन्हें एन्जॉय करने का अवसर नहीं मिलता।

इस प्रतियोगिता में दुनिया भर की 23 से लेकर 55 वर्ष के आयुवर्ग की सभी भारतीय विवाहित महिलाएं भाग ले सकती हैं।

उन्होंने कहा, मैंने अपने परिवार और दोस्तों की मदद से इस सौंदर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवेदन किया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इंटरनेशनल लेवल की सौंदर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लूंगी। मैं हमेशा से समाज के साधनविहीन तथा गरीब लोगों और महिलाओं की सेवा करना चाहती थी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती थी। यह कॉन्टेस्ट एक ऐसे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म में से एक था, जिसने मुझे उन लोगों से जुड़ने और रूबरू होने का मौका

**झारखंड निवासी महिला के 23 वर्ष के बेटे आकाश टिर्की, कनाडा के वेंकूवर स्थित डेलॉइट में माइनिंग इंजीनियर हैं। वह अपनी मां के सपनों को पूरा होते देखने के लिए काफी उत्सुक हैं**

दिया। सौंदर्य प्रतियोगिता के दौरान मुझे बहुत सी चीजों को जाने-समझने का मौका मिला, जो मेरे सीखने के यादगार अनुभव का एक हिस्सा बन गई।

उन्होंने आगे कहा, प्रमुख सैलून ब्रांड और स्टाइलिस्ट्स की ओर से ग्रूमिंग सेशन आयोजित किए गए। हमने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहकर कई सेशन में भाग लिया। कोरोना काल में यह सबसे प्रभावशाली टूल बनकर उभरा। मुझे अपने विचारों और सुझावों को एक बड़ी आडियंस के सामने पेश करने का मौका मिला।

## पौधारोपण कर मनाई गई जन्मोत्सव

बिभा संवाददाता

**रांची :** छात्र क्लब ग्रुप के स्वयंसेवक परी, अमन एवं सुमित कुमार के जन्म दिवस के अवसर पौधारोपण कर पर्यावरण उत्सव मनाई गई। इस मौके पर कोकर, धुर्वा एवं मधुकम में छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम का आयोजन छात्र क्लब पर्यावरण मंच के तत्वावधान में एवं क्लब के संरक्षक अमित कुमार साहू के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।अमित कुमार साहू ने लोगों से अपील किया जन्म दिवस याअन्य उत्सव में स्वच्छ जलवायु के लिए के पौधारोपण करें वही शिव किशोर शर्मा ने लोगों से अपील किया गृहप्रवेश,शादी की सालगिरह, जन्म दिवस या अन्य उत्सव में फ्री मेडिकल का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य जांच करें और पुण्य



के भागी बने। कार्यक्रम के आखिरी चरण में गरीब, जरूरतमंद लोगों के बीच मास्क, सैनिटाइजर, बैंडेज, डिटॉल आदि सुरक्षा किट एवं पौष्टिक भोजन वितरण की गई। इस मौके पर क्लब के संस्थापक अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक महेश चंद्रा, संयोजक संतोष कुमार,पूनम देवी,बबली देवी पूनम जायसवाल सुबोध कुमार,रविंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## गोपाल प्रसाद साहू बने प्रदेश कांग्रेस कमिटी का कोषाध्यक्ष

**रांची:** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गोपाल प्रसाद साहू को प्रदेश कांग्रेस कमिटी का पुनः कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है तथा कांग्रेस सदस्यता अभियान 2018-22 के लिए रामाश्रय प्रसाद को प्रभारी एवं मदन मोहन शर्मा को सह-प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता



राकेश सिन्हा ने बताया कि गोपाल प्रसाद साहू 2013 से लगातार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कोषाध्यक्ष रहे हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि श्री रामाश्रय प्रसाद छात्र जीवन से हीं कांग्रेस के सक्रिय रहे हैं। 1967-69 में बिहार राज्य अन्तर्गत युवा कांग्रेस के सचिव, 1970-72 में सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष, 1976-77 में सिंहभूम जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रहे, अलग झारखण्ड राज्य में 2000 में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के प्रथम अध्यक्ष बने, 2005 में पूर्वी सिंहभूम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे हैं। साथ हीं पूर्व में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव तथा कांग्रेस सदस्यता अभियान के सह-प्रभारी भी रह चुके हैं। श्री मदन मोहन शर्मा वर्तमान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य के पद पर हैं तथा पूर्व में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव व प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी रह चुके हैं।

# सादगीपूर्ण ढंग से मनायी जाएगी अग्रोहा नरेश अग्रसेन जी महाराज की 5145 वीं जयंती

धनबाद (बिभा संवाददाता)। झरिया, अग्रोहा नरेश महाराजा अग्रसेन की 5145वीं जयंती झरिया मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट कोरोना का ध्यान रखते हुए सादगीपूर्ण ढंग से मनाएगा ।

जानकारी देते हुए मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के संयुक्त सचिव विनोद अग्रवाल ने बताया कि, ÷आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को सादगीपूर्ण ढंग से महाराजा अग्रसेन जी की जयंती मनाई जाएगी। सात अक्टूबर (गुरूवार) को मुख्य कार्यक्रम झरिया लक्ष्मीणियां मोड़ स्थित श्री अग्रसेन भवन में आयोजित होगा. श्री अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित है। कोविड-19 से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पूरे विधि-विधान से ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में अग्र बंधु महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना करेंगे, तत्पश्चात भावपूर्ण आरती की जाएगी. उसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा ।

**सभी अपने-अपने घर पर जलाएंगे एक-एक दीया-** विनोद अग्रवाल ने बताया कि गुरूवार को अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रोहा के संमस्त वंशज अपने-अपने घर में एक-एक दीपक जलाएंगे ।



# लगातार धरना, प्रदर्शन से केजरीवाल प्राइवेट कंपनी को भारी नुकसान

धनबाद (बिभा संवाददाता। कतरास, चैतूडीह कोलियरी में संचालित केजरीवाल प्राइवेट लिमिटेड (डेको) कंपनी में लगातार धरना प्रदर्शन, अनिशिचितकालीं चक्का जाम आंदोलन,करने से कंपनी का तो भारी नुकसान हो ही रहा है साथ ही उक्त कंपनी के मजदूरों के बीच भुखमरी की भी स्थिति उत्पन्न में हो रही जिसके विरोध में सोमवार को कंपनी के कार्यरत मजदूरों ने कंपनी के कार्य बंद करने को लेकर विरोध जताते हुए आउटसोर्सिंग कंपनी का कार्य को आरंभ कर दिया। कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने बताया कि लगातार पांच दिनों से झरखण्ड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले रतीलाल टुडू के नेतृत्व में कंपनी का काम बंद किये हुवे हैं।जिससे रतिलाल टुडू का मजदूर हित से कोई लेना देना नहीं है।वह सिर्फ अपना उल्लू सीधा करने के लिए आए हैं। क्योंकि उनके घर के पास भूमि आउटसोर्सिंग चल रही है। वह बताएं कि वहां पर उन्होंने कई दिनों तक बंद करवाए थे।उसमें कितने स्थानीय को उन्होंने रोजगार दिलाया है।अगर दोबारा कंपनी को कोई बंद करवाता है तो हम लोग आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।क्योंकि इस कंपनी से हम लोगों के बाल बच्चों की रोजी रोटी चल रही है।जो अब हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे।



# मोबाइल दुकान की छत तोड़कर लाखों का सामान चोरी

धनबाद (बिभा संवाददाता) । बरोरा थाना से चंद कदमों की दूरी पर मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी में देर चोरों ने मोबाइल दुकान की छत तोड़कर लाखों रुपए के सामान की चोरी कर ली. थाना से इतने नजदीक चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति रोष है. लोगों ने बताया कि जब थाना के इतने नजदीक चोर अपने मंसूबे पर कामयाब हो जाते हैं तो आम जनता ऐसे में कैसे सुरक्षित रह सकती है.दुकानदार ओम प्रकाश चौहान के मुताबिक नगद सहित करीब 2 लाख की चोरी हुई है. सूचना पर बरोरा थाना प्रभारी नीरज कुमार सदल बल मौके पर पहुंचे और संचालक से घटना की जानकारी लेकर छानबीन शुरू कर दी. चोरी हुए सामान में लैपटॉप ,मोबाइल ,कैमरा समेत नगद 70 हजार बताई जाती है ।

# बुढ़ा बाबा मंदिर की टीम विधायक पूर्णिमा से मिली, जताया आभार



धनबाद । कतरास, श्रीश्री बुढ़ा बाबा शिव मंदिर सेवा ट्रस्ट की एक टीम मंगलवार को झरिया की विधायक पूर्णिमा सिंह से मिली तथा उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

उल्लेखनीय है भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रमाणित नौवीं शताब्दी की धरोहर से झारखंड सरकार को अवगत करवाते हुए इसे राजकीय धरोहर के रुप में संरक्षित करने की मांग विधायक ने विधान सभा में उठाई थी ।

# असामाजिक तत्वों का बढ़ रहा है मनोबल, पार्क को बनाया निशाना



धनबाद । कतरास,असमाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है.पूरे धनबाद जिले में मशहूर रामकनाली ग्रीन पार्क की आगंतुक को बैठने का टाईल्स लगा सीटें तोड़ दी.जबकि पार्क सौंदर्यीकरण हो रही है.कतरास क्षेत्र के प्रर्यावरण अधिकारी रितेश रंजन,मजदूर पार्क इंचार्ज सुरेन्द्र राम,गंगाधर महतो,अरूण रवानी,संतोष बाउरी,सुनील सोरेन,उदय रजवार आदि ने रोष जाहिर करते हुए ऐसे लोगो पर कारवाई की मांग की है ।


# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी गया पुल चौड़ीकरण, स्कूल फीस माफ करने सहित विभिन्न समस्याएं



धनबाद (बिभा संवाददाता)। मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त ने धनबाद, लोदना, बरमसिया, झरिया, तेलमच्चो सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना। लोदना से आई युवती ने उपायुक्त को बताया कि उनकी मां पारा टीचर थी। कोविड 19 के कारण उनका निधन हो गया है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है इसलिए अनुकंपा के आधार पर नियोजन उपलब्ध कराएं। आम लोगों के एक समूह ने गया पुल का चौड़ीकरण करने, सहजानंद नगर बरमसिया से आए एक व्यक्ति ने कहा वहां की प्राइम लोकेशन पर स्थित 57 डेसिमल सरकारी जमीन पर भू माफियाओं की नज़र है। उन्होंने इस जमीन पर बच्चों का पार्क बनाने का अनुरोध किया। तेलमच्चो से आए एक व्यक्ति ने एनएच तथा तालाब पर किए गए अतिक्रमण को दूर करने, झरिया की युवती ने स्कूल फीस माफ करने, कुमारडूबी से आए व्यक्ति ने पेंशन नहीं मिलने की फरियाद की।

दहीबाड़ी से आए एक व्यक्ति ने बीसीसीएल के सीवी एरिया 12 में उनकी जमीन पर बीसीसीएल द्वारा सितंबर 2020 से परियोजना खोली गई है परंतु अब तक मुआवजा नहीं देने की शिकायत की। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा टाटा सिजुआ के प्रतिनिधिमंडल ने शेड बनाने के लिए माननीय सांसद गिरिडीह की अनुशंसा पर राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

# उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह ने आज कोहिनूर मैदान के पास स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने ईवीएम कक्ष, सील किए कमरे सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर 3 माह के अंतराल पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ इसका निरीक्षण किया जाना है। इसी क्रम में आज निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री मृत्युंजय पांडे, बीजेपी के श्री नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, एनसीपी के श्री प्रभाकर कुमार उपस्थित थे।

# रिवाल्वर की नोक पर मांगी गई रंगदारी

धनबाद (बिभा संवाददाता) । झरिया, जेलगोड़ा सात नम्बर निवासी सह झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह के समर्थक मृणाल कांत सिंह के घर पर मंगलवार सुबह हमला कर रिवाल्वर की नोक पर मांगी गई रंगदारी।श्री सिंह ने जोरापोखर थाना में लिखित शिकायत किया है।



उन्होंने कहा है अलकडीहा से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग हमारे घर पर सुबह में पहुँचे घर का दरवाजा खटखटा कर मुझे बुलाया गया। हमने घर से बाहर निकलकर देखा की अलकडीहा के रहने वाले रवि सिंह एवं दिनु पासवान थे। दोनों ने दो लाख रुपये रंगदारी की मांग करते हुए दिनु ने लात घुसे से जमकर मेरी पिटाई कर दी।तभी रवि सिंह ने मेरे कनपट्टी पर रिवाल्वर सटा कर कहा कि लोदना एरिया में यूनियन चलना है तो हमे दो लाख रुपये रंगदारी देना होगा। रवि पूर्व में हमसे 20 हजार रुपये रंगदारी ले चुका है बाकी एक लाख 80 हजार रुपये की मांग कर रहा था। नही देने पर जान मारने की धमकी दिया है।दोनों अपराधी किस्म के है। थाना प्रभारी राजदेब सिंह ने कहा कि शिकायत मिली है जाँच कर करवाई की जाएगी।

# अत्यंत जरूरतमंदों को राशन उपलब्ध कराने के अभियान की शुरुआत



धनबाद (बिभा संवाददाता) मंगलवार को वार्ड संख्या 20 में समाजसेवी सह पूर्व छात्र नेता आनंद चौरसिया ,करणी सेना एवं अटल अभियान चीते संस्था ने संयुक्त रूप से अत्यंत जरूरतमंद लोगों में सुखा अनाज वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में दर्जनों जरूरतमंद परिवार के बीच अनाज उपलब्ध कराया गया। इस बाबत आनंद चौरसिया ने कहा वार्ड संख्या 20 में कई जरूरतमंद परिवार है जिन्हें मदद की सख्त जरूरत है। हम सब ने ने ठाना है कि इस वार्ड का कोई भी गरीब तबका भूखा नही रहेगा। आगे भी इस तरह का प्रयास निरंतर जारी रखेंगे। इस कार्यक्रम में करनी सेना एवं अटल अभियान चीते संस्था का भरपूर सहयोग मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में करनी सेना के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह , गुड्डू मालाकार , संजीव कुमार , कुमार रोशन , निखिल सिंह , राजू सिंह समेत अन्य लोगों का सरहानीय योगदान रहा।

# दीक्षा महिला मंडल ने 52 जरूरतमंदों को सूखी राहत सामग्री प्रदान की



धनबाद (बिभा संवाददाता)। तिसरा, मंगलवार को दीक्षा महिला मंडल, भाको कोलियुनिट धनबाद के सौजन्य से राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के देख रेख में मुकुंदा पंचायत के 52 जरुरत मंदों को सुखा राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई।दिक्षा महिला मंडल की अध्यक्षता श्रीमती बिमला प्रसाद,संगिता गोस्वामी पि कमला कुमारी सरिता महापात्रा निभा पाण्डेय निरु सिन्हा आदि उपस्थित थीं। उन्होंने जरूरत मंदों को सुखा राशन जैसे चुडा,सतु, गुड़,चना, बिस्किट, साबुन वितरण एक थैलें भर कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता साहु महासभा के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार साव ने किया। इस अवसर पर बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष दिलीप साव कपूर गोराई सुनील साव रामचंद्र साव रिंकू निषाद सुनील मोदक नेपाल महतो एवं मुकुंदा गांव के महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। सभी ने महिला मंडल को धन्यवाद दिया।

# शुसांतो सेन गुप्ता की सहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



धनबाद (बिभा संवाददाता) । शुसांतो सेन गुप्ता का सहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम ,निरसा विधायक श्रीमती अपर्णा सेन गुप्ता जी के नेतृत्व में संपन्न हुई । श्रृद्धांजलि कार्यकर्म में शामिल होने के लिए वंचित मुक्ति मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह झारखण्ड प्रभारी रामा शीश चौहान , झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डे, झारखंड प्रदेश महासचिव सुनील कुमार वर्मन उपस्थित हुए।

श्रृद्धांजलि कार्यकर्म को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी रामा शीश चौहान ने कहा शुसांतो सेन गुप्ता के बताए हुए रास्ता पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शुसांतो सेन गुप्ता वंचितों की आवाज थे। जहा कही भी वंचित लोगो पर जुल्म होता था वहा पर सुरक्षा कवच बन के खड़े हो जाते थे, इनकी हत्या होना हम वंचित समाज के लिए दुखद है। हम अपर्णा जी से मांग करते है शुसांतो सेन जी की तरह आप वंचितों का कवच कुंडल बने । समाज ,राजनीत,शैक्षणिक,आर्थिक उन्नति में सहयोग करे। वंचित समाज कल भी आप के परिवार के साथ थे और आज भी आप के साथ है ओर आगे भी रहेगा ।मैं अपना मोर्चा के तरफ से आप को आश्वासन देता हूँ ।

# बाघमारा में मिलन समारोह के बहाने मासस का शक्ति प्रदर्शन



धनबाद(बिभा संवाददाता)। कतरास, बाघमारा के पाण्डेयडीह में मासस युवा मोर्चा बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में पार्टी मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मासस केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी कार्यक्रम में शिरकत की।सैंकड़ों की संख्या के मासस कार्यकर्ताओं ने अरूप चटर्जी का भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के माध्यम से दर्जनों युवाओं ने मासस में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी का दामन थामा।वहीँ सभा के सम्बोधन में अरूप चटर्जी ने अपने कार्यकर्ताओं को पार्टी विस्तार के लिए कई निर्देश दिए।साथ ही क्षेत्र में पँचायत स्तर पर कमिटी गठन करने की सलाह दी। उन्होंने बाघमारा जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कम्पनियों के आने पर भी यहाँ के युवा बेरोजगार हैं,कम्पनी प्रबंधन अपनी मनमानी कर रही है,जिसके लिए कहीं न कहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी जिम्मेदार हैं।इसलिए बेरोजगार युवाओं की लड़ाई के लिए मासस चरणबद्ध लड़ाई लड़ेगी है युवाओं के हाँथो को रोजगार दिलाएगी। मंच का संचालन बलराम हरिजन ने किया।मौके पर मासस युवा जिलाध्यक्ष पवन महतो,दुलालचंद बाउरी, उर्मिला देवी,रीता देवी,राजू महतो,मो.अजीज अंसारी,सौरभ सिंह, सिंह,विशाल सिंह,सोनू चौहान,अमन चौहान आदि।

# आजसू पार्टी ने दी स्व. राजू दुबे को श्रद्धांजलि

## ● स्व. राजू दुबे की पुण्यतिथि में जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण किया

धनबाद। मंगलवार को आजसू पार्टी धनबाद जिला की ओर से कतरास रोड मटकुरिया जेड स्क्वायर अपार्टमेंट में स्वर्गीय राजू दुबे की पांचवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू पार्टी धनबाद जिला अध्यक्ष मंटू महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। मंच का संचालन केंद्रीय सदस्य सह प्रखंड प्रभारी कलियासोल रतिलाल महतो ने किया। 2 मिनट का मौन रख सभा की शुरुआत की गई। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष मंटू महतो सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजू दुबे आजसू पार्टी के एक क्रांतिकारी नेता थे। झारखंड आंदोलन में भी पार्टी के साथ सक्रिय रूप से जुड़े ।सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर रूचि रखने वाले हमारे साथी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी यादें हम लोगों के बीच है। उनकी जो सोच थी उसे हर जन जन तक पहुंचाने का काम आजसू पाटी करेगी। सभा का संचालन करते हुए रतिलाल महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज हुआ है लेकिन उनके अनुरूप झारखंड की जनता को अभी तक कुछ नहीं मिला है। जब से हेमंत की सरकार बनी है तब से झारखंड में लूट भ्रष्टाचार गुंडागर्दी बढ़ गई है। धनबाद में खुलेआम जज की हत्या हो जाती है। जेल से रंगदारी मांगी जाती है लेकिन झारखंड सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है ऐसी सरकार को 2024 के चुनाव में सबक सिखाने की जरूरत है। धनबाद नगर अध्यक्ष जितेंद्र पासवान उर्फ जीतू सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजू दुबे कर्मठ क्रांतिकारी साथी हम लोगों ने खोया है उनकी भरपाई अभी तक हम लोग नहीं कर पाए हैं उम्मीद है आने वाले समय में इनकी आवाज उनकी सोच को पूरा करने का प्रयास पार्टी करेगी आने वाले नगर निगम चुनाव में पार्टी पूरे वर्ल्ड में संगठन लड़ने का काम करेगी। पार्टी के महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा कि धनबाद मेयर का चुनाव मुस्तैदी से लड़ने का काम आजसू पार्टी धनबाद जिला करेगी। केंद्रीय महासचिव संतोष महतो ने कहा है झारखंड सरकार जो वादा चुनाव में किया था वह वादा पूरा नही की। पार्टी के सुप्रीमो के द्वारा पूरे झारखंड में जो हर मंथ की सरकार ने वादा किया था जनता को वह वादा को बताने का काम पार्टी कर रही है। बेरोजगारों को 5 लाख रुपैया नौजवानों को रोजगार झारखंड की जनता को 27त्न आरक्षण देने की बात कहा था इन सब बातों को दरकिनार कर जनता के वादा भूलने का काम किया है। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से स्व. राजू दुबे के भाई राकेश दुबे केंद्रीय सदस्य गुलाम हुसैन पप्पू प्रमोद चौरसिया वीरेंद्र निषाद कुल्लू चौधरी संतोष कुशवाहा दिलीप सिंह ,विशाल महतो, हीरालाल महतो ,विजय महतो, , महबूब आलम, रमेश मुनि, शफीक आलम, रामाशंकर तिवारी,वीरेंद्र सिंह, नरेश महतो, संजय महतो, सुदामा पासवान, संतोष पासवान, अमर पासवान, रोहित पासवान, अजय महतो, मो. नौशाद गद्दी , धर्मा गुप्ता, बलराम महतो, दिनेश राय ,मिनी महतो, लखन राम, सोनू मंडल, राजकुमार रजवार, शत्रुघ्न पासवान ,जैकी सिंह, राकेश विश्वकर्मा ,अजीत पांडे मुख्य रूप से थे।



# पीआरडी को लेकर हुआ चयन

**आरा (बिभा संवाददाता)।** राष्ट्रीय सेवा योजना, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के द्वारा पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर हेतु चयन प्रक्रिया विश्वविद्यालय अन्तर्गत महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के स्वयं सेवकों/सेविकाओं का एन.सी.सी.आफिस के पदाधिकारी चन्द्र शेखर सिंह के देख रेख में राधा कृष्णन सभागार में प्रारंभ हुआ। जिसमें सभी प्रतिभागियों का शारीरिक माप लिया गया तत्पश्चात विश्वविद्यालय के मैदान में ही दौड़ और परेड भी करा कर इनको परखा गया। भोजन अवकाश के बाद सभी प्रतिभागियों ने अपने योग्यतानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण और अन्य प्रकार के विशेषता से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। इसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.सीमा पटेल,अंजवित सिंह कॉलेज,बिक्रमगंज की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.चिन्टू, डी.के.कॉलेज, डुमरांव के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.रमेन्द्र सिंह, एच.डी.जैन कॉलेज,आरा की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.तव्वसुम बानो और एस.बी.कॉलेज,आरा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.कृष्ण चन्द्र चौधरी सहित कई पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मी सहित विश्वविद्यालय अन्तर्गत चारों जिलों के स्वयंसेवक/सेविकाएं शामिल हुई। इसकी अध्यक्षता डॉ.राजीव कुमार, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा ने किया।

# कला का संशोधित रिजल्ट दस अक्टूबर को होगा जारी

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग स्नातक पार्ट थर्ड सत्र 2017 -20 के संसोधित रिजल्ट के प्रकाशन में युद्ध स्तर पर जुटा है। कॉमर्स और विज्ञान संकाय के रिजल्ट के बाद आर्ट्स रिजल्ट को तैयार किया जा रहा है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने बताया आगामी 10 अक्टूबर तक कला संकाय का रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा। रिजल्ट के संशोधन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सभी कॉलेजों को टीआर एक सप्ताह में भेज दिया जायेगा। इसके बाद रिजल्ट को जारी किया जाएगा।

# हस्ताक्षर को लेकर जतायी आपत्ति

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विवि में पार्ट थर्ड के संसोधित रिजल्ट के पहले टीआर जारी किया जा रहा है। टीआर पर विवि के कंप्यूटर सेंटर के पूर्व कंप्यूटर प्रभारी डॉ अमरेंद नारायण का हस्ताक्षर भी दिया जा रहा है। टीआर पर अपने हस्ताक्षर को लेकर डॉ अमरेंद्र ने आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में कुलपति प्रो. केसी सिन्हा और कुलसचिव डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह को पत्र लिखा है। स्नातक पार्ट थर्ड सत्र 2017-20 की टीआर पर अपना हस्ताक्षर छापे जाने पर रोक की मांग की है। बताया कि जब उनके द्वारा जारी रिजल्ट को रद्द कर दिया गया है तो उसकी जगह पर दोबारा संशोधित रिजल्ट जारी किये जाने पर उसमें उनके हस्ताक्षर को रखा जा रहा है।

# संबंधन लेने के लिए कॉलेजों को पोर्टल पर करना है आवेदन

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से नव संबंधन लेने के लिए इस साल आवेदन करने वाले कॉलेजों को राज्य सरकार के पोर्टल पर भी आवेदन करना होगा। जो महाविद्यालय सरकार के पोर्टल पर आवेदन नहीं करेंगे, उन्हें संबंधन नहीं मिलेगा। सरकार ने संबंधन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए यह कदम उठाया है। मालूम हो कि संबद्ध डिग्री कॉलेजों के संबंधन के लिए पिछले दिनों राज्य सरकार शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल लॉन्च किया गया है। पोर्टल लॉन्च किए जाने के बाद शिक्षा विभाग ने इस बाबत सब ही विवि को पत्र जारी कर आगे की कार्रवाई से अवगत भी करा दिया है।विवि अधिकारियों की माने तो पोर्टल पर कॉलेजों द्वारा आवेदन किये जाने और तमाम जानकारी साझा किये जाने पर उच्च शिक्षा की कार्यशैली, पारदर्शिता एवं जवाबदेही की व्यवस्था लागू होगी। विवि के संबंधन विभाग की माने तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबंद्ध कॉलेजों से राजभवन और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किये गये मापदंडों के आलोक में नव संबंधन, दीर्घीकरण, स्थायी और अस्थायी संबंधन के लिए आवेदन लिया था। ऑफलाइन आवेदन की तिथि 15 सितंबर तक ही थी। चारों जिला अंतर्गत लगभग 52 कॉलेजों ने नव संबंधन, स्थायी संबंधन और अस्थायी के लिए आवेदन जमा किया है। अब पुनः ऐसे कॉलेजों को ऑनलाइन सर्कार के पोर्टल पर भी आवेदन करना है।18 अक्टूबर तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की तिथि निर्धारित है। यह तिथि समाप्त होने पर विवि संबंधन देने के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू करेगा।

### आजादी के अमृत महोत्सव थीम पर होगा आयोजन

# 7 नवंबर को होगा क्षत्रिय विद्यालय का पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन

## कार्यक्रम में शामिल होंगे देश–विदेश में रह रहे विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र

**आरा (बिभा संवाददाता)।** हित नारायण क्षत्रिय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र संघ (क्षत्रियन) की बैठक संरक्षक सह पूर्व प्राचार्य सीताराम सिंह की अध्यक्षता में हुई. इस बैठक में वर्ष 2021 के पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई साथ ही आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया. पूर्ववर्ती छात्र संघ की बैठक में यह फैसला लिया कि वर्ष 2021 का वार्षिक पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन 7 नवंबर दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा।

इस बार के कार्यक्रम को पूर्ववर्ती छात्रों ने आजादी के अमृत महोत्सव थीम पर मनाने का निर्णय लिया. कार्यक्रम में इस बार भी देश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले और विदेशो में भी कार्यरत विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र शामिल होंगे. पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन को लेकर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है. पूर्ववर्ती छात्र संघ के संयोजक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस बार के भी वार्षिक सम्मेलन में वर्ष 2021 की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यालय के छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा. चुकि इस बार देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है ऐसे में पूर्ववर्ती छात्र चीन की सीमा पर शहीद हुए विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र चंदन कुमार जो कि जिले के ज्ञानपुरा के रहने वाले थे के परिवार को भी सम्मानित करेगा. पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन के एक दिन पहले यानी छह नवंबर को हर साल की भांति स्वैच्छिक रक्तदान और वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा साथ ही चार सालों में पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा किए गए कार्यों को लेकर एक आर्ट गैलरी भी बनाई जाएगी. आजादी के अमृत महोत्सव थीम पर आयोजित करने के लिए पूर्ववर्ती छात्रों के नेतृत्व में ही अलग-अलग समितियों का गठन किया गया. कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु सोशल मीडिया प्लेटफार्म की उपयोगिता के लिए भी सभी लोगों ने अपने विचार रखे. 7 नवंबर को होने वाले इस वार्षिक कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने की सुविधा दी गई है. लगातार ये चौथा साल है जब हित नारायण क्षत्रिय विद्यालय का पूर्ववर्ती छात्र संघ पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन कर रहा है।

# अमिता पांडेय बनी राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की प्रदेश अध्यक्ष



**आरा।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने भोजपुर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अमिता पांडेय को बिहार राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है . ललित मिश्रा ने कहा कि अमिता जी लंबे समय से बिहार में ब्राह्मणों और महिलाओं का नेतृत्व कर रही हैं, और ब्राह्मणों ने सदैव विश्व कल्याण और और विश्व शांति की कामना और सभी के लिए हमेशा सुख ही मांगा है . इनके अध्यक्ष बनने से समाज को मजबूती मिलेगी. अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद अमिता पांडेय ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है उसे मैं इमानदारी के साथ निभाउंगी. संगठन द्वारा ब्राह्मण समाज को संगठित करने एवं सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा . उन्होंने आगे बताया कि मुझे सामाजिक कार्य करने के लिए यह जिम्मेवारी दी गई है इसका मैं अच्छी तरह निर्वाहन करूंगी. संगठन के प्रसार और ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए संगठन की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमो को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगी।

# भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ भोजपुर द्वारा दतक ग्रहण संस्थान के नवनिहाल बच्चों को जरुरी सामग्री प्रदान की

अमित राज

**आरा।** आज भारतीय जनता पार्टी वाणिज्य प्रकोष्ठ भोजपुर द्वारा सेवा और समर्पण अभियान के तहत आरा रेड क्रास भवन स्थित दतक ग्रहण संस्थान के नवनिहाल बच्चो को जरूरी सामग्री प्रदान की गई।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ प्रेम रंजन चतुर्वेदी की उपस्थिति मे वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे संस्थान के संरक्षिका मंजु देवी को खाने के लिए पोषाहार, पहनने के लिए वस्त्र ,खेलने के लिए खिलौने आदि सुपुर्द किया गया।ये सभी समाज के ऐसे बच्चे है जिन्हे माता–पिता ने स्नेह भरे आँचल से दूर कर दिया ।ऐसे बच्चो को पोषाहार मे दूध का डब्बा,सेरेलॉक आदि देने का काम वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।

संस्थान को आश्वासन देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ.प्रेम रंजन चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे बच्चो को पालन–पोषण करने मे पार्टी द्वारा हमेशा सहायता किया जाता रहेगा। भारतीय जनता पार्टी समाज के सभी लोगो का ध्यान रखती हे और उनके सेवा भावना से ही कार्यकर्ता अपने आपको समर्पित किए है।सेवा और समर्पण अभियान केवल बीस दिनो का अभियान नही,बल्कि पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के मूल मंत्र अन्नत्दोय के मार्गदर्शन पर समाज के सभी वर्गो की सेवा हमेशा करती रहती है।आज के कार्यक्रम मे बाल संरक्षण इकाई भोजपुर के सचिव कुमारी सुनीता सिंह ,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ प्रेम रंजन चतुर्वेदी, वाणिज्य प्रकोष्ठ जिला संयोजक नरेन्द्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष लव पांडेय,मिडिया संयोजक संजय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष दीपक सिंह,वाणिज्य प्रकोष्ठ जिला सह–संयोजक मंजीत सोनी,सुमित सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# तारापुर के एनडीए विधायक प्रत्याशी के नामीनेशन में एनडीए कार्यकर्ता के दिग्गज पहुंचे



(संतोष राज -राकेश)

मुंगेर जिला तारापुर विधानसभा क्षेत्र के जदयु प्रत्याशी राजीव कुमार सिंह ने अपने सर्मथकों साथ अनुमंडल कार्यालय पहुच कर अपना नामीनेशन का पर्चा दाखिल किए।इस दौरान हजारों कि संख्या मे एनडीए कार्यकर्ता एंव ग्रामीण जनताओ ने फुलमाला पहनाकर जीत के नारे लगाए गए।साथ ही गाजीपुर ईदगाह मैदान मे एक सभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे जदयु के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, बिहार सरकार के मंत्री सम्राट चौधरी, मंगल पाण्डेय, अशौक चौधरी, जयन्त राज,संतोष सुमन, सुमित सिंह,भीआईपी पार्टी के संतोष सहनी,हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष विजय सिंह,पुर्व मंत्री शैलेश कुमार, बांका सांसद गिरधारी यादव,सुलतानगंज विधायक प्रो.ललित नारायण मंडल,मुंगेर विधायक प्रणव कुमार यादव ,भाजपा के एम एलसी दिलिप जयसवाल, जदयु प्रवक्ता नीरज कुमार सहित दिग्गज लोगों ने मंच पर सम्बोधित करते हुए कहा कि तारापुर कि जनता विकास चाहते हैं ।तो भारी मतों से एनडीए के प्रत्याशी राजीव कुमार सिंह को विजय बनाए।इस दौरान ईदगाह मैदान मे एनडीए कार्यकर्ता सहित तमाम ग्रामीण मौजुद थे।

# भाजपा के जिला अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने विधान पार्षद को बुके देकर किया स्वागत

**भागलपुर (नप्र)।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह विधान पार्षद सदस्य नीरज कुमार बबलू का पहली बार अंग की धरती भागलपुर आगमन होने पर भागलपुर भाजपा जिलाध्यक्ष रोहित पांडेय के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। उनके साथ चल रहे प्रदेश सह संयोजक डा. शशि शेखर सम्राट का भी अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

उसके उपरांत मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में डीआईजी कोठी के बगल में मुख बदीर विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों को अंग वस्त्र से सम्मानित कर भोजन करवाया गया। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष नीरज कुमार बबलू ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पखवाड़े को ÷सेवा और समर्पण÷ अभियान कार्यक्रम के तहत मोर्चा के द्वारा दिव्यांग, वृद्ध एवं विधवा भाई बहनों को सम्मानित करने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी लगातार गरीबों पिछड़ों समाज में वंचितो के आवाज को उठाते हैं एवं कोई भी अपना कार्यक्रम या सरकार का काम जब वह प्रारंभ करते हैं तो इस विषय का ध्यान रखते हैं कि समाज के हाशिए पर रहे हुए हर एक व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके प्रधानमंत्री मोदी जी ने जब प्रधानमंत्री पद का शपथ लिया उसके तुरंत बाद ही उन्होंने विकलांग शब्द को हटाकर दिव्यांग शब्द का प्रयोग किया। इससे अपने आप में दिव्यांग भाइयों को ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने यह भी कहा दिव्यांग भाइयों से हमें सीख लेना चाहिए विपरीत परिस्थितियों में भी हम कैसे संस्था में रह करके समाज में अपने योगदान दे सकते हैं और दिखा सकते हैं।

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार, जिला मीडिया प्रभारी इंदु भूषण झा, आशुतोष कुमार ढिल्लू, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक दीपक शर्मा, जिला प्रवक्ता राजेश टंडन, भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता आलोक सिंह बंटू, तिलका मांझी नगर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष चन्दन ठाकुर, सोनल सिंह, रोहित मिश्रा, अनुज झा, अशीष रंजन, संदीप शर्मा, करण शर्मा, शशांक शेखर समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार

**तरारी।** सिकरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरहटा थाना पुलिस ने बेलडिहरी में छापेमारी कर 20 लिटर महुआ शराब के साथ बेलडीहरी गाव निवासी स्वर्गीय किशुन के पत्नी धर्मशीला कुवर की पत्नी को गिरफ्तार किया गया. और शराब पीकर हंगामा करते बेलडीहरी गाव निवासी शिवजी पासवान के पुत्र धर्मेन्द्र पासवान बेलडिहरी गाव से गिरफ्तार किया गया. फिर सिकरहटा थाना पुलिस ने चरपोखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोइल गाव निवासी तुलसी सिंह के पुत्र धर्मेंद्र कुमार को छेड़खानी के मामले में नाऊवा गांव से गिरफ्तार किया गया.वहीं दूसरी तरफ तरारी थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपियों में महादेवपुर गांव निवासी देव कुमार ,भैया लाल और शिवकुमार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बिना केवाईपी का फॉर्म भरे ही इस माह मिलेगी पेंशन

आरा। निज प्रतिनिधि

## डीएम के आदेश के बाद ट्रेजरी से विवि खाता में आई राशि

वीर कुंवर सिंह विवि के पेंशनधारी शिक्षक व कर्मियों को अब जल्द ही पेंशन मिलेगा। डीएम रोशन कुशवाहा के आदेश के बाद ट्रेजरी से विवि की कुल पेंशन राशि विवि के सेंट्रल बैंक के खाते में आ गयी है। पेंशनधारियों के लिए 31 करोड़, 62 लाख 43 हजार 667 रुपया की राशि आई है। जल्द ही पेंशन की राशि रिटायर्ड कर्मियों और उनके आश्रितों के खाते में जायेगी। मालूम हो कि राज्य सरकार के निर्देश पर वीर कुंवर सिंह विवि में पेंशनधारियों के लिए इस माह से केवाईपी को अनिवार्य कर दिया गया था। केवाईपी अनिवार्य किये जाने से राज्य के बाहर रहने वाले विवि के पेंशनधारियों की परेशानी बढ़ गयी थी। इस मामले पर बिहार राज्य विवि शिक्षक महासंघ फुटाब के अध्यक्ष प्रो केबी सिन्हा और महासचिव सह एमएलसी प्रो संजय कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह विवि के कुलपति को पत्र लिखा था। जिसके बाद वीसी प्रो सिन्हा ने सरकार के वित्त विभाग के अपर सचिव से बात की। ताकि बिना केवाईपी कराए सभी कर्मियों को सितंबर माह का पेंशन का भुगतान हो सके। इसके बाद सीसीडीसी डॉ नीरज कुमार और कुलसचिव डॉ डीके सिंह ने डीएम से मुलाकात की। डीएम से पेंशनभोगियों की समस्या से अवगत कराया गया। बताया कि कि कई पेंशनधारी बिहार से बाहर अपने स्वजनो के साथ रहते हैं। इसलिए केवाईपी कराने के लिए समय दिया जाय। मालूम हो कि इसके लिए दो माह का समय लिया गया है।

# विशेष गृह सचिव विकास वैभव का संबोधन 10 अक्टूबर को



**आरा।** मिलकर प्रेरित करें बिहार, अभियान के तहत दस अक्टूबर को महाराजा कॉलेज के सभागार में विशेष गृह सचिव बिहार माननीय विकास वैभव का प्रेरक संबोधन होने जा रहा है। लेट्स इंस्पायर बिहार भोजपुर के बैनर तले इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एक आवश्यक बैठक प्रो नरेंद्र प्रताप पालित की अध्यक्षता एवं उन्हीं के आवास पर संध्या पांच बजे आयोजित हुई।बैठक में कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई और सभी युवाओं को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी दी गई।

कार्यक्रम को कोऑर्डिनेट करते हुए युवा आइकन शैलेश कुमार राय ने बताया कि कार्यक्रम पूरी भव्यता और युवाओं को प्रेरित करने के लिए, बिहार को खासकर भोजपुर को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर और प्रयासरत हैं।तैयारी की पूरी समीक्षा स्वयं डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा ने की। इन्होंने बताया कि ऐसा ऐतिहासिक अवसर कभी कभी देखने और सुनने को मिलता है जहां से जिंदगी उज्जवल भविष्य की ओर मुडती है। इस ऐतिहासिक आयोजन से युवा अवश्य प्रेरणा लेंगे। पूर्व प्रेरणा करे पुकार आइए मिलकर गढ़े नव बिहार के प्रणेता श्रीमान विकास वैभव जी युवाओं के प्रति एक के खास उद्गार लेकर आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से सबके लिए लाभदायी होगा, इसमें शिक्षा, समता और उद्यमिता को आधार मानकर पूरे बिहार में युवाओं को प्रेरित करने के लिए एक सपना संजोया है और इसी सपने को युवाओं के बीच रखने का सार्थक प्रयास दस अक्टूबर को महाराजा कॉलेज सभागार में होगा। युवा टीम में कुमार प्रतीक, कुमार मंगलम, अमलेश कुमार, ऋतुराज चौधरी, दीपक श्रीवास्तव सहित अन्य सक्रियता से लगे हैं।

# संपादकीय

# दोषियों को मिले सजा



उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी में हिंसक घटनाओं के बीच राहत की खबर यह आई कि प्रशासन और किसान नेताओं में आरंभिक मसलों पर समझौता हो गया। इससे मृत किसानों के शवों का पोस्टमॉर्टम और फिर अंतिम संस्कार का रास्ता साफ हो गया। आंदोलनकारी किसानों ने हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की थी, जिसकी तैयारी चल रही है। अभी तक यूपी सरकार ने इस मामले को अच्छी तरह संभाला है। उसने सही वक्त पर आला पुलिस अधिकारियों को मौके पर भेजा। मृतक किसान परिवारों को 45 लाख रुपये का मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी देने का वादा किया। इसके साथ 8 दिनों में आरोपियों को अरेस्ट करने की बात भी सरकार ने कही है।

इन उपायों से इलाके में तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। साथ ही, इस मामले में कई चीजें अभी स्पष्ट होनी हैं। चार किसानों को एक केंद्रीय मंत्री के बेटे की गाड़ी से कुचले जाने के इल्जाम हैं तो किसानों पर भी बीजेपी के चार कार्यकर्ताओं को मार डालने के आरोप हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी भी गौरतलब है। उसने भी कहा कि जब भी ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं होती हैं, कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं होता। प्रदर्शनकारी आंदोलन को शांतिपूर्ण बताते हैं, लेकिन हिंसा होने पर उसकी जिम्मेदारी नहीं लेते। अदालत ने किसान महापंचायत की जंतर-मंतर पर सत्याग्रह की अनुमति मांगने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। दूसरी ओर, इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कहा कि लखीमपुर खीरी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए किसानों के विरोध प्रदर्शन पर तुरंत रोक लगाई जाए। किसानों और सरकार की इन दलीलों से अलग हमें यह सोचने की जरूरत है कि समय-समय पर लखीमपुर खीरी जैसी घटनाएं क्यों होती हैं और उन्हें किस तरह से रोका जाए। कुछ दिन पहले एक विडियो वायरल हुआ, जिसमें संबंधित केंद्रीय मंत्री आंदोलनकारी किसानों को चेतावनी देते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक और वीडियो चर्चा में है, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल समर्थकों से आंदोलनकारी किसानों को शठे शाठ्यम् समाचरेत (जैसे को तैसा) की शैली में जवाब देने को कहते दिख रहे हैं। अगर ये वीडियो सही हैं तो कहना होगा कि ये बयान गैर-जिम्मेदाराना हैं। जो लोग जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए हैं, उन्हें कुछ भी कहते हुए अपने पद की गरिमा का भी खयाल करना होगा। आखिर संवैधानिक, लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित रखने की पहली जिम्मेदारी उनकी ही बनती है। वहीं, अगर बात लखीमपुर खीरी मामले की करें तो जांच के बाद दोषियों को सजा मिलना भी जरूरी है। तभी इस तरह की घटनाओं का दोहराव रुक पाएगा।

## सोशल मीडिया से...



कांग्रेस ने संबल योजना को बंद किया था लेकिन मैंने योजना को फिर से शुरू कर दिया है। जिन प्रतिभाशाली बच्चों का दाखिला इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज में होगा तो उनकी फीस अभिभावक नहीं भरेंगे बल्कि मामा (शिवराज सिंह चौहान) भरेंगे।

**शिवराज सिंह चौहान,** सीएम मप्र



हमारी मांग यही है कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को बर्खास्त किया जाना चाहिए और उनके बेटे के ऊपर हत्या का मामला दर्ज़ किया जाना चाहिए और तत्काल उसकी गिरफ़्तारी होनी चाहिए तथा सुप्रीम कोर्ट की सिटिंग जस्टिस की जांच होनी चाहिए।

**भूपेश बघेल,** सीएम छग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने ड्रोन पॉलिसी की घोषणा की। दक्षिण एशिया में पहली बार ड्रोन का कॉमर्शीयल फ्लाइंग हुआ है। मणिपुर में बिश्नुपुर से करंग स्वास्थ्य केंद्र, लोकटक लेक, मणिपुर ड्रोन से वैक्सीन पहुंचाई गई। केवल 15 मिनट में ये दूरी तय की गई।

**मनसुख मांडविया,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना की निंदा करने के लिए मेरे पास शब्द भी नहीं है। वे (भाजपा) लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते है, वे ऑटोक्रेसी चाहते हैं। क्या यह राम राज्य है? नहीं, यह किलिंग राज्य है।

**ममता बनर्जी,** सीएम प. बंगाल

## आज का कार्टून




# दुनिया के खतरा बनती तानाशाह की मिसाइलें

कोरियाई प्रायद्वीप में उत्तर कोरिया की बेलगाम आक्रामकता और अपेक्षाकृत शांत रहने वाले दक्षिण कोरिया का उसके जवाब में पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलेस्टिक मिसाइल के परीक्षण से आणविक युद्ध का खतरा बढ़ गया है। इसका एक कारण यह भी है कि कोरियाई प्रायद्वीप में वैश्विक शक्तियां आमने-सामने हैं और अमेरिकी पूंजीवाद का सामना चीन और रूस की साम्यवादी आक्रामकता से है। कोरिया को लेकर महाशक्तियां दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से ही आमने सामने रही हैं। उत्तर कोरिया की साम्यवादी सरकार ने 1950 में जब दक्षिण कोरिया पर हमला किया था, तब उसे बचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सेना की कमान एक अमेरिकी जनरल मैक ऑर्थर के हाथों में थी। लेकिन तब भी उस युद्ध का निर्णायक समाधान इसलिए नहीं हो सका था क्योंकि चीन के उत्तर कोरिया के साथ आने का अंदेशा था और आज भी हालात जस के तस है। इस घटना के बाद लगभग सात दशकों से दक्षिण कोरिया के अमेरिका से गहरे आर्थिक और सामरिक संबंध हैं और अमेरिका उत्तर कोरिया को लेकर बेहद आक्रामक नीति अपनाएं हुए है। वहीं उत्तर कोरिया में साम्यवादी सत्ता को मजबूत करके रूस और चीन अपने वैश्विक हितों का संवर्धन कर रहे हैं। इसलिए इस प्रायद्वीप की समस्या के शांतिपूर्ण निपटारे के लिए पूंजीवाद और साम्यवाद को मित्रता करनी होगी। लेकिन इसकी संभावना कहीं नजर नहीं आती।

**ब्रह्मदीप अलूने**

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की सामरिक नीति भय और सौदेबाजी से प्रेरित रही है। नब्बे के दशक में परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने की संधि (एनपीटी) पर सहमति जताने वाला उत्तर कोरिया करीब डेढ़ दशक बाद ही इस संधि से हट गया था। किम जोंग हथियारों के निर्माण को राष्ट्रीय सुरक्षा आत्मनिर्भरता से जोड़ते हैं, लेकिन उनके इरादे आशंकित करते रहे हैं। क्रूज मिसाइलें कम ऊंचाई और धीमी रफ्तार से अपने लक्ष्य की ओर जाती हैं। ये मिसाइलें लक्ष्य की ओर जाते समय कई बार मुड़ सकती हैं और दिशा बदलते हुए कहीं से भी हमला कर सकती हैं। उत्तर कोरिया की राष्ट्रीय और वैदेशिक नीति कई दशकों से इन मिसाइलों की तरह ही अप्रत्याशित और असहज करने वाली रही है। इसीलिए समूचा विश्व इस देश से आशंकित रहता है। उत्तर कोरिया इन दिनों एक के बाद एक मिसाइल परीक्षण कर फिरसे आक्रामक इरादों का इजहार कर रहा है। इसका एक प्रमुख कारण चीन की कुटिल भूमिका भी है। वह बड़ी चालाकी से एशिया प्रशांत क्षेत्र के अपने विरोधियों को धमकाने के लिए उत्तर कोरिया का इस्तेमाल करता रहा है।

बीते कई वर्षों से उत्तर कोरिया के परमाणु और बैलेस्टिक मिसाइलों के निरंतर परीक्षण के बाद भी चीन ने उसे संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक प्रतिबंधों से अप्रभावित और अमेरिका के संभावित सैन्य हमलों से बचाए रखा है। उत्तर कोरिया पर विध्वंसक हथियारों की तस्करी के कई मामले सामने आ चुके हैं और यह जाल सीरिया से लेकर म्यांमा तक फैला हुआ है। अब तालिबान जैसे संगठन भी इस अवसर की ताक में है कि वे परमाणु हथियार और मिसाइल हासिल कर लें। इसलिए दुनिया को आतंकवाद और अशांति से बचाने के लिए उत्तर कोरिया को नियंत्रित करना बेहद जरूरी माना जाने लगा है।

कोरियाई प्रायद्वीप में उत्तर कोरिया की बेलगाम आक्रामकता और अपेक्षाकृत शांत रहने वाले दक्षिण कोरिया का उसके जवाब में पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलेस्टिक मिसाइल के परीक्षण से आणविक युद्ध का खतरा बढ़ गया है। इसका एक कारण यह भी है कि कोरियाई प्रायद्वीप में वैश्विक शक्तियां आमने-सामने हैं और अमेरिकी पूंजीवाद का सामना चीन और रूस की साम्यवादी आक्रामकता से है। कोरिया को लेकर महाशक्तियां दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से ही आमने सामने रही हैं। उत्तर कोरिया की साम्यवादी सरकार ने 1950 में जब दक्षिण कोरिया पर हमला किया था, तब उसे बचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सेना की कमान एक अमेरिकी जनरल मैक ऑर्थर के हाथों में थी। लेकिन तब भी उस युद्ध का निर्णायक समाधान इसलिए नहीं हो सका था क्योंकि चीन के उत्तर कोरिया के साथ आने का अंदेशा था और आज भी हालात जस के तस है।

इस घटना के बाद लगभग सात दशकों से दक्षिण कोरिया के अमेरिका से गहरे आर्थिक और सामरिक संबंध हैं और अमेरिका उत्तर कोरिया को लेकर बेहद आक्रामक नीति अपनाएं हुए है। वहीं उत्तर कोरिया में साम्यवादी सत्ता को मजबूत करके रूस और चीन अपने वैश्विक हितों का संवर्धन कर रहे हैं। इसलिए इस प्रायद्वीप की समस्या के शांतिपूर्ण निपटारे के लिए पूंजीवाद और साम्यवाद को मित्रता करनी होगी। लेकिन इसकी संभावना कहीं नजर नहीं आती।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग की सामरिक



नीति भय और सौदेबाजी से प्रेरित रही है। नब्बे के दशक में परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने की संधि (एनपीटी) पर सहमति जताने वाला उत्तर कोरिया करीब डेढ़ दशक बाद ही इस संधि से हट गया था। किम जोंग हथियारों के निर्माण को राष्ट्रीय सुरक्षा आत्मनिर्भरता से जोड़ते हैं, लेकिन उनके इरादे आशंकित करते रहे हैं। समस्या यह भी है कि तमाम वैश्विक प्रतिबंधों के बाद भी उत्तर कोरिया को काबू में नहीं किया जा सका है। नवंबर 2017 में प्योंगयांग ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण कर दुनिया को ठेंगा दिखाने की कोशिश की थी। इसके जवाब में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने उत्तर कोरिया की पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए थे। इन प्रतिबंधों में खासतौर पर पेट्रोलियम पदार्थों को शामिल किया गया है। उत्तर कोरिया अधिकांश पेट्रोलियम पदार्थों का इस्तेमाल अपने परमाणु और बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को पूरा करने के लिए करता है। कोरियाई प्रायद्वीप में समुद्र के रास्ते तस्करी करने की भौगोलिक संभावनाएं उत्तर कोरिया के लिए मुफीद हैं। इसके पश्चिम में पीला सागर, दक्षिण में पूर्वी चीन सागर और पूर्व में जापान सागर है। कहा जाता है कि उत्तर कोरिया पीले सागर में कृत्रिम द्वीप बना रहा है जिनका इस्तेमाल वह सैन्य योजनाओं के लिए करेगा। उत्तर कोरिया द्वारा हथियारों का अवैध व्यापार दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। यदि इसे सख्ती से रोका नहीं गया तो वह समय दूर नहीं जब आतंकियों के पास भी क्रूज मिसाइलों का भंडार होगा। फिलहाल उसकी अर्थव्यवस्था चीन और रूस की सहायता से समुद्र में होने वाली तस्करी से चल रही है। उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक प्रतिबंधों के बाद भी चीन और रूस उसक साथ व्यापारिक संबंध बनाए हुए हैं। ये साम्यवादी देश अमेरिकी को चुनौती देने के उत्तर कोरिया को रोजमर्रा की जरूरतों का सामान मुहैया कराते हैं, साथ ही उसे परमाणु ईंधन और हथियार बनाने के लिए धन, साधन और तकनीक भी देते रहे हैं।

दक्षिण कोरिया की 1953 से अमेरिका के साथ रक्षा संधि है और वहां हजारों अमेरिकी सैनिक और युद्धपोत हमेशा तैनात रहते हैं। दूसरी ओर, चीन और उत्तर कोरिया के बीच 1961 से पारस्परिक सहायता और सहयोग के रक्षा संधि हैं। अमेरिका और चीन दोनों एक दूसरे के कड़े प्रतिद्वंद्वी हैं। चीन पर निगाहें रखने के लिए अमेरिका के लिए दक्षिण कोरिया सामरिक रूप से मुफीद ठिकाना है। वहीं अमेरिका और जापान को धमकाने के साथ समुद्र में अपना प्रभुत्व कायम रखने के लिए चीन को भी उत्तर कोरिया की जरूरत है।

वर्ष 2018 में इस क्षेत्र में शांति की उम्मीदें दिखाई पड़ी थीं। उस समय उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन से मुलाकात करने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंच गए थे। 1953 में कोरियाई युद्ध के बाद वह पहला मौका था जब किसी उत्तर कोरियाई नेता ने दक्षिण कोरियाई जमीन पर कदम रखा था। इस मौके पर उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करके पूरे कोरियाई प्रायद्वीप को परमाणु हथियारों से मुक्त करने के साझा मकसद पर सहमति जताई थी। हालांकि यह उत्तर कोरिया का आर्थिक प्रतिबंधों को कम करके देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास था।

यह देखा गया है कि उत्तर कोरिया आवश्यकता अनुसार शांति के करार करने और उसे तोड़ने का माहिर खिलाड़ी है। इस साल मई में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि वे उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग उन से मुलाकात को तैयार हैं लेकिन दोनों के बीच उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चर्चा होनी चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए उत्तर कोरिया को मनाना मुश्किल काम होगा। जाहिर है, बाइडन यह जानते हैं कि उत्तर कोरिया चीन की दबावकारी और आक्रामक वैश्विक नीतियों में भागीदार है। बाइडन से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किम जोंग-उन के साथ तीन बार मुलाकात की थी जिसका कोई नतीजा नहीं निकला था।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सामरिक संबंध बहुत गहरे हैं, दक्षिण कोरिया अमेरिकी हथियारों का बड़ा खरीददार भी है। जबकि उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था और सामरिक क्षमता पर चीन का कब्जा है। उत्तर कोरिया अपनी जीडीपी का एक चौथाई सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करता है। रूस और चीन के लिए उत्तर कोरिया हथियारों का बड़ा बाजार है। कोरियाई प्रायद्वीप में उत्तर कोरिया के विध्वंसक हथियारों के परीक्षण का जवाब दक्षिण कोरिया से भी आक्रामक तरीके से मिलने से युद्ध की आशंकाओं को बल मिला है, ऐसे में एशिया प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर नया संकट गहरा गया है। हालांकि दोनों देश अब हॉट लाइन संपर्क स्तारित कने को राजी गए गए हैं। लेकिन उत्तर कोरिया के धड़ाधड़ मिसाइल परीक्षण विश्व शांति के लिए चुनौती तो पेश कर ही रहे हैं।

# सहनशीलता जीवन को महाजीवन बनाती है

एक बीज बोकर प्रतिदिन यह देखना कि फल लगे हैं या नहीं, व्यर्थ है। इसलिए कि अभी उसे विकसित होना है। पौधे को वृक्ष बनना है। तभी तो बौर आएगी। फल लगेंगे। इसी तरह मुझे यह बनना है, वह बनना है की इच्छा रखने वाले को परिश्रम और लगन की आवश्यकता पड़ती है। तभी तो जीवन बीज से अंकुर और अंकुर से वृक्ष बनेगा। छाया देगा, फूल देगा और खाने के लिए फल देगा। जीवन में पीड़ा, आंसू और खुशियां कभी शाश्वत नहीं होतीं। जीवन सदैव एक-सा नहीं रहता। मनुष्य केवल जीवन के एक पहलू को देखता और महत्त्व देता है।

**सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

बीज पर चींटियों, अंकुरों पर पक्षियों और पौधों पर पशुओं की नजर रहती है। इन सबसे बचते-बचाते बीज वृक्ष बनता है। फिर वही चींटियां, पक्षी और पशु उसकी छाया में आराम करने आते हैं। जीवन भी उस बीज की तरह होता है। उसे समय देने की आवश्यकता होती है। सहनशीलता जीवन को महाजीवन बनाती है। जीवन में जो छोड़ कर चले गए हैं, उनके लिए दुखी होने की आवश्यकता नहीं है। जो हमारे साथ हैं, उनका आदर करना नहीं भूलना चाहिए। कोई आकर आपके दुख हर लेगा, इस प्रतीक्षा में मत रहिए। स्वयं के लिए धैर्यवान बनिए। अपना महत्त्व समझिए। लोग आपके मन और व्यक्तित्व को नहीं देखते। सुनी-सुनाई पर विश्वास कर लेते हैं। अपनी भड़ास निकाल लेते हैं। मगर कभी-कभी हमारी आंखें ही हमें धोखा दे देती हैं। कई बार सुनी-सुनाई बातों से हम अपना ही नुकसान कर लेते हैं।

देखने में आया है कि यह जीवन रूपी बीज जिनके पास है उन्हें इसका मोल नहीं है। जिसके पास नहीं, उनके लिए अनमोल है। जिस तरह एक बीज को पानी, खाद से सींचा जाता है, उसी प्रकार जीवन को भी प्रेम, आत्मविश्वास, विश्वास से बनाया जाता है। धीरे-धीरे वह बीज बड़ा होता है और एक वृक्ष का रूप ले लेता है। ठीक उसी तरह जीवन भी धीरे-धीरे निकलता जाता है। जैसे एक वृक्ष अपने घने तने और पत्तों से सबको छाया, फल देता और मनोरंजन करता है, उसी प्रकार सभी अपने जीवन में लोगों को प्यार, स्नेह बांटने की कोशिश करते हैं। फिर धीरे-धीरे वृक्ष बूढ़ा होता चला जाता है, उसी प्रकार हमारा जीवन भी धीरे-धीरे बूढ़ा होता जाता है। जिस प्रकार बूढ़े होने के बाद वृक्ष के मायने बदल जाते हैं उसी प्रकार जीवन के भी। कभी-कभी किसी वृक्ष को काट दिया जाता है, जिनसे वे मर जाते हैं। वैसे ही कभी-कभी इस जीवन के खेल में भी कोई बीज तक सीमित रह जाता है, कोई छोटे से पौधे तक और कोई बड़े वृक्ष तक। इसीलिए जीवन बहुत अनमोल है।

एक बीज बोकर प्रतिदिन यह देखना कि फल लगे हैं या नहीं, व्यर्थ है। इसलिए कि अभी उसे विकसित होना है। पौधे को वृक्ष बनना है। तभी तो बौर आएगी। फल लगेंगे। इसी तरह मुझे यह बनना है, वह बनना है की इच्छा रखने वाले को परिश्रम और लगन की आवश्यकता पड़ती है। तभी तो जीवन बीज से अंकुर और अंकुर से वृक्ष बनेगा। छाया देगा, फूल देगा और खाने के लिए फल देगा। जीवन में पीड़ा, आंसू और खुशियां कभी शाश्वत नहीं होतीं। जीवन सदैव एक-सा नहीं रहता। मनुष्य केवल जीवन के एक पहलू को देखता और महत्त्व



देता है। वह सुख चाहता है, लेकिन दुख के लिए तैयार नही रहता। जीवन रूपी सिक्के के दुख और सुख दो पहलू हैं। अगर जीवन में एक आएगा तो निश्चित ही दूसरा भी आएगा। पीड़ा और खुशियां भी ठीक उसी तरह से होती हैं। जीवन सुख-दुख का संगम है।

जीवन में हार-जीत लगी रहती है। इसीलिए हारने पर कुंठित होने और जीतने पर घमंड करने की आवश्यकता नहीं है। जीवन में धोखा मिले तो उससे संभलना सीखिए। बुराई में भलाई करना सीखिए। कहते हैं, हथौड़ों की मार से पत्थर मूरत बनता है। पर चोट पहुंचाने वाला हथौड़ा हमेशा हथौड़ा ही रहता है। समय की चुनौतियों और पीड़ाओं को झेल कर उठने वाला ही महान बनता है। दूसरों को कष्ट पहुंचाने वाला कभी आगे नहीं बढ़ता। धन से सब कुछ खरीदा जा सकता है, यह सबसे बड़ा भ्रम है।

धन केवल भौतिक सुख दे सकता है। मानसिक, नैतिक और बौद्धिक सुख उससे परे रहते हैं। हमारे मानने से जीवन अच्छा या बुरा नहीं बन सकता, बल्कि यह तो है ही अनमोल, बस कुछ लोग अपनी भूल-चूक के चलते अपना जीवन बर्बाद कर लेते हैं और फिर ईश्वर और भाग्य को दोष देने लगते हैं। मगर जो समझदार होते हैं वे इसकी कीमत जानते हैं। वे हर समय अपने जीवन को बेहतर बनाने में लगे रहते हैं। इसलिए जीवन किसी के दृष्टिकोण से अच्छा या बुरा नहीं बनता, बल्कि उनके कर्मों पर निर्भर करता है कि वह उनके लिए सुंदर होगा या नहीं। यथासंभव जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ इसे सही ढंग से जीने पर ध्यान देना चाहिए।

पत्ते खाने से अगर ज्ञानी बन जाते तो बकरियां आज महाज्ञानी होतीं। स्नान करने से अगर पापों से मुक्ति मिल जाती तो मछलियां कब की मोक्ष को प्राप्त हो जातीं। अगर सिर के बल तपस्या करने से भगवान की प्राप्ति होती, तो चमगादड़ को कब के भगवान मिल जाते। जो आपके भीतर नहीं है वह बाहर नहीं मिलेगा। वह तो आपके भीतर ही मिलेगा। चार दिन की दुनिया में रोने के लिए समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। जन्म और मृत्यु के बीच लहरों-सा मचलने वाला जीवन सकारात्मक रहने का नाम है। इसलिए इसके हर क्षण को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। समझिए तो जीवन सरल है, नहीं तो अनंत गूढ़ रहस्य।

## गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने त्यौहारों का जश्न मनाने के लिये 'गिफ्टिंग द प्रॉमिस ऑफ सिक्योरिटी' का कॉन्सेप्ट पेश किया

**पटना( बिभा संवाददाता)।** त्यौहारों का मौसम आने वाला है, ऐसे में गोदरेज ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के बिजनेस गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने 'गिफ्टिंग द प्रॉमिस ऑफ सिक्योरिटी' का कॉन्सेप्ट पेश करने की घोषणा की है। यह कॉन्सेप्ट लोग अपने प्रियजनों के लिये अपना सकते हैं, क्योंकि निजी सुरक्षित हलकों में सामाजिक संवाद बढ़ रहा है। इसके हिस्से के तहत, कंपनी ने चुनिंदा होम लॉकर्स की खरीदारी पर निश्चित उपहारों की घोषणा की है। यह ऑफर देशभर में 31 दिसंबर, 2021 तक वैध रहेगा।

### उपभोक्ताओं को मिलेगा चुनिंदा होम लॉकर्स की खरीदारी पर निश्चित उपहार

कोविड से जुड़े प्रतिबंधों में छूट के साथ, उपभोक्ता धीरे-धीरे एक बार फिर खर्चे शुरू कर चुके हैं, जिससे मांग बढ़ी है। हालांकि, अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने त्यौहार के खर्चों और टच पॉइंट्स को रणनीतिक रूप से डिजिटल प्रमोशंस पर केन्द्रित किया है। क्योंकि कुछ क्षेत्रों में जमीनी स?तर का संवाद और फ्री मूवमेंट अब भी प्रतिबंधित है। गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 60त्न और जमीनी स्तर के एक्टिवेशंस पर 40त्न खर्च कर रहा है। त्यौहारों के इस मौसम में डिजिटल मीडिया की बड़ी महत्ता है, जिसे देखते हुए कंपनी ने सभी संभव सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब, हॉटस्टार, यूट्यूब बैनर्स, एमएक्स प्लेयर, आदि द्वारा उपभोक्ताओं तक पहुँचने की योजना बनाई है। इसके अलावा, ऑन-ग्राउंड ब्रांडिंग विभिन्न रिटेल दुकानों पर होर्डिंग्स के माध्यम से और प्रिंट में विज्ञापन देकर होगी।

गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के वाइस प्रेसिडेंट मेहरनोश पीठावाला ने कहा, मौजूदा फेस्टिव सीजन हमें देशभर के उपभोक्ताओं के लिये स्वास्थ्य और सुरक्षा के वादे का उपहार देने के कॉन्सेप्ट को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन मौका दे रहा है। कुल मिलाकर, मेट्रो शहरों और टीयर 2 तथा टीयर 3 कस्बों में उपभोक्ताओं के बीच त्यौहारों के मौसम को लेकर रूझान बहुत सकारात्मक लग रहा है। महामारी ने उपभोक्ताओं को अहसास कराया है कि होम सर्विलांस कितना जरूरी है। क्योंकि इससे वे न केवल अपनी सपंत्ति की सुरक्षा कर सकते हैं, बल्कि दूर बैठे अपने प्रियजनों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने हाल ही में भारत की सबसे सुरक्षित होम कैमरा रेंज 'स्पॉटलाइट' लॉन्च की थी। भारत में डिजाइन और निर्मित किए गए यह अभिनव उत्पाद भारतीयों के लिये श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा की पेशकश करता है, ताकि ग्राहक का घर और निजी डाटा सुरक्षित रहे। भारत के घरों में कनेक्टेड डिवाइसेस के इस?तेमाल को लोकप्रियता मिल रही है। इसलिये त्यौहारों के इस मौसम में अपने प्रियजनों को होम कैमरा उपहार में देना आदर्श रहेगा, ताकि वे हर समय सुरक्षित रहें।

## डाबर ने दिशा पाटनी को बनाया गुलाबारी की नई ब्राण्ड अम्बेसडर

**पटना( बिभा संवाददाता)।** डाबर इंडिया ने आज गुलाब के गुणों से भरपूर अपने स्किन केयर ब्राण्ड गुलाबारी के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी को अपनी नई ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। दिशा अब से डाबर गुलाबारी का नया चेहरा होंगी और विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर ब्राण्ड के विज्ञापनों में नज़र आएंगी। डाबर गुलाबारी भारत के सबसे भरोसेमंद ब्यूटी एवं स्किन केयर ब्राण्ड्स में से एक है, जो चमकती खूबसूरत त्वचा और गुलाबों जैसे निखार का वादा करता है। प्रकृति के गुणों से भरपूर डाबर गुलाबारी, दिशा की प्राकृतिक खूबसूरती के साथ परफेक्टली मैच करता है। दिशा पाटनी का व्यक्तित्व डाबर गुलाबारी ब्राण्ड की तरह है, वे उन हज़ारो टीनएज लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो सपने देखने और इन्हें पूरा करने की हिम्मत रखती हैं। हमें खुशी है कि दिशा पाटनी हमारे ब्राण्ड के साथ जुड़ने जा रही हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह एसोसिएशन आज के दौर के उपभोक्ताओं के साथ हमारे रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा तथा युवा एवं टीनएज लड़कियों को ब्राण्ड की ओर लुभाने में कामयाब होगा। डाबर इंडिया लिमिटेड में वाईस प्रेज़ीडेन्ट-मार्केटिंग श्री अभिषेक जुगरान ने कहा। इस अवसर पर डाबर ने गुलाबारी को नई, बेहतर एवं रिफ्रैशिंग पैकिंग में लॉन्च किया है। ब्राण्ड को और भी बेहतर बनाने के लिए हम डाबर गुलाबारी को नई पैकिंग में लेकर आए हैं, जो आधुनिक उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। मुझे विश्वास है कि नई ब्राण्ड अम्बेसडर और नई पैकिंगए ब्राण्ड की स्थिति को और भी मजबूत बनाएंगे तथा ज़्यादा से ज़्यादा उपभोक्ताओं को लुभाने में कामयाब होंगे। श्री जुगरान ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा।




# लाखों की लागत से बने श्मशान घाट में एक अदद विद्युत आपूर्ति

## ● कीचड़ व जंगलों के बीच अंधेरे में होता है दाह संस्कार

**रक्सौल (बिभा संवाददाता)।** सबसे पहले शहर के प्रमुख व्यवसायी रह चुके स्व. गोपीराम धनोठिया ने तकरीबन 2 दशक पूर्व मोक्ष धाम का निर्माण कराया। उसके 5-7 वर्ष बाद आई बाढ़ ने धाम पर निर्मित शव गृह आदि को नदी बहा ले गयी। कुछ हिस्सा बचा था तो वहाँ के चोरो ने भी उसमें प्रयुक्त छड़ को काट ले गए। मिलाजुलाकर वहाँ का निर्मित भवन बचा हुआ है, जिसपर भगवद्गीता का श्लोक भी लिखा गया है। उसके बाद फिर एक बार यह श्मसान घाट की हालत बुरी हो गयी। इस मोक्ष धाम के लिए स्व. धनोठिया ने अपने ख़रीदगी जमीन तत्कालीन जिलाधिकारी के कहने पर उन्होंने इस जमीन को राज्यपाल के नाम से कर दिया ताकि सरकारी फंड मिल सके और इसका बेहतर निर्माण हो सके, परन्तु अचानक जिलाधिकारी का तबादला हो गया तो फिर काम अटक गया। फिर स्व. धनोठिया के पुत्र गणेश धनोठिया ने इसके लिए प्रयासरत रह कर नगरपरिषद से इसे पास कराया। तब जाकर इसके लिए फंड पास हुआ। श्री धनोठिया ने आरोप लगाते हुए बताया कि इसके लिए 41 लाख रुपये का फंड



आया, परन्तु महज 25त्न राशि का उपभोग कर बाकी बंदरबांट कर लिया गया। जिसकी सुधि लेने वाला कोई नही है। इसके लिए उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी के माध्यम से अनुमण्डल पदाधिकारी, जिलाधिकारी व नगर विकास मंत्री को पत्र लिखा है और बताया है कि जैसे-तैसे इसका निर्माण करा दिया गया। श्मशान घाट तक जाने के लिए एक अदद सड़क तक नही बना, पूरे कीचड़ से होकर जाना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क को अतिक्रमित कर लिया गया, आवेदन पर अब तक कोई संज्ञान भी नही लिया गया है। खैर इतने लागत के बावजूद भी वहाँ सबसे बड़ी समस्या विद्युत की है। दिन में तो कोई दिक्कत नही होती, परन्तु रात में गंभीर समस्या होती है। एक तो चारो तरफ से जगंल-झाड़ी है, दूसरा रास्ते मे कीचड़ है और एक तरफ नदी है। रात के अंधेरों में शव दहन के लिए गए लोगों ने काफी नाराजगी जताई। भवन व आसपास एक भी विद्युत बल्ब की आपूर्ति नही है। जब यह क्षेत्र नगर परिषद में आता है तो फिर नगर व वार्ड को चमकाने का जिम्मा उठाने वाले ने ऐसा क्यों नही किया कि वहाँ भी विद्युत आपूर्ति हो सके और रात के अंधेरे में रौशनी जगमगाती रहे ताकि जाने व रुकने में सहूलियत के साथ कीड़े-मकोड़े से बचाव हो सके। वरना श्मशान घाट की दुर्दशा देख मरने वाले भी रोते जाएंगे मरने के बाद भी हमे एक अदद बेहतर शव दाह घर मतलब मोक्ष धाम नसीब न हुआ।

# सेवा समर्पण अभियान के तहत दिव्यांगों, अनाथों व बुजुर्गों के बीच वस्त्र वितरण


**रक्सौल (बिभा संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पूरे देश में बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा समर्पण अभियान मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में रक्सौल में भी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा सेवा समर्पण अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन बीजेपी नगर अध्यक्ष के अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी, सोशल मीडिया राजकुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। इस दौरान पार्टी के अध्यक्ष वरुण सिंह के साथ सांसद प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता राजकिशोर राय उर्फ भगत जी, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गणेश अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष वरुण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह, महामंत्री गणेश यादव, अशोक पांडेय व राजकिशोर राय को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद दिव्यांगों, अनाथों व बुजुर्गो के बीच वस्त्र का वितरण कर यह अभियान मनाया गया। इस दौरान श्री गुप्ता ने कहा कि पीएम के सोच के साथ कदम से कदम मिलाकर उनके सपनों को पूरा करना हम सब का कर्तव्य है। इसी सोच के तहत इनलोगों के बीच खुशियां मनाते हुए पीएम श्री मोदी का जन्मदिवस मनाया जा रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि हमे गर्व है कि हमें ऐसे प्रधानमंत्री मिले जो धरातल से जुड़कर काम करते हैं, हमें उनसे प्रेरणा मिलती है। वही जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने इस कार्य को पूण्य का काम बताया और श्री गुप्ता के बातों का समर्थन किया। वहीं श्री राय ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिव्यांगों, असहायों व बुजुर्गो के बीच वस्त्र वितरण कर इस कार्य पुनीत कार्य बताया। मौके पर अशोक श्रीवास्तव, धर्मराज राय, मनोज कुमार, नगर उपाध्यक्ष देशबंधु गुप्ता, रमेश गुप्ता, धीरज पटेल, रोहित दास, इरफान अहमद, ध्रुव प्रसाद व राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।




## ऑफिसर बनने का प्लेटफार्म तैयार कर रहा, सेवक संजयनाथ नवोदय/सैनिक स्कूल कोचिंग संस्थान

### 4 बच्चे नवोदय स्कूल के लिए हुए चयनित

**रक्सौल (बिभा संवाददाता)।** नागा रोड पिपराघाट वार्ड-23 व डंकन रोड फेथ एकेडमी स्थित सेवक संजय नाथ नवोदय/सैनिक स्कूल कोचिंग संस्थान वर्ष 2001 से लगातार रिजल्ट देते हुए फिर एक बार यहाँ के छात्र अव्वल हुए है और नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुए हैं। संस्था के रेक्टर सेवक अशोक कुमार ने बताया कि इस बार उनके यहाँ से 4 बच्चे चयनित हुए हैं, जिनमें मुख्य पथ समीप निवासी सुनील कुमार गुप्ता के पुत्र ईशान गुप्ता, काली नगरी निवासी उमेश प्रसाद के पुत्र अमन कुमार, मौजे निवासी ध्रुवनारायण प्रसाद की पुत्री प्रगति कुमारी व लोहापट्टी निवासी बलराम प्रसाद के यहाँ से सान्वी साक्षी शामिल हैं। अशोक कुमार ने यह भी बताया कि वे रक्सौल के बच्चों को ऑफिसर बनाने हेतु एक प्लेटफॉर्म तैयार करते है। प्रतिवर्ष बच्चे रिजल्ट देकर रक्सौल की धरती का नाम रौशन कर रहे है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में नामंकन के लिए अभी नवोदय विद्यालय 6 एवं 9 तथा सिमुलतला विद्यालय में वर्ग 6 में नामांकन के लिए फॉर्म भरा जा रहा है। उन्होंने बताया कि नेपाल के बीरगंज आदि सीमाई इलाकों में रहने वाले भारतीय भी इस कार्य के लिए संपर्क कर सकते हैं।



## बिहटा में होटल पनाश इन का हुआ शुभारंभ




**पटना( बिभा संवाददाता)।** राजधानी के प्रतिष्ठित होटलों में शुमार होटल पनाश ने बिहटा में अपनी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण ÷होटल पनाश इन÷ की शुरुआत की। होटल का शुभारंभ मुख्य अतिथि होटल पनाश के चेयरमैन दिलीप कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि दिलीप कुमार ने बताया कि बिहटा अन्य इलाकों कि तुलना में हमेशा से अत्याधुनिक होटलों कि कमी को महसूस कर रहा था पर बिहटावासिओं कि इस जरुरत को पूरा करने के लिए अब अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हमारा ÷होटल पनाश इन÷ अब आ गया है। उन्होंने कहा कि हमारा यह होटल आधुनिक समय की हर सुविधाओं से लैश है तथा बिहटावासिओं को बेहतरीन सुविधाओं से परिचित कराने की दिशा में यह हमारा प्रथम प्रयास है। वहीं होटल के आईटी एवं एचआर मैनेजर राजीव कुमार ने बताया कि इस हमारे होटल में अत्याधुनिक सुविधाओं से पूर्ण बैंक्वेट हॉल, रेस्टुरेंट, कैफे, लाउन्ज, रूम्स और लॉन्स मौजूद हैं जो ग्राहकों के कार्यक्रम के आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थान साबित होगा। होटल में आने वाले ग्राहकों को सभी सुविधाओं के साथ वाई - फाई कि सुविधा प्रदान कि जाएगी। होटल के एफ एंड बी मैनेजर विवेकानंद ने कहा कि हम बिहटावासिओं को अपने इस होटल के द्वारा एक नया एवं सुखद अनुभव प्रदान करने के लिए आमंत्रित करते हैं तथा सदैव उनके सहयोग कि उपेक्षा करते हैं। मौके पर होटल के यूनिट हेड विकाश कुमार,एक्सक्यूटिव शेफ बालमुकुंद प्रसाद ,रेवेनु मैनेजर राहुल कुमार ,ऑपरेशन मैनेजर कुमोद शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।फ़ूड मेनू भी यहाँ के परिस्थिति को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

## क्राईम मीटिंग कर थानाध्यक्षों को एएसपी ने दिये कड़े निर्देश

**रक्सौल( बिभा संवाददाता)।** प्रत्येक माह की भांति इस महीने भी अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित एसडीपीओ कक्ष में क्राईम मीटिंग का आयोजन किया गया। परन्तु इस बार मुख्य फोकस आगामी पंचायत चुनाव को लेकर रहा। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी सह एएसपी प्रशिक्षु आईपीएस चंद्र प्रकाश ने निर्देश दिया कि सभी थानाध्यक्ष संवेदनशील स्थलों पर निगरानी रखेंगे। वहीं श्री प्रकाश ने सभी वारंटियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश थानाध्यक्षों को दिया। जबकि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश एएसपी श्री प्रकाश ने दिया।



चुनाव के दौरान 107 द.प्र.स. के तहत थानाध्यक्षों को निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश भी उन्होंने दिया। वहीं इसके साथ सभी थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक कर्तव्य निभाने व बेहतर तरीके से थाना का संचालन करने का निर्देश दिया। अपने-अपने क्षेत्र में गश्ती में तेजी बनाये रखने का भी उन्होंने सख्त निर्देश दिया। वहीं एएसपी ने कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस बल शराबबंदी पर विशेष ध्यान देते हुए शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने, शराब जब्त करने व शराबियों पर नकेल कसें। जबकि विभिन्न कांडो का समीक्षा करने के बाद उन्होंने मामलों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश उन्होंने दिया। वहीं दुर्गा पूजा को लेकर पूजा पंडालो का निरीक्षण कर उन्हें सभी मानकों को पूरा कराकर ही आदेश निर्गत करने की बात कही। मौके पर रक्सौल इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष शशिभूषण ठाकुर, सुगौली इंस्पेक्टर अभय कुमार, हरैया ओपी प्रभारी गौतम कुमार, भेलाही ओपी प्रभारी मनोज कुमार, रामगढ़वा थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, पलनवा थानाध्यक्ष प्रभाकर पाठक, आदापुर थानाध्यक्ष संदीप कुमार, हरपुर ओपी प्रभारी शशिभूषण शर्मा, नकरदेई थानाध्यक्ष उदय कुमार पासवान, दरपा थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह, छौड़ादानो थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व महुआवा थानाध्यक्ष रामउदय सहित अन्य मौजूद थे।

## फेसबुक पर हथियार लहराना युवक को पड़ गया महंगा, भेजा जेल

### हथियार कारतूस व मोबाइल बरामद



**चकिया (बिभा संवाददाता)।** फेसबुक पर हथियार लहराना ओर लोगो को भयभीत करना युवक को उस समय महंगा पड़ गया। जब मोतिहारी के चकिया पुलिस ने उसे रंगे हाथ हथियार, जिंदा कारतूस व जिस मोबाइल का प्रयोग उसने फेसबुक पोस्ट के रूप में इस्तेमाल किया था, उसको बरामद कर लिया गया। पकड़े गये आरोपी चकिया थाना क्षेत्र के गोलू पांडेय उर्फ अमित पांडेय पिता गुड्डू पांडेय है, जिसके ऊपर जिले में आर्म्स एक्ट व रंगदारी के कई मामले दर्ज है।गिरफ्तार गोलू उर्फ अमित को गिरफ्तार करने के बाद चकिया पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे मोतिहारी केंद्रीय कारा में भेज दिया है और उसके आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी हुई है।

## लखीमपुर खीरी घटना के खिलाफ योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन

**रक्सौल( बिभा संवाददाता)।** मंगलवार को शहर के किसान नेता चौधरी चरण सिंह गोलम्बर कौड़िहार चौक पर रक्सौल युवा कांग्रेस के बैनर तले रक्सौल विधानसभा अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तानाशाही बताते हुए पुतला दहन किया गया। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव सह गोपालगंज प्रभारी प्रो. अखिलेश दयाल ने कहा कि लखीमपुर-खीरी में सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन कर रहे चार किसानों का नरसंहार और राज्य गृहमंत्री के पुत्र के द्वारा यह अंजाम देना यह दर्शा रहा है कि योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में मंत्री के युवराज पुत्र भी हिटलरशाही नीतियों का अनुसरण कर रहे हैं। केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार उन्हें बढ़ावा दे रही है, जो उत्तरप्रदेश के इतिहास में काला अध्याय है। अनेकों प्ले कार्ड के द्वारा किसानों की हत्यारी योगी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। योगी सरकार होश में आओं, अब याचना नहीं रण होगा, अबकी बार हत्यारी सरकार, किसानों पर अत्याचार नहीं सहेगा हिन्दुस्तान इत्यादि नारों के साथ योगी सरकार को घेरा गया। प्रदेश महासचिव ने कहा कि किसानों के नरसंहार की घटना सुनकर उत्तरप्रदेश विपक्ष की एकमात्र आवाज दीदी प्रियंका गांधी जब पीड़ित किसान परिवार से मिलने जाती है तो रास्ते में असंवैधानिक तरीके से उन्हें रास्ते में गिरफ्तार कर लिया जाता है। योगी आदित्यनाथ को यह डर सताने लगा है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने वाली है, जिसका प्रमाण सरकार की सरकार की हिटलरशाही और तानाशाही नीतियां हैं। प्रदेश महासचिव ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के पूर्व संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में व्यापारी मनीष गुप्ता की पुलिसिया बर्बरता के कारण संदेहास्पद मौत स्थानीय डीएम और एसपी का शिकायतकर्ता का आवेदन न लेना यह दर्शा रहा है कि वर्दी के आगे खादी नतमस्तक है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि विगत एक वर्षो से किसानों का तीन काले कानून को लेकर सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन हिटलरशाही सरकार के मंत्रियों को फुर्सत तक नहीं है कि किसानों से वार्ता की जाए। अभी तक 700 किसानों की मौत हो चुकी है। केन्द्र की अहंकारी सरकार लापरवाह और किसानों के प्रति असंवेदनशील है। लखमीपुर खीरी किसान नरसंहार का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लेकिन निक्कमी योगी सरकार को हिम्मत नहीं है कि अपने मंत्री के पुत्र की गिरफ्तारी कर सके आखिर मजबूरी क्या है? प्रदेश महासचिव ने कहा कि आज देश का सबसे बड़ा प्रदेश उत्तरप्रदेश और विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत को योगी और मोदी के तानाशाही और हिटलरशाही नीतियों से पुरा देश त्रस्त हो गया है।



# राजद के इतिहास और चरित्र रहा है गठबंधन का साथियों को धोखा देना : अरविन्द सिंह

**पटना(बिभा संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि राजद का इतिहास और चरित्र रहा है गठबंधन के साथियों को धोखा देना।

आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी जब पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने तो भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से बने, जिसके बदले में श्री लालू प्रसाद यादव जी ने भारतीय जनता पार्टी को धोखा दिया। उसके बाद उन्होंने झारखंड में शिबू सोरेन जी के पार्टी झामुमो को धोखा दिया, आदरणीय श्री जीतन राम मांझी जी के हम पार्टी को धोखा दिया, श्री मुकेश साहनी जी के पार्टी को धोखा दिया वीआईपी को, श्री उपेंद्र कुशवाहा जी को भी उन्होंने धोखा देने का काम किया और अब उनके सबसे लंबे समय के साथी कांग्रेस को तो उन्होंने अपनी औकात पर ला कर खड़ा कर दिया है।

श्री अरविन्द ने कहा कि इससे यह बात तो जग जाहिर हो गया है कि राजद के नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव जी और उनकी पार्टी ने जिन नेताओं को औकात बताई वह कहीं ना कहीं किसी जाति समुदाय का नेतृत्व करते थे उनमें यह प्रमुख समुदाय है। पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, कहीं न कहीं इन सभी समुदायों को धोखा देने और ठगने का काम राजद नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव अपने एरोगेंसीं के साथ किए।

इन नेताओं को उसी समय समझ लेना चाहिए था कि जो व्यक्ति अपने बड़ा भाई का ना हो सका वें महागठबंधन के दलों के नेताओं का क्या होगा।

हां जिनका स्वाभिमान और जमीर जाग गया, जिनमें में थोड़ा सा भी अपना लोक लाज बचा हुआ था, जिन पार्टियों का, जिन नेताओं का, वह राजद और महागठबंधन से बाहर चले गए। और वें आज बिहार के विकास में लगे हुए हैं, और वें विकास उन्मुख राजनीत के सिद्धांत पर चल चुके हैं।

वैसे तो देखा जाए तो कांग्रेस पार्टी में न नेता है, न नियत है, न नीति है, न जमीर बचा है, ना कोई सिद्धांत है, जिसके कारण आज पूरे देश में यह छोटे छोटे दलों का पिछलग्गू बने हुए हैं। और इनके नेता अभी तक घोटालों से अमीर बने हैं, और अभी भी उसी में मस्त हैं।

# मलाही पकड़ी चौराहे के पूरब की जमीन नगर निगम की है जो मेट्रो रेल को हस्तांतरित की गई

**पटना(बिभा संवाददाता)।** अतिक्रमणकरियों द्वारा झोपड़ी का निर्माण कर दिए गए हैं जिसके कारण मेट्रो का निर्माण कार्य बाधित है। यद्यपि जिला प्रशासन द्वारा कार्यहित मे जमीन को खाली कराने हेतु कई बार समझाने बुझाने , वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा खाली कराने का प्रयास किया गया। मायकिंग भी कराई गई। किंतु अनसुनी की जाती रही। मेट्रो रेल के निर्माण कार्य की आवश्यकता को देखते हुए एक बार पुनः आज अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था के नेतृत्व में जिला नियंत्रण कक्ष की टीम द्वारा खाली कराने का प्रयास किया गया किंतु समझाने बुझाने के क्रम में अतिक्रमणकारियों द्वारा ईट पत्थर का पथराव किया जाने लगा। फलत~ सुरक्षात्मक एवं बचाव के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन द्वारा हल्का बलप्रयोग करना पड़ा। स्थिति बिल्कुल नियंत्रित एवं शांतिपूर्ण है।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ब्लू फ्लैग गोल्डन बीच पुरी उड़ीसा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**पटना(बिभा संवाददाता)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ÷आजादी का अमृत महोत्सव÷ के उपलक्ष्य में उड़ीसा के पुरी स्थित ब्लू फ्लैग गोल्डन बीच पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में गुरुवार को शिरकत करेंगे।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 4 से 10 अक्टूबर तक देश के विभिन्न ब्लू फ्लैग बीच पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस कड़ी में 7 अक्टूबर को पूरी स्थित ब्लू फ्लैग गोल्ड पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य समुद्री तटों को प्रदूषण से मुक्त बनाने एवं साफ सफाई पर जनमानस को जागरूक करना है।

# बीमार-थके, सजायाफ्ता लालू प्रसाद का अब कोई असर नहीं: सुशील कुमार मोदी



**पटना(बिभा संवाददाता)।** 2010 में उनके धुआंधार प्रचार के बावजूद पार्टी 22 पर सिमट गई थी

1. बीमार, सजायाफ्ता और थके हुए लालू प्रसाद अब बिहार की राजनीति का इतिहास बन चुके हैं। उनके सोशल मीडिया पर लिखने-बोलने या सीधे प्रचार में उतरने से भी कोई फर्क नहीं पड़ता। जब उनका परिवार ही उनकी बात नहीं सुन रहा और पार्टी पर पकड़ ढीली हो चुकी है, तब समझदार मतदाता उन्हें क्यों गंभीरता से लेंगे?

2. बिहार की पहली एनडीए सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर जब 2010 में विधानसभा के चुनाव हुए थे,तब सरकार तीन चौथाई बहुमत से सत्ता में लौटी थी। राजद मात्र 22 सीटों पर सिमट गया था। तब लालू प्रसाद जेल में नहीं थे। उनके धुआंधार प्रचार रूई के बादल की तरह उड़ गए थे। लोगों ने लालू राज की वापसी रोकने और एनडीए के काम को फिर मौका देने के लिए जमकर वोट दिया था। एनडीए पर आज भी जनता का भरोसा अटूट है।

# शोक संदेश

**पटना(बिभा संवाददाता)।** राष्ट्रीय जनता दल ने पार्टी के नागालैण्ड के प्रदेश अध्यक्ष खेटोबी किन्नी के असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। राजद के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सह विधायक श्री तेजप्रताप यादव, सांसद डॉ0 मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व प्रदेष अध्यक्ष डॉ0 रामचन्द्र पूर्वे, अब्दुलबारी सिद्दिकी, रमई राम, उदय नारायण चैधरी, श्याम रजक ,भोला यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ0 तनवीर हसन, प्रधान महासचिव आलोक कुमार मेहता,सुरेष पासवान, प्रदेष प्रवक्ता चितरंजन गगन, कार्यालय सचिव चन्देश्वर प्रसाद सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि खेटोबी किन्नी मृदुभाषी थे। पार्टी के सेवा हमेशा तत्पर रहते थे । उनके असामयिक निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक जगत की अपूरनीय क्षति हुई है।

# गांगेय डॉल्फिन की जनसंख्या गणना का अभियान शुरू होगा: अश्विनी चौबे

**पटना (बिभा संवाददाता)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि गांगेय डॉल्फिन की जनसंख्या गणना की जाएगी। हाल ही में मंत्रालय ने इसे लेकर एक गाइडलाइन भी जारी किया है। डॉल्फिन की गणना वैज्ञानिकों, वन विभागों, गैर सरकारी संगठनों के विशेषज्ञों, स्थानीय लोगों आदि की भागीदारी से की जाएगी और यह एक संयुक्त प्रयास होगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भागलपुर वन प्रमंडल द्वारा गांगेय डॉल्फिन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का प्राथमिक लक्ष्य डॉल्फ़िन का संरक्षण और नदियों पर निर्भर समुदायों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है। डॉल्फ़िन का संरक्षण लोगों और जैव विविधता के बीच एक सहजीवी संबंध और जैव विविधता के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री चौबे ने प्रोजेक्ट डॉल्फिन के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इस प्रोजेक्ट के तहत डॉल्फिन का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाएगा।विक्रमशिला गांगेए डॉल्फिन आश्रयणी को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में सारे आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण करवाया जाएगा। 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च करने घोषणा की थी। इस



प्रस्तावित परियोजना का उद्देश्य नदी और समुद्री डॉल्फिन की सुरक्षा करना है।

श्री चौबे ने कहा कि भारत सरकार डॉल्फ़िन के साथ-साथ घड़ियाल, कछुओं, मछलियों, पक्षियों आदि जैसी अन्य संबद्ध प्रजातियों के संरक्षण के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना, जिसका नाम %प्रोजेक्ट डॉल्फ़िन% है, को आगे बढ़ा रही है। डॉल्फ़िन प्राचीन काल से भारत में रही हैं। डॉल्फ़िन नदी प्रदूषण को नियंत्रित करने में योगदान देती हैं और इस तरह पानी की गुणवत्ता में सुधार करने में सक्षम होती हैं। भारत में डॉल्फिन अधिक संख्या में असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों में पाई जाती है। भारत मे 3 हजार के करीब डॉल्फिन है। गंगा के साथ सहायक नदियों में भी डॉल्फिन है।

उन्होंने कहा कि बिहार में सुल्तानगंज से लेकर कहलगांव तक के करीब 60 किलोमीटर क्षेत्र को %गैंगेटिक रिवर डॉल्फिन संरक्षित क्षेत्र% घोषित किया था। डॉल्फ़िन परियोजना में डॉल्फ़िन के संरक्षण और स्थानीय समुदायों के लिए बेहतर आजीविका के अवसर के दोहरे उद्देश्य के साथ डॉल्फिन पर्यटन को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि कनाडा एवं जापान की तर्ज पर बिहार में एवं अन्य जगहों पर जहां डॉल्फिन हैं वहां पर डॉल्फिन दर्शन केंद्र की स्थापना हो।

इससे आसपास के क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। नाव संचालक, डॉल्फिन दिखाने के लिए गाइड, स्थानीय व्यंजनों और हस्तशिल्प आदि का भी बढ़ावा इसके जरिए मिलेगा। साथ ही डॉल्फ़िन पर्यटन से लोगों में डॉल्फ़िन के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और स्थानीय मछुआरे समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों में भी वृद्धि होगी। डॉल्फ़िन प्रोजेक्ट में डॉल्फ़िन मित्र बनाने का भी प्रस्ताव है।, जिसमें स्थानीय समुदाय, मुख्य रूप से मछुआरे, डॉल्फ़िन के मित्र होने के नाते उनकी सुरक्षा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गंगा नदी के तट के दोनों ओर के स्थानीय लोग, उसकी सहायक नदियाँ और वितरिकाएँ डॉल्फिन मित्र के रूप में शामिल होंगी। वे लोगों को डॉल्फिन संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। भारत सरकार डॉल्फिन परियोजना के कुछ हिस्से का वित्तपोषण करेगी। राज्य सरकार द्वारा डॉल्फिन के आश्रयणी क्षेत्र में आधुनिक यंत्रों के सहारे डॉल्फिन के व्यवहार एवं संरक्षण के लिए डॉल्फिन मॉनिटर स्टेशन स्थापित किया जाएगा। जीपीएस सेटेलाइट टैग* के माध्यम से डॉल्फिन का वास्तविक काल में व्यवहार का अध्ययन करने की भी योजना है।डॉल्फिन संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़े मानव बल को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार की जाएगी। डॉल्फिन का संरक्षण एवं संवर्धन कार्य को कुशलता संपादित करने के लिए डॉल्फिन संरक्षण बल का गठन किया जाएगा। बिहार में डॉल्फिन मित्र के मानदेय की राशि भी निर्गत कर दी गई है। इस मौके पर मंत्रालय के अधिकारी सहित भागलपुर वन प्रमंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# पीएम मोदी का सपना हर व्यक्ति का हो, घर अपना : नंदकिशोर

## हर गरीब को घर उपलब्ध कराने को प्रधानमंत्री कृत संकल्पित

**पटना(बिभा संवाददाता)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि हर व्यक्ति के सिर के ऊपर छत हो। कोई बेघर न रहे। उनका सपना है कि सब का अपना घर हो। इसलिए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना का तेजी से कार्यान्वयन कर रही है।



श्री यादव ने आज यहां कहा कि 2014 के बाद से केंद्र की एनडीए सरकार ने पीएम आवास योजना के तहत शहरों में 1 करोड़ 13 लाख से ज्यादा घरों के निर्माण की मंजूरी दी थी। इनमें से 50 लाख से ज्यादा घर बनाकर, गरीबों को सौंपा भी जा चुका है। सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2022 तक देश भर में 20 मिलियन घरों का निर्माण करके % सबके लिए घर (हाऊसिंग फॉर ऑल) के उद्देश्य को प्राप्त करना है। श्री यादव ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत जो घर दिए जा रहे हैं, उनमें 80 प्रतिशत से ज्यादा घरों पर मालिकाना हक महिलाओं का है या फिर वे संयुक्त रूप से मालिक हैं। श्री यादव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 75 हजार लाभार्थियों को घरों की चाबी सौंपी। साथ ही देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 'न्यू अर्बन इंडिया' थीम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से पीएम ने बातचीत की और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। प्रधानमंत्री से बातचीत कर लोग काफी खुश दिखे।

# राजद के खिलाफ पप्पू यादव को उम्मीदवार बनाने की तैयारी में कांग्रेस, दोनों सीटों पर चुनौती देने की तैयारी

**पटना, (बिभा संवाददाता)।** बिहार में राजद और कांग्रेस के बीच जंग अब खुलकर सामने आ गई है। राजद के नेता कांग्रेस की औकात पर बात कर रहे हैं तो कांग्रेस ने राजद को सबक सिखाने के लिए मजबूत उम्मीदवार तलाश लिया है। ऐसी चर्चाएं हैं कि कांग्रेस ने बिहार विधानसभा उप चुनाव के लिए जाप के सुप्रीमो पप्पू यादव को उम्मीदवार बनने के लिए आफर दिया है। पप्पू को कांग्रेस अपने टिकट पर चुनाव मैदान में उतारना चाहती है। पप्पू की पत्नी रंजीत रंजन कांग्रेस की नेता हैं और सांसद भी रह चुकी हैं। यह सामने नहीं आया है कि पप्पू यादव ने इस आफर पर क्या फैसला लिया है। कांग्रेस ने अभी आधिकारिक तौर पर इस बारे में कुछ भी नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों सीटों पर शाम तक उम्मीदवार का एलान कर ही दिया जाएगा। राजद इन दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार की



घोषणा पहले ही कर चुका है। इधर, कांग्रेस के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को उनके कार्यकर्ता तक वोट नहीं देने वाले हैं, तो कांग्रेस के विधान पार्षद प्रेमचंद मिश्रा ने कहा कि कभी-कभार कुछ लोगों को मुगालता हो जाता है। विधानसभा चुनाव में कुशेश्वरस्थान की सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की हार मामूली अंतर से हुई थी। जहां तक पार्टी की ताकत की बात है तो यह समझना चाहिए कि कांग्रेस और राजद के अलावा माले के भी मत महागठबंधन के सभी प्रत्याशियों को मिले थे। उन्होंने पप्पू यादव के बारे में कहा कि उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने की जानकारी तो नहीं है, लेकिन वे हमारे नजदीक हैं और शाम तक तस्वीर क्लीयर हो जाएगी। बिहार विधानसभा की दो सीटों पर होनेवाले उप चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के बीच की कड़वाहट खुलकर सामने आ गई है।

# मुख्य पार्षद ने किया 25 लाख की योजनाओं का शिलान्यास



**किशनगंज, (बिभा संवाददाता)।** नगर पंचायत परिसर में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 25 लाख की लागत से विभिन्न संपन्न योजनाओं का मुख्य पार्षद सुमित्रा देवी ने शिलान्यास की। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास, उप मुख्य पार्षद मु. सकरूल हुसैन सहित अधिकांश नगर पार्षद व नगर पंचायत कर्मी मौजूद थे। अतिरिक्त मुद्रांक शुल्क मद से प्रखंड कार्यालय परिसर में छह लाख 97 हजार 400 की लागत से पेवर ब्लाक, टाउन हाल एवं परिसर में छह लाख 90 हजार 250 एवं दो लाख 23 हजार 895 हजार लागत से पेवर ब्लाक नगर पंचायत परिसर पांच लाख 12 हजार 501 लागत से एवं पेवर ब्लाक एवं वाहन पड़ाव शेड तीन लाख तीन हजार 600 की लागत से निर्माण कार्य करवाया गया था।

इस मौके पर मुख्य पार्षद कहा कि नगर पंचायत परिसर सहित प्रखंड कार्यालय परिसर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण हल्की बारिश में ही परिसर में जल जमाव हो जाता था। जिससे आमजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के सभी बिन्दुओं पर उपलब्धि हासिल करना जरूरी : मंत्री मंगल पांडे

**किशनगंज, (बिभा संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जिलाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए विभिन्न स्तरों पर दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत ट्रेसिंग, स्क्रीनिग, जांच, दवा एवं उपकरणों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए खरीद व आपूर्ति में कोई कमी नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के सभी सूचकांकों पर हर हाल में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करना जरूरी है। अस्पताल परिसर सहित वार्ड के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। जिले में अब तक 60 प्रतिशत लोगो ने कोरोना का प्रथम डोज लिया है। लेकिन दूसरा डोज लेने वाले लोगों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। एम्बुलेंस, सिटी सकैन, डायलिसिस, डिजिटल एक्स-रे , दीदी की रसोई का प्रचार-



प्रसार कर आर्थिक रूप से पिछड़े और जरूरतमंद मरीजों को इन सुविधाओं का लाभ पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में निर्मित आक्सीजन प्लांट से 30 अक्टूबर को सभी मरीजों के लिए निर्बाध आक्सीजन की आपूर्ति शुरू कर दिए जाएंगे। सीएचसी, पीएचसी और एपीएचसी के निर्माण संबंधी कार्यो को तेजी से पूरा करवाए। जिले में 7206 लोगो का इलाज आयुष्मान भारत कार्यक्रम के माध्यम से किया गया है। सीएचसी तथा पीएचसी में तत्काल व्यवस्था के तहत 20 अतिरिक्त बेडों का निर्माण किया जाएगा।. सदर अस्पताल में 10 पिकू (नवजात गहन देखभाल ईकाई) का निर्माण किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ नर्स, पारा मेडिकल स्टाफ, आशा, आदि स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। संसाधन के साथ मानव बल भी बढ़ाए गए हैं। सदर अस्पताल को लक्ष्य प्रमाणीकरण सर्टिफिकेट प्राप्त हो चुका है। साथ ही कोरोना संक्रमण में जिले की स्थिति टीकाकरण, मातृत्व स्वस्थ्य, शिशु स्वास्थ्य परिवार कल्याण, किशोर-किशोरी कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, टीबी नियत्रंण, अंधापन, गैर संचारी रोग, एएनसी जांच, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, अस्पताल में प्रसव से जुड़ी सेवाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। कोरोना के संभावित तीसरी लहर से बचाव के लिए सदर अस्पताल के हर बेड तक आक्सीजन पहुंचने के लिए मशीन लगकर तैयार है। पाइप लाइन द्वारा हर बेड तक आक्सीजन पहुंचा दिया गया है। सिटी सकैन, डायलिसिस, डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध है। मरीजों को चिकित्सा के साथ-साथ शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन दीदी की रसोई से मिल रहे हैं।

समीक्षा बैठक में जिले में संक्रमण काल में लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य एमजीएम कालेज के निदेशक डा. दिलीप जयसवाल, सिविल सर्जन डा. श्रीनंदन, एसडीएम शाहनवाज अहमद नियाजी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मंजूर आलम, सिफार के जिला समन्वयक एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक उपस्थित रहे।

# समस्तीपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम कोविड वैक्सीन के लिए लोगों को कर रही जागरूक

**समस्तीपुर, (बिभा संवाददाता)।** उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत माधोपुर गांव में लोगों ने कोरोना का टीका लेने से इनकार कर दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने तत्काल इसकी सूचना सिविल सर्जन और जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी को दी। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. सतीश कुमार सिन्हा ने तत्काल टीम को उक्त स्थल पर भेजा। टीम ने वैक्सीन लेने से इंकार करने वाले परिजनों को समझाया गया। लोग बीमार रहने की वजह से वैक्सीन नहीं लेने का बहाना बना रहे थे। टीम में शामिल यूनिसेफ के एसएमसी सैयद नकी शेर, यूएनडीपी के वीसीसीएम खालिद इरफान, बीएमसी समर जी, एएनएम इंदिरा कुमारी शामिल रही। टीम ने वैक्सीन लेने से होने वाले फायदे के



बारे में जागरूक किया। इसके बाद माधोपुर स्थित सामुदायिक भवन में कैंप लगाया गया। जिसके बाद 20 लोगों ने कोविड-19 वैक्सीन की डोज ली। विदित हो कि कोविड-19 टीकाकरण से वंचित लोगों की पहचान को लेकर टीम घर-घर जाकर जांच कर रही है। इसमें पोलियो टीम से मदद ली जा रही है।

# कुशेश्वरस्थान विस उप चुनाव में नामांकन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**दरभंगा, (बिभा संवाददाता)।** जिले की 78 कुशेश्वरस्थान विधानसभा सीट पर आगामी 30 अक्टूबर को होनेवाले उप चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस दौरान शरारती व आपराधिक तत्वों से निबटने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नामांकन स्थल पर जगह-जगह मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बलों की तैनाती की गई है। आज जदयू प्रत्याशी करेंगे नामांकन, शामिल होंगे कई दिग्गज उधर, सत्ताधारी जदयू के प्रत्याशी अमन भूषण हजारी पां अक्टूबर मंगलवार को अनुमंडल मुख्यालय स्थित नामांकन कोषांग में निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन परचा दाखिल करेंगे। उक्त जानकारी



जदयू प्रखंड धीरेंद्र चौधरी ने दी। जदयू प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा,विधानसभा के उप सभापति महेश्वर हजारी, पशुपालन मंत्री मुकेश सहनी, जदयू प्रदेश अध्यक्ष महेश सिंह कुशवाहा समेत कई दिग्गज नेता शिरकत करेंगे। नामांकन उपरांत यहां के एक सभा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में वो कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

# शिवलाल महतो एवं मांडू विधायक जेपी भाई पटेल के नेतृत्व के साथ कड़ी परिश्रम के फलस्वरूप मजदूरों को मिली नगद मजदूरी

## तापिन साउथ डम्प में नगद मजदूरी प्राप्त कर प्रसन्न हुए मजदूर



**चरही (बिभा संवाददाता)।** मंगलवार को चरही कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत तापिन साउथ कोलियरी में मजदूरों को नगद भुगतान किया गया। चार हजार रपये प्रति दंगल, तीन दंगल को दिया गया। ज्ञात हो कि दस मजदूरों का एक दंगल होता है इस प्रकार प्रत्येक मजदूर को चार सौ रुपए का नगद भुगतान किया गया।मजदूरों ने बताया की हमलोग के साथ सीसीएल प्रबंधन की वार्ता हुई थी जिसमे प्रबंधन के द्वारा यह साफतौर पर हमारी माँगो पर विचार करते हुए नगद मजदूरी भुगतान का आदेश दिया गया था। लेकिन हाई पावर कमिटी के कुछ सदस्यों द्वारा हमारे ही पैसों का बंदर बाँट किया जा रहा था। मजदूरों ने कहा की हमारे हक अधिकार के लिए जो यह वैकल्पिक रोजगार खुला है और जिस तरह से कुछ लोगो के द्वारा अपने स्वार्थ एवं घटिया राजनीतिक की जा रही है उसपर सबसे पहले प्रबंधन और प्रशासन को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए और ऐसे लोगो को चिंहित कर इस लोकल सेल से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। वहीं इस मामले मे रैय्यत-विस्थापित फुसरी एक मजदूर ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया की राम किशोर मुर्मू और मन्नू टुडू ने हम विस्थापित लोगो को ठगने का काम किया है। जब से इनलोगो ने अपने हाथ मे बागडोर संभाला है तब से अब तक सौ विस्थापित दंगल को तीन बार मजदूरी भुगतान किया गया है। जिसमे एक बार 1195गाड़ियों मे लगभग 6000हजार रुपये प्रति दंगल दूसरी बार मे 255गाड़ियों के हिसाब दे कर 2700 और तीसरी बार मे 2250रुपए प्रति दंगल दिये गए। 424 गाड़ियों के हिसाब से और इतना ही पैसा हमलोगो को प्रांप्त हुआ। सोचने वाली बात तो यह है की यदि 1करोड़ 35लाख 86हजार 500 सौ रुपए का यह पुरा गणित है। जिसमे लगभग 100विस्थापित दंगल मे 10950 रुपए का भुगतान किया गया है। जबकि प्रभावित के लगभग 369दंगल मे पहली बार 1100रुपए दूसरी बार 1600रुपए और तीसरी बार मे 700रुपए प्रति दंगल के हिसाब से दिया गया। जिसमे गाड़ियों की गिनती बारबर है। अब देखना यह है की प्रति गाड़ी 7250रुपए जो मन्नू टुडू और राम किशोर मुर्मू के संरक्षण मे वसूल किये जा रहे हैं प्रति ट्रक के हिसाब से उसमे बाकी करोडो रुपए आखिर जा कहाँ रहा हैं। इतने पैसों का घपला जो मजदूरों के हक अधिकार का है उसका हिसाब कहाँ है। यह किसकी जिम्मेवारी है जो इस तरह से मजदूरों के पैसों का बंदर बाँट किया जा रहा है और मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक, नए प्रखंड अध्यक्ष चुने गए



**बड़कागांव(बिभा संवाददाता)।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी तथा मातृ शक्ति ने विश्व हिंदू परिषद ने कमेटी का गठन किया। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष प्रोफेसर लालदेव महतो ने की। चुनाव मनोज चंद्रवंशी के निर्देश पर किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से देवदीप महतो विश्व हिंदू परिषद के नए प्रखंड अध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष कार्तिक महतो उपाध्यक्ष, भोला प्रसाद दांगी, बजरंग दल सहसंयोजक हुलास प्रसाद दांगी, सह मंत्री संतोष ठाकुर, रंजीत चौबे, दुर्गा वाहिनी संयोजिका लक्ष्मी तिवारी, सह संयोजिका अंकिता कुमारी, मातृशक्ति प्रमुख गिन्नी वर्मा, सह प्रमुख बासमती कुमारी, सेवा प्रमुख आशा कुमारी, संपर्क प्रमुख सोनी कुमारी, संपर्क प्रमुख सूरज चौरसिया, सत्संग प्रमुख प्रेमचंद प्रसाद, गौरक्षा प्रमुख पवन ठाकुर,धर्म प्रसार प्रमुख रोशन कुमार, सामाजिक समरसता प्रमुख कन्हैया पांडेय, धर्माचार्या संपर्क प्रमुख पंकज मिश्रा, इंगलेश कुमार सोनी विश्व हिंदू परिषद जिला समन्वय प्रमुख, कृष्ण दीप कुमार, अंकज कुमार,बजरंग दल जिला सहसंयोजक सहित सैकड़ों रामभक्त उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर दो टीमों के बीच खेला गया मैच



**इचाक(बिभा संवाददाता)।** अंतराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर आर.एम.उच्च विद्यालय चंदा तथा जगरनाथ महतो इण्टर महाविद्यालय उरुका इचाक के बीच एक सद्भावना मैच खेला गया।महाविद्यालय टीम का कप्तान नेशनल प्लेयर निशांत कुमार की अगुवाई में खेली गई जिसमें पहले खेलते हुए महाविद्यालय की टीम सात ओवर की समाप्ति पर 97 रन का योगदान दिया।जबकी उच्च विद्यालय की टीम 97 रन का पीछा करते हुए 68 रन पर ऑल आउट हो गई।इस तरह महाविद्यालय की टीम इस मैच को 35 रन से मैच अपने नाम कर लिया।यह जानकारी महाविद्यालय के कोच प्रो.राजेन्द्र यादव ने दी।प्राचार्य बसंत कुमार ने कहा कि पूरा विश्व 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्रसंघ के तत्वावधान में शिक्षकों के सम्मान में विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है।इस खेल में उच्च विद्यालय तथा महाविद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति खेल को मनमोहक बना रही थी।उपस्थित शिक्षकों मेंप्राचार्य प्रो.बसंत कुमार,विजय कुमार दास,रामप्रकाश मेहता,प्रधानाध्यापिका ललिता कुमारी,नीतीश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल प्रबंधन झूठा केस वापस ले अन्यथा होगा उग्र आंदोलनः वीणा मिश्रा

सीसीएल प्रबंधन के द्वारा रैयत प्रभावित संघर्ष मोर्चा बहेरा के महिला मजदूरों को झूठा केस के तहत फसाया जा रहा है। प्रबंधन के द्वारा 23 सितंबर 2021 को नौ नामजद एवं सौ अज्ञात मजदूरों पर सरकारी काम को बाधित करने के नाम से चरही थाना में कांड संख्या 94/21 दिनांक 23 सितंबर 2021के धारा 147, 149, 353, 447 भादवि के तहत वीणा मिश्रा, शक्ति देवी, आशा देवी, शांति देवी, रौशनी देवी, चिंता देवी, कालावती देवी, मालती देवी, मनीता देवी सहित अन्य सौ लोगों पर मामला दर्ज किया गया। जबकि वीना मिश्रा सहित नामजद महिलाएं 23सितंबर 2021को तापिन साउथ कोलियरी में अनुपस्थित थे, उसी दिन यह महिलाएं ज्ञापन सौंपने उपायुक्त हजारीबाग अनुमंडल पदाधिकारी सदर हजारीबाग,महिला थाना प्रभारी हजारीबाग एवं अन्य जगहों पर गई थी यदि सीसीएल प्रबंधन झूठा केस वापस नहीं लेगा तो रैयत प्रभावित संघर्ष मोर्चा के महिला मजदूरों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसी प्रकार की छति होने पर इसकी जिम्मेवारी सीसीएल प्रबंधन एवं स्थानीय पुलिस की होगी, उक्त बातें वीणा मिश्रा ने कहीं।

## प्रखंड कार्यालय में ताला जड़ने वाले तीन नामजद व कई अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी हुई दर्ज

### लोकतंत्र में अपनी बात कहना सभी को अधिकार है, परंतु सरकारी कार्य बाधित करना गैरकानूनी : बीडीओ

**बरही(बिभा संवाददाता)।** सोमवार को राशन कार्ड बनने में हो रहे देरी, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं अन्य समस्याओं को लेकर कोनरा पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी यासमीन प्रवीण के नेतृत्व में करीब पचासों की संख्या में महिलाओं व ग्रामीणों का एक समूह प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार में ताला जड़ दिया। जिससे प्रखंड का कार्य लगभग दो से तीन घंटे पूरी तरह बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई एवं यथाशीघ्र जनहित के कार्य को निष्पादित करने का मांग किया गया। सूचना मिलते ही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव घटनास्थल पर पहुंचकर महिलाओं को समझाकर प्रखंड द्वार का ताला खोलवाया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने एमओ आजाद सिंह को माँग पत्र भी सौंपा। प्रखंड प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड



विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अरविंद देवासीश टोप्पो के निर्देश पर थाना में सरकारी कार्य बाधित करने एवं गैर कानूनी तरीकों से अपनी मांग रखने के आरोप में प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे यासमीन प्रवीण, शारदा देवी, रुखसाना खातून व करीब चालीस से पचास अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवा जा चुकी है।

#### क्या कहते हैं बीडीओ

संबंधित मामले में बीडीओ सह सीओ ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांग रखने के लिए जनता स्वतंत्र है। बशर्ते माँग या प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीकों से किया जाना चाहिए। प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार का ताला लगाकर जनहित के कार्य को बाधित किया गया है। धरना या प्रदर्शन के लिए प्रखंड मैदान उपयोग किया जा सकता था परंतु ऐसा नही किया जाना अनुचित है।

#### क्या कहते है एमओ

संबंधित मामले में एमओ का कहना है कि उनके स्तर से कोई भी राशन कार्ड पेंडिंग नहीं है। फिलहाल नए राशन कार्ड के लिए प्रखंड में जगह खाली नहीं है। वर्तमान में सिर्फपात्रताविहीन कार्डधारी का नाम हटाने का काम किया जा रहा है। जगह खाली होने पर क्रमानुसार सुपात्र परिवार का नाम जोड़ा जा रहा है।

## विभिन्न राजनीतिक दलों ने योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया




**बरकट्ठा (बिभा संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा के द्वारा किसानों के ऊपर वाहन से रौंदकर सामूहिक हत्या के विरोध में बरकट्ठा ब्लॉक गेट के सामने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस,भाकपा माले और भाकपा के नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।मौके पर वक्ताओं ने केंद्रीय राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा को तुरंत बर्खास्त करने और उनके विरूद्ध हिंसा उकसाने तथा सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने कहा कि मंत्री का हत्यारा बेटा आशीष मिश्रा और उसके गुंडे साथियों पर 302 दफा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार करते हुए वारदात की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी से कराई जाए। वहीं भाकपा माले के प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद ने दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को एक-एक करोड़ मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। मौके पर उपस्थित कांग्रेस के मनिका विधानसभा प्रभारी संतोष कुमार देव ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के बयान कि मैं घोर निंदा करता हूं।उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को यह कहकर उकसाया कि ÷इलाके के एक हजार लट्ठ करेंगे किसानों का इलाज÷इस विवादित बयान पर उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, भाजपा के प्रखंड सचिव आनंद पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिलाल चौधरी, संतोष देव,भुनेश्वर रविदास, सरफराज खान, हैदर अंसारी,किशुन मोदी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## आला हजरत इमाम अहमद रजा खां बरेलवी का उर्स अकीदत ओ एहतराम से मनाया गया



**बड़कागांव(बिभा संवाददाता)।** बड़कागांव के डाड़ी कलाँ में राजाए मुस्तफा कमिटी के द्वारा आला हजरत इमाम अहमद रजा खां बरेलवी का 103वां उर्स अकीदत ओ एहतराम से सोमवार को मनाया गया। दिन में कुरआन खानी एवं दोपहर कुल शरीफ के बाद लंगर खानी किया गया। इस दौरान डाड़ी कलाँ में जलसा व महफिल आयोजित की गई। दीन के लिए की गई उनकी खिदमत पर रोशनी डाली गई। कहा गया कि आला हजरत सच्चे आशिक ए रसूल थे। इस आयोजित उर्स ए आला हजरत में मुफ़्ती शहाबुद्दीन उड़ीसा ने कहा कि आला हजरत ने मुस्लिमों को अंधेरे से निकाल कर इश्क ए रसूल की शमां रोशन की आला हजरत जिंदगी भर बुराइयों को खत्म करने की कोशिश करते रहे। समाज में पैदा हुई खराबियों को दूर करने के लिए तहरीक चलाई। उन्होंने आगे कहा की आला हजरत महान इस्लामिक विद्वान व समाज सुधारक थे। उन्होंने लगभग 3200 किनाबे लिखी है, उर्दू में कुरान शरीफका अनुवाद भी उन्होंने ही किया है। वही उर्स में आए हुए शायरे इस्लाम नदीम रज़ा फ़ैज़ी, शराफत मेहंदी, साजिद इक़बाल, शरफुद्दीन शरफ जौनपुरी ने अपने नातिया कलाम से लोगों को खूब झुमाया। उर्से रिजवी के मौके पर कोरोना का खात्मा एवं देश की सलामती की दुआ की गई। उर्स को सफल बनाने में रजाए मुस्तफा कमिटी के सरपरस्त मौलाना हशमत अली, सदर मोजफ्फर अली, सचिव तफज्जुल अंसारी, खजांची फयूम अंसारी, कमिटी के मेम्बर मो0 मोइन, मोहम्मद एजाज रजवी, मोहम्मद मनीर रजवी, रियासत हसन, सज्जाद राही, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद महफूज, मोहम्मद जिलानी, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद करामत अली, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद हफीज, के अलावा दर्जनों लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## बड़कागांव प्रखंड के भू रैयतो ने गैरमजरूआ जमीन मुआवजे को लेकर की बैठक



**बड़कागांव (बिभा संवाददाता)।** गैरमजरूआ जमीन को लेकर केरीगढ़ा मंदिर प्रांगण में बड़कागांव प्रखंड के रैयतो की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता देव प्रसाद महतो एवं संचालन मोहम्मद इलियास अंसारी के द्वारा की गई।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने गैरमजरूआ जमीन के मुआवजे को लेकर सभी ने अपनी अपनी राय दी ।बैठक को संबोधित करते पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि मैं आप लोगों की हर लड़ाई के साथ हूं आप लोग एक सच्चे और ईमानदार व्यक्ति को चुनिए जो गैरमजरूआ जमीन के मुआवजे को लेकर आंदोलन को अच्छे दिशा में ले जाए। उन्होंने यह भी कहा धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने की बजाय आप लोग कोर्ट का दरवाजा जाइए वही आप लोगों को न्याय मिलेगा क्योंकि सरकार की मनसा लोगों की जमीने लूटने की हैबैठक की अध्यक्षता कर रहे देव प्रसाद महतो ने कहा गैरमजरूआ जमीन का भुगतान पहले भी किया जा चुका है और सरकार तरफ से कंपनी के पास ऐसा कोई भी लिखित आदेश नहीं है कि गैरमजरूआ जमीन का मुआवजा बंद कर दिया जाए, कंपनी अपने मनमानी कर गैरमजरूआ जमीन का मुआवजा बंद कर दी है। ग्राम केरीगड़ा के सिकंदर महतो ने कहा गैरमजरूआ जमीन के मुआवजे के लिए हम लोग पुरजोर आंदोलन करेंगे और साथ ही साथ जिस तरह वन विभाग को 30 साल के बाद जमीन वापस की जा रही है वैसे आम जनता की जमीन भी वापस की जाए।सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने कहा गैरमजरूआ जमीन का दलालों के जरिए फर्जीवाड़ा किया जा रहा था इसी को आधार मानकर सरकार ने गैरमजरूआ जमीन का मुआवजा रोक दिया है। और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक बनाकर सरकार अपने कब्जे में ले ले रही है इसलिए हम लोगों को सरकार पर यह दबाव बनाना होगा कि गैरमजरूआ जमीन के मुआवजे के लिए सरकार कानून बनाएं ।शशि कुमार मेहता बड़कागांव उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने लगातार वर्षों तक बड़कागांव क्षेत्र के रैयतो को ठगने का काम किया है यहां के नेता और जनप्रतिनिधि गैरमजरूआ जमीन का पेमेंट, रोजगार और मुआवजे के नाम पर केवल अपनी रोटियां सेक रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार दोहरा खेल खेल रही है हम लोगों को गैरमजरूआ जमीन का अगर पेमेंट लेना है तो न्यायालय की शरण में ही जाना होगा अंत में बैठक का यह निर्णय लिया गया की हम सभी किसान डीसी महोदय के पास जाएंगे अगर हम सभी की फरियाद वहां नहीं सुनी गई तो मुख्यमंत्री से मिलकर भी हम अपनी बात रखेंगे ।और जब तक गैरमजरूआ जमीन के मुआवजे के लिए सरकार हां नहीं कर देती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी और आने वाले समय में यह आंदोलन और भी तेज होगा।इस बैठक में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसडीओ की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा की बैठक सम्पन्न, दिए कई निर्देश

- **कोविड नियमों का पालन करते हुए सादगी से मनेगा दुर्गोत्सव**



**बरही(बिभा संवाददाता)।** मंगलवार को प्रखंड सभागार में एसडीओ पूनम कुजुर की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से नजीर अख्तर, बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह तथा पदमा, चौपारण, बरकट्ठा के बीडीओ व थाना प्रभारी, विभिन्न पूजा समिति के पदाधिकारीगण, समाजसेवी, बुद्धिजीवी व राजनीतिक शामील हुए। बैठक में एसडीओ ने कोविड नियमो का पालन करते हुए सादगी से पूजा मनाने की बात कही। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल कंटेटमेंट जोन के बाहर होनी चाहिये, जो तीन ओर से बंद रहेगा। प्रतिमा का साइज अधिकतम पांच फीट तक निर्धारित है। प्रतिमा दर्शन हेतु निश्चित दूरी तक बैरिकेडिंग होना आवश्यक है। किसी भी प्रकार का तोरण द्वार, विद्युत सज्जा, प्रसाद या भोग वितरण कार्यक्रम, मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, उद्घाटन, रावण दहन, विसर्जन जुलूस जैसे कार्यक्रम आयोजित नही किये जायेंगे।ध्वनि विस्तारक यंत्रों को ध्वनि प्रदूषण अधिनियम 2000 के तहत ही प्रयोग करना होगा। पूजा पंडाल में एक समय मे अधिकतम 25 लोग ही रह सकते हैं। समिति के प्रत्येक सदस्य को कम से कम कोविड-19 का एक डोज़ लेना आवश्यक है।18 वर्ष से नीचे उम्र वाले पंडाल में नही रहे एवं उपस्थित लोगों को शत प्रतिशत मास्क व सामाजिक दूरी का उपयोग करना आवश्यक है। पंडाल को किसी थीम पर नही बनाना है। ऐसा नही करने वालो के खिलाफ महामारी अधिनियम 2005 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ ने पूजा के अवसर पर विशेष पुलिस चौकसी की बात कही। साथ ही लोगो से नशाविहीन व शांतिपूर्ण तरीको से पूजा मनाने का अपील किया । बीडीओ सह सीओ ने आवश्यकतानुसार प्रत्येक पूजा पंडाल के पास कोविड टीकाकरण व्यवस्था करवाने की भी बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्दी ही चौक पर लगा सीसीटीवी कैमरे को ठीक करवाया जाएगा। बैठक में बोलते हुए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने का माँग किया। वही भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने विसर्जन स्थल पर प्रकाश व्यवस्था की माँग किया। इस बैठक सिकंदर निषाद,अब्दुल मनान वारसी, विनोद केसरी, बलराम केसरी, अमित जायसवाल, बलराम केसरी, रघुनंदन गोप, जनकल्याण समिति के चंदन केसरी, लखन यादव सहित विभिन्न पूजा समिति के लोग उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा की तैयारी तेज, सजने लगे पंडाल

**नोएडा , एजेंसी।** शासन से अनुमति के बाद दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रतिमा प्रतिष्ठापित करने के लिए भव्य पंडालों का भी निर्माण कार्य शुरू किया गया है। सेक्टर-26 स्थित कालीबाड़ी मंदिर में दुर्गा पूजा के आयोजन से जुड़े अनुपम बनर्जी ने बताया कि शासन से अनुमति मिलने के बाद पूजा-पंडाल निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। बाहर से आए कारीगरों द्वारा अभी से ही बांस-बल्ली से पंडाल व मुख्य द्वार का नक्शा बनाया जा रहा है। पूजा के आयोजन के लिए देवी-देवताओं की प्रतिमा बनाई जा रही है। पूजा का आयोजन 11 से 14 अक्टूबर के बीच होगा। इस बार भक्तों की संख्या कम रहेगी, ताकि भीड़ एकत्र न हो। पहले के मुकाबले पंडाल छोटा बनाया जा रहा है। कोविड नियमों के चलते कोई सांस्कृतिक आयोजन नहीं होगा और न खानपान के स्टाल लगेंगे। सेक्टर-26 के अलावा शहर में सेक्टर-62, 50, 22, निठारी गांव, हरौला गांव, बरौला, भंगेल, सलारपुर, छिजारसी, छलेरा गांव में दुर्गा पूजा पंडाल लगाने की तैयारी है। एडिशनल डीसीपी नोएडा रणविजय सिंह का कहना है कि कोरोना संक्रमण के चलते इस बार शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा पंडाल में भक्तों की भीड़ नहीं लग सकेगी। शासन की गाइडलाइन के अनुसार किसी भी आयोजन स्थल की निर्धारित क्षमता से आधी संख्या में ही लोग एकत्र हो सकेंगे। शारदीय नवरात्र शुरू होने में कुछ दिन शेष हैं। इसको लेकर आयोजक समितियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार शहर में 200 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं प्रतिष्ठापित की जाएंगी। हालांकि शासन स्तर से जारी कोरोना गाइड लाइन को ध्यान में रखकर पूजा पंडाल पूर्व की तुलना में छोटे बनाए जा रहे हैं। अधिकांश लोगों ने इस बार छह से सात फीट तक की दुर्गा प्रतिमा बनाने का आर्डर दिया है। उधर, पुलिस-प्रशासन भी दुर्गा पूजन समितियों के साथ थानों में बैठकें कर रहा है।

### दिल्ली के कनाट प्लेस में बोतल व प्लास्टिक कचरा डालने पर मिलेगा मास्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाट प्लेस में प्लास्टिक के बदले मास्क मिलेगा। इसके लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने चरखा संग्रहालय में कियोस्क लगाया है। जिसमें प्लास्टिक की बोतल समेत प्लास्टिक कचरा डालने पर मास्क मिलेगा। इसका उद्घाटन एक कार्यक्रम में एनडीएमसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र ने किया। इस कियोस्क का संचालन सेंटर फार एनवायरनमेंट एजुकेशन (सीईई) के सहयोग से किया जाएगा। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष व सचिव बीएम मिश्र ने सफाई सेवकों की ओर से एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे के बदले उनको मास्क और कपड़े के थैले बांटे। साथ ही वहां लगे एक साइन बोर्ड पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की शपथ लिखी। उनसे अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करें और इसकी शुरुआत खुद से करें। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एनडीएमसी ने प्लास्टिक को कम करने, पुनः उपयोग और रीसाइकिल करने और सिंगल यूज प्लास्टिक को न कहने को लेकर अभियान चलाया हुआ है। इसी के तहत ये कियोस्क लगाए जा रहे हैं। यह कियोस्क खान मार्केट समेत एनडीएमसी के अन्य स्थानों पर लगाए गए हैं। कनाट प्लेस में इस मुहिम के तीसरे चरण का उद्घाटन करते हुए धर्मेंद्र ने कहा कि इस अनूठी पहल के दो चरणों के परिणामों से संतुष्ट होकर पालिका परिषद इस अभियान को नई दिल्ली के बाजारों और वाणिज्यिक क्षेत्रों में भी लागू करेगा, ताकि हम प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल कर उसे दोबारा इस्तेमाल में ला सकें। उन्होंने नई दिल्ली क्षेत्र में आने वाले लोगों, ग्राहकों और निवासियों से दैनिक जीवन की गतिविधियों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की, जिससे पालिका परिषद सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर के लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

### अभियोजन को निष्कर्ष निकालने की आजादी नहीं होनी चाहिएः शरजील इमाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली दंगे की साजिश के आरोपित जेएनयू छात्र शरजील इमाम पर चल रहे राजद्रोह के मामले में सोमवार को कड़कड़डूमा कोर्ट में दोनों पक्षों ने दलीलें दीं। शरजील के वकील ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत के कोर्ट में कहा कि उनके मुवक्किल को जमानत ही नहीं आरोपों से मुक्ति मिलनी चाहिए। उसने केवल सीएए और एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन किया था। वह न ही आतंकवादी है और न ही किसी आपराधिक गिरोह का सदस्य। उसने किसी को दंगा करने के लिए नहीं उकसाया। भाषणों में बीस जगह शरजील यही बोलता सुनवाई दे रहा है कि हिंसा से दूर रहना है और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना है। उस पर चल रहा यह मामला विधि द्वारा स्थापित सरकार के कारण नहीं, बल्कि बादशाह के हुक्म का नतीजा है। शरजील की तरफ वकील ने कहा कि अभियोजन को अपनी मर्जी से निष्कर्ष निकालने की आजादी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अभियोजन की उस दलील पर आपत्ति जताई, जिसमें अभिवादन के तरीके को एक संप्रदाय से जुड़ा बताया था। उन्होंने सवाल किया कि अगर कोई गुड मार्निंग से भाषण शुरू करता तो क्या उस पर लगे आरोप खत्म हो जाते। उन्होंने पुलिस पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि इस मामले में बहुत देरी की जा रही है। दो साल होने जा रहे हैं, इस मामले में ट्रायल शुरू नहीं हो पाया है। शरजील की तरफ से यह भी कहा गया कि मुकदमा तथ्यों के आधार पर चलना चाहिए। उसके वकील ने राजद्रोह की व्याख्या करने वाले एक निर्णय को कोर्ट के समक्ष रखते हुए कहा नीतियों की आलोचना करना राजद्रोह नहीं है। अब लोकतंत्र से सरकार बनती है। राजशाही दौर नहीं कि सरकार के आगे झुकना पड़े। वरिष्ठ लोक अभियोजक ने पक्ष रखते हुए कहा कि विरोध जताने के मौलिक अधिकार का अर्थ यह नहीं है कि सार्वजनिक रूप से लोगों को नुकसान पहुंचाया जाए। अब इस मामले में 23 अक्टूबर को सुनवाई होगी। बता दें कि दिसंबर 2019 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में दिए गए भाषण के आधार पर यह मामला दर्ज हुआ था।

# दिल्ली में सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने की तैयारी

**इस योजना में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के चौतरफा उपाय किए गए हैं, जो स्वागतयोग्य है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश की राजधानी दिल्ली में सर्दी के दिनों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने विंटर एक्शन प्लान तैयार किया है। इस योजना में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के चौतरफा उपाय किए गए हैं, जो स्वागतयोग्य है। विंटर एक्शन प्लान में धूल फैलने और कूड़ा जलाने से रोकने की निगरानी पर खासा जोर दिया गया है, जिसके लिए टीमें भी गठित कर दी गई हैं।



वहीं, पराली प्रबंधन के लिए संयुक्त हार्वेस्टर और बायो डिकंपोजर के इस्तेमाल की बात कही गई है, वहीं हाट स्पाट क्षेत्रों की नए सिरे से पहचान कर विशेष टीमों के जरिये यहां निगरानी करने की योजना है। वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए यातायात जाम वाली सड़कों की पहचान करने के साथ ही तय समयसीमा पूरी कर चुके वाहनों को स्क्रैप करने व वाहनों की प्रदूषण जांच की व्यवस्था में भी तेजी लाने की योजना है।एक योजना के तौर पर निश्चित ही यह प्रभावी नजर आती है। ऐसी उम्मीद भी की जानी चाहिए कि दिल्ली सरकार इस योजना पर पूरी तरह अमल करेगी और यह जमीन पर अपना प्रभाव छोड़ेगी। लेकिन, जैसा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्लीवासियों को भी आगे आना होगा, तभी यह योजना सही मायने में सफल हो पाएगी। दिल्लीवासियों को भी प्रदूषण की चिंता करते हुए निर्माण स्थलों इत्यादि पर धूल फैलने से रोकने के पुख्ता उपाय करने होंगे। यही नहीं, कूड़ा जलाने से रोकने में भी आम जनता का योगदान काफी अहम साबित हो सकता है। वाहनों का इस्तेमाल करने और निजी वाहनों का प्रयोग कम करने से ईंधन जलने से होने वाले प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके एक्शन प्लान पर धरातल पर पूरी ईमानदारी से काम हो, इसके लिए मजबूत निगरानी तंत्र बनाने की आवश्यकता है, जो दैनिक आधार पर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से बचाना सभी का दायित्व है और ऐसा करके राजधानी को रहने योग्य एक बेहतर शहर बनाया जा सकता है।

## सावधान : प्रदूषण बढ़ा तो गंभीर हो सकता है कोरोना संक्रमण

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अगले कुछ दिनों में दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने की आशंका है। कोरोना की संक्रमण दर में भी थोड़ी बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऐसे में प्रदूषण बढ़ने पर कोरोना का संक्रमण बढ़ने का खतरा अधिक है। डाक्टर कहते हैं कि प्रदूषण के दौरान कोरोना का संक्रमण होने पर बीमारी ज्यादा गंभीर हो सकती है, जो मौजूदा समय के मुकाबले अधिक जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है और सार्वजनिक स्थलों पर मास्क का इस्तेमाल जारी रखना होगा।

डाक्टर कहते हैं कि कोरोना पर कई शोध हुए हैं। इसमें यह साबित हो चुका है कि प्रदूषण बढ़ने पर धूलकण के साथ चिपक कर वायरस अधिक दूर तक पहुंचने का खतरा रहता है। इससे संक्रमण बढ़ने की संभावना अधिक हो जाती है। पिछले साल दिल्ली में अक्टूबर व नवंबर में भी कोरोना का संक्रमण फैला था। अच्छी बात यह है कि इस साल अभी तक संक्रमण दर बहुत ज्यादा नहीं है। सफदरजंग अस्पताल के प्रिवेंटिव कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डा.जुगल किशोर ने कहा कि प्रदूषण सीधा सांस की नली व फेफड़े को प्रभावित करता है। इसलिए पहले से सांस की बीमारियों से पीड़ित मरीजों व धूमपान करने वालों को संक्रमण अधिक गंभीर हुआ। ऐसे में प्रदूषण बढ़ने पर कोरोना का संक्रमण हुआ तो बीमारी गंभीर होने की संभावना अधिक होगी।

## तेजी से बढ़ रहे डेंगू और मलेरिया के मामले, उत्तरी और पूर्वी दिल्ली में मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी में लगातार डेंगू और मलेरिया के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसमें सबसे अधिक उत्तरी और पूर्वी दिल्ली में मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दिल्ली में इस साल अब तक मलेरिया के 113 मामले आ चुके हैं, जो पिछले साल के मुकाबले कम हैं। राहत देने वाली बात ये है कि अब तक मलेरिया से कोई मौत नहीं हुई है, जबकि पिछले साल एक व्यक्ति की मौत हुई थी।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि मलेरिया के इस सप्ताह आठ मामले आए हैं। इसके बाद कुल संख्या 113 हो गई है। उत्तरी दिल्ली नगर निगम में सात और साउथ दिल्ली में एक मामला सामने आया है। हालांकि मलेरिया का इस सप्ताह पूर्वी दिल्ली से कोई मामला सामने नहीं आया है।



वहीं, इस साल तक डेंगू के अब तक कुल 341 मामले सामने आए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले अधिक है। पिछले साल अब तक कुल 266 मामले आए थे, वहीं इस सप्ताह दिल्ली में डेंगू के 68 मामले सामने आए हैं। इसमें पूर्वी दिल्ली में 11, उत्तरी में 21 और दक्षिणी दिल्ली में 17 नए मामले इस सप्ताह सामने आए हैं। इसके अलावा एनडीएमसी समेत अन्य क्षेत्रों में भी 19 मामले सामने आए हैं। वहीं, इस सप्ताह चिकनगुनिया के कुल दो मामले सामने आए हैं।

वहीं, भाजपा की ओर से चलाए जा रहे सेवा एवं समर्पण कार्यक्रम के तहत भाजपा के नई दिल्ली जिला मंत्री अश्वनी त्यागी ने आरके पुरम में भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें अपने घर के साथ ही आसपास के इलाकों में भी सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का काम किसी एक दिन का नहीं, बल्कि यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। राजधानी में आजकल डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा है। इनसे बचने के लिए लोगों को स्वच्छता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। कोई भी व्यक्ति दूसरों से इसका पालन तभी करवा पाएगा जब वह खुद अपने घर से इसकी शुरुआत करेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि अपने घर के कूलर का पानी हर सप्ताह बदलें, घर की छत पर खुले में कोई ऐसी चीज या बर्तन न रखें जिसमें बारिश का पानी एकत्र हो सकता हो। घर के आसपास कहीं पानी भी एकत्र न होने दें।

### स्पा संचालकों की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पा संचालन में हस्तक्षेप करने के मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कोरोना महामारी को लेकर जारी दिशानिर्देशों का पालन करने वाले लाइसेंसधारी स्पा संचालकों के संचालन में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने कहा कि हम हर दिन इन मामलों को देख रहे हैं, लेकिन पुलिस के सब-इंस्पेक्टर जो चाह रहे हैं वो कर रहे हैं। आप जानते हैं क्या हो रहा है, आपके बीट कांस्टेबल क्या कर रहे हैं। हम चेतावनी दे रहे हैं, अपने बीट कांस्टेबल को बताएं, लोग अदालत आएंगे। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश अधिवक्ता ने कहा कि अधिकारी वैध लाइसेंस रखने वाले और कोविड-19 नियमों का पालन करने वाले स्पा के संचालन को नहीं रोक रहे। पीठ ने दिल्ली पुलिस के अधिवक्ता की दलील को रिकार्ड पर लेते हुए कहा कि अगर वे आदेश का अनुपालन नहीं करते तो अदालत को पता है कि क्या करना चाहिए। स्पा मालिकों ने याचिका दायर कर कहा है कि स्थानीय पुलिस उन्हें स्पा और वेलनेस क्लिनिक खोलने की अनुमति नहीं दे रही है। जुलाई में दिल्ली सरकार ने कुछ शर्तों के साथ शहर के स्पा को खोलने की अनुमति दी थी, लेकिन स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बेवजह ही स्पा बंद करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। वहीं, एक याचिका पर जवाब नहीं दाखिल करने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कंपनी सीएससी ई-गवर्नेस सर्विसेज लिमिटेड (सीएससी एसपीवी) को फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल व न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कहा कि काफी समय पहले नोटिस जारी करने के बाद भी कंपनी ने जवाब नहीं दाखिल किया।

### नवरात्र में झंडेवाला देवी मंदिर के घर बैठे ही होंगे दर्शन और श्रद्धालु सुनेंगे स्तुति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी के मंदिरों में नवरात्र की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर मंदिरों में विशेष व्यवस्था की जा रही है। भक्तों को दर्शन करने में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए झंडेवालान स्थित झंडेवाला देवी मंदिर की समिति ने एक एप तैयार किया है। जिसके माध्यम से भक्त मां झंडेवाली के दर्शन कर सकेंगे। इसके माध्यम से भक्त मां के विशेष दर्शन करने के लिए भी अपनी बुकिंग करा सकेंगे, जो पूरी तरह से निशुल्क रहेगी। कोरोना संक्रमण से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए समिति ने एप तैयार किया है। इसके साथ ही मंदिर में कोरोना गाइडलाइन्स का पालन करना भी जरूरी होगा। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार की ओर से देर से मंदिर खुलने की इजाजत मिलने के बाद भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।जिसमें कम समय में अधिक से अधिक तैयारियां करनी होगी। मंदिर में प्रवेश से लेकर प्रसाद बांटने तक की व्यवस्था में मंदिर के सेवादार ही शामिल रहेंगे, जो भक्तों के बीच शारीरिक दूरी समेत कोरोना के सभी दिशा-निर्देशों का पालन कराते हुए रहेंगे। मंदिर के प्रबंधक रविंद्र गोयल ने बताया कि मंदिर की ओर से गूगल प्ले स्टोर पर मां झंडेवाला देवी मंदिर का एप अपलोड किया गया है। इस एप को जैसे ही भक्त अपने मोबाइल पर स्टोर करेंगे तो उन्हें मां के दर्शन होंगे। साथ ही उन्हें मां भगवती की स्तुति सुनाई देगी।

## 31 अक्टूबर तक वाहन पोर्टल से जुड़ जाएगा ऋण संबंधी आंकड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली परिवहन विभाग ने एक सर्कुलर जारी कर वाहन ऋण प्रदाता बैंकों, वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को 31 अक्टूबर 2021 तक वाहन पोर्टल के साथ अपनी वाहन ऋण संबंधी सेवाओं को एकीकृत करने का निर्देश दिया है। इस सर्कुलर के बाद बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से हाइपोथीकेशन समाप्ति के लिए नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वाहन प्लेटफार्म पर केवल डिजिटल प्रारूप में प्राप्त किया जाएगा।

सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि 1 नवंबर 2021 से वे बैंक या वित्तीय संस्थान जो वाहन पोर्टल के साथ डेटा को एकीकृत करने में विफल रहते हैं, उन्हें परिवहन विभाग के डेटाबेस में हाइपोथेकेशन के अपने डेटा को दर्ज करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, सर्कुलर बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश देता है कि वे वाहन मालिक से एनओसी जारी करने के किसी भी अनुरोध की प्रतीक्षा न करें बल्कि ऋणी द्वारा ऋण चुकाने के तुरंत बाद खुद ही परिवहन विभाग के साथ सभी वाहनों का डेटा साझा करें।

**हम पूरी तरह से फेसलेस होने की दिशा में उठा रहे कदम : गहलोतः** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने एक बयान में कहा कि हमने पिछले महीने हाइपोथीकेशन हटाने की अनुमति के लिए सभी बैंकों को अपने डेटा वाहन पोर्टल के साथ एकीकृत करने के लिए कहा था और मुझे यह देखकर खुशी हुई कि इस प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है और लगभग पूरी हो गई है। यह एक बड़ा कदम है जो हम पूरी तरह से फेसलेस होने की दिशा में उठा रहे, और न केवल हमारे आरटीओ, बल्कि परिवहन विभाग द्वारा सेवाओं के वितरण में शामिल किसी भी स्थान पर लंबी कतारें अब देखने को नहीं मिलेंगी।

# श्रीलंका में चीन के प्रभाव को ऐसे कम करेगा भारत

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन का श्रीलंका में बढ़ते दखल के जवाब में भारत ने रणनीतिक सक्रियता बढ़ा दी है। विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला की श्रीलंका यात्रा मौजूदा परियोजनाओं को गति देने के लिहाज से बेहद अहम है। साथ ही भारत श्रीलंका को चीन के कर्ज के जाल से निकलने में मदद देने को भी तैयार है।

भारतीय निजी कंपनी का वेस्ट कंटेनर टर्मिनल में भागीदारी को भी रणनीतिक लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह समझौता विदेश सचिव की यात्रा के पहले हुआ था। भारतीय कंपनी की 700 मिलियन डॉलर के प्रोजेक्ट में मौजूदगी चीन को स्पष्ट संदेश है। इसके पहले भारत ईस्ट कंटेनर टर्मिनल समझौता खत्म किए जाने को लेकर नाखुश था। गौरतलब है कि कोलंबो दो बड़े बंदरगाह केंद्रों दुबई और सिंगापुर के बीच हिंद महासागर में स्थित है।



इस समुद्री मार्ग की महत्ता को देखते हुए कोलंबो बंदरगाह रणनीतिक लिहाज से बहुत अहमियत रखता है। सभी देश कोलंबो में अपने लिए बंदरगाह सुरक्षित करना चाहते हैं। चीन कोलंबो में बंदरगाह विकसित करने के नाम पर भारत को घेरने के लिए अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की फिराक में रहता है। सूत्रों ने कहा कि भारत चीन की आर्थिक गतिविधियों के खिलाफ नहीं है, लेकिन वो चाहता है कि श्रीलंका बंदरगाहों और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा फंड किए जाने वाले प्रोजेक्ट का भी चीन के प्रोजेक्ट की तरह ही व्यवहार करे। त्रिंकोमाली तेल फार्म प्रोजेक्ट में सुस्ती एक उदाहरण है, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। विदेश सचिव के कोलंबो दौरे में कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया है। इनमें भारतीय आवास परियोजना (आईएचपी) चरण-3 के तहत लाभार्थियों को 1235 घर सौंपना शामिल है। यह परियोजना श्रीलंका में विभिन्न जिलों में 1372 करोड़ की लागत से 50,000 घरों के निर्माण के लिए श्रीलंका में भारत की सबसे बड़ी अनुदान सहायता परियोजना का एक हिस्सा है। आईएचपी के तीसरे चरण के तहत कुल 4000 घरों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 3500 से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। लगभग 400 घरों का निर्माण कार्य चल रहा है और 63 घरों का निर्माण शुरू होना बाकी है। इसके अलावा स्कूल और कॉलेज का उद्घाटन भी विदेश सचिव द्वारा किया गया।

## कमजोर हो रहा फेसबुक-खुद कंपनी ने माना-युवाओं के बीच लोकप्रियता में आ रही कमी

**न्यूयार्क, एजेंसी।**
सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक को बहुत ताकतवर समझा जाता रहा है। लेकिन हाल में लीक हुई कंपनी की ही आंतरिक रिपोर्ट में सामने आया है कि कंपनी को भले ही अभी वित्तीय संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा हो पर उसकी लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। अमेरिकी युवाओं में फेसबुक के प्रति रुझान में भारी कमी आई है।

कंपनी की साख में कमी आ रही है। कोरोना काल के दौरान वैक्सीन को लेकर गलत जानकारियों के कारण फेसबुक की काफी किरकिरी हुई। अब फेसबुक की कंपनी इंस्टाग्राम पर बॉडी इमेज मुद्दा उसे अभिभावकों में भी परेशानी का कारण बन रहा है।

सरकारों की नाराजगी का भी सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका में फेसबुक के खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। कंपनी में ऊंचे पदों पर रहे कई अधिकारी भी अब खुले तौर पर अपनी बात कहने लगे हैं। अमेरिकी सीनेट की हाल में हुई सुनवाई के दौरान फेसबुक के ग्लोबल सिक्योरिटी प्रमुख एंटीगोन डेविस की सांसदों ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर जमकर खिंचाई की। फेसबुक की ओर से अपनी छवि में सुधार के भी बहुत ज्यादा प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। कई लोग मानते हैं कि फेसबुक बड़ी उम्र के लोगों के लिए बनाया गया ऐप है। इसका बड़ा कारण टिकटॉक जैसे ऐप हैं, जो युवाओं में बेहद लोकप्रिय हैं। अब तक शॉन के नाम से पर्दे के पीछे रहीं व्हिसलब्लोअर फेसबुक की प्रोडक्ट मैनेजर रह चुकीं फ्रांसिस हाउगन ने अपनी पहचान उजागर कर दी है।

# तालिबान राजः पाक-अफगान बॉर्डर पर लगने लगा हथियारों का 'बुश बाजार'

**पेशावर, एजेंसी।**
अफगानिस्तान से अमेरिकी नेतृत्व वाली नाटो सेनाओं की वापसी के बाद हथियार तस्करों को दशकों बाद कारोबार में तेजी की आस है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 2600 किलोमीटर लंबी सीमा के दोनों ओर हथियार कारोबारियों ने अपने कॉन्टेक्ट्स से फिर संपर्क करना शुरू कर दिया है। पाक-अफगान बॉर्डर पर पिछले कई दशकों से कोई कानून नहीं रहा है। यहां कबिलाई लड़ाकू कानून ही चलता है।

खैबरपख्तूनख्वाह से जुड़े इस इलाके में अमेरिकी एम-4 पिस्तौल हो या फिर अन्य कोई भी हथियार, ऑर्डर देते ही हाथों-हाथ डिलीवरी होती है। यहां चीनी हथियार और दर्रा आदम खेल में अपनी फैक्ट्री में बनने वाले हथियार भी हैं। इन्हें पाक-अफागानिस्तान बॉर्डर पर बुश बाजार में बेचा जाता है। 2001 में जब अमेरिका ने अफगानिस्तान में सेनाएं भेजी थीं तभी से इसका नाम बुश बाजार पड़ा। अब इसे सितारा-जहांगीर बाजार के नाम से भी जाना जाता है।

**वीडियो कॉल पर बुकिंग, बहुत कम समय में डिलीवरीः** पाक-अफगान बॉर्डर पर हथियार बचने वाले अहमद आजकल अपने स्मार्ट फोन पर वीडियो कॉल पर बुकिंग करते हैं। अहमद कहते हैं जिस भी हथियार की डिमांड हो उसे हम खरीदार को बहुत कम ही समय में उपलब्ध करा देते हैं। लगभग दो दशक से हथियारों के कारोबार से



जुड़े अहमद कहते हैं कि आने वाले दिनों में और तेजी आने की उम्मीद है। हथियारों के एक सप्लायर खालिद का कहना है कि बुश बाजार में अमेरिकी हथियारों सहित चीनी हथियारों भी उपलब्ध हैं। खालिद का कहना है कि लगभग दो दशक पहले तक सोवियत हथियारों को भी बेचा जाता था लेकिन अब ये हथियार नहीं मिलते है। अब चीन के हथियार भी बुश बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं ये सस्ते जरूर हैं लेकिन कतई भरोसेमंद नहीं हैं। नाटो सेनाएं जब अफगानिस्तान में तैनात थीं उस दौर में हथियारों की खेप पाकिस्तान के बंदरगाह कराची पहुंचती थी। यहां से जखीरे को कंटेनरों में भरकर सड़क मार्ग से खैबरपख्तूनख्वाह होकर अफगानिस्तान के नाटो बेस पर पहुंचाया जाता था। इसी मार्ग पर घात लगाए लड़ाके कंटेनरों को लूट लेते थे। कई बार तो नाटो बेस पर पहुंचने वाले कंटेनर आधे होते अथवा पहुंच नहीं पाते थे।

# जनकल्याण के उद्देश्य से प्रेस क्लब चौपारण के अध्यक्ष एवं संरक्षक ने प्रखण्ड अधिकारियों से मिलकर ली जानकारी

**चौपारण (विभा संवाददाता)।** प्रेस क्लब चौपारण के संरक्षक मुकुंद साहू अध्यक्ष हरेंद्र कुमार राणा एवं पत्रकार प्रमोद सोनी ने सोमवार को प्रखंड कल्याण विभाग एवं मनरेगा के अधिकारी से मिलकर विभाग द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही सरकारी योजनाओं का कार्य किस तरह से हो रहा है उस पर भी चर्चा की गई। जानकारी हो कि प्रेस क्लब चौपारण के गठन का मुख्य उद्देश्य जनकल्याण है, इसके अंतर्गत आम जनों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना एवं सरकार द्वारा निर्गत योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को मिले इसके लिए प्रेस क्लब के सभी पत्रकार तन्मयता के साथ कार्य कर रहे हैं। इस दौरान कल्याण विभाग के अशोक कुमार ने बताया कि प्रखंड में



एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यको को 2245 छात्र छात्राओं को साइकिल विभाग द्वारा दी जाएगी, वही वृद्ध व्यक्तियों के लिए बिरसा आवास के अंतर्गत आवास की व्यवस्था की जाएगी, साथ ही असाध्य बीमारी से ग्रसित बीपीएल कार्डधारी को कल्याण विभाग के द्वारा इलाज के लिए आर्थिक मदद किया जाएगा। इसके साथ ही मनरेगा के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराई जा रही है, इस संबंध में उन्होंने कई जानकारी पत्रकारों को दी जिस पर पत्रकार स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविकता से परिचित होंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष हरेंद्र राणा एवं संरक्षक मुकुंद साहू ने बताया कि जनहित से जुड़े मुद्दे को लगातार उठाना प्रेस क्लब चौपारण की प्राथमिकता होगी।

## पत्रकार बैजनाथ महतो की मौत पर इचाक के पत्रकारों ने जताया शोक

**इचाक(विभा संवाददाता)।** रांची के पत्रकार बैजनाथ महतो की मौत सोमवार सुबह इलाज के दौरान हो गई। 11 सितंबर की रात अपराधियो ने उनपर हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। तब से उनका इलाज जारी था और वे जिंदगी व मौत से लड़ रहे थे, मगर सोमवार को जिंदगी की जंग हार गए। उनकी मौत पर इचाक प्रखंड के पत्रकारों ने दुख व्यक्त करते हुए शोक जताया है। पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि जो पत्रकार दूसरो की मदद के लिए खड़ा रहता है, समाज के खातिर माफिया, भ्रष्टाचारियो से लड़ता है वही आज सुरक्षित नही। सरकार जल्द गुनहगारो को फास्ट ट्रैक्ट चला कर फांसी की सजा दे। शोक जताने वालों में रामशरण शर्मा, अरुण खुशबू, गणेश कुमार, अनिल राणा, दीपक सिंह, अभिषेक कुमार, महेश मेहता, अशोक राम, सीकेन्द्र मेहता, रामावतार स्वर्णकार, रमेश कुमार, कुलदीप कुमार, सुशांत सोनी, रणजीत कुमार, श्यामदेव मेहता, अनिल मेहता आदि शामिल है।

## गौतम कुमार ने बड़कागांव थाना का प्रभार संभाला



**बड़कागांव (विभा संवाददाता)।** 2012 बैच के गौतम कुमार ने बड़कागांव के नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। कुमार ने कहा कि बड़कागांव में शांति व्यवस्था स्थापित करने पर विशेष ध्यान रहेगा। अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा तथा इन कार्यों में संलिप्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं पुलिस के बीच अच्छे रिश्ते स्थापित किए जाएंगे।

## रांची के पालू में व्यवसायी को लूटने आए थे तीन अपराधी, एक पकड़ाया

**चुटुपालू(रांची), (बिभा संवाददाता)।** पालू में आज सुबह लगभग 5 बजे एक व्यवसायी को लूटने आए तीन अपराधियों में से एक को व्यवसायी ने धर दबोचा। दो अपराधी भाग निकले । इनके पास से दो पिस्टल भी बरामद हुआ है। व्यवसायी का नाम नीरज साहू है। घटना आर्यन ढाबा से महज 500 मीटर की दूरी पर घटी है। अपराधी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उसके अन्य साथियों की धर पकड़ का भी प्रयास जारी है। मालूम हो कि 12 दिन पहले इसी ढाबे में रांची जिला एसटी मोर्चा के अध्यक्ष जीतराम मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## विद्यालय के नियमों का हो पालन, बच्चों के समग्र विकास में स्कूलों की अहम भूमिका

**रांची, (बिभा संवाददाता)।** स्कूल बच्चों का भविष्य गढ़ते हैं और ज्ञान व संस्कार की घुट्टी पिलाते हुए उनका व्यक्तित्व निखारते हैं। घर के अलावा बच्चे सबसे ज्यादा स्कूलों में ही सीखते हैं। किताबी ज्ञान के साथ ही बच्चे अपने शिक्षकों व सहपाठियों से आचार-विचार और व्यवहार भी सीखते हैं। इसीलिए व्यक्ति के जीवन में शिक्षक और स्कूलों की भूमिका बड़ी होती है। दुखद स्थिति यह है कि कई बार बच्चे और उनके स्कूल भी संकुचित मानसिकता और ओछी राजनीति के चक्कर में उलझ जाते हैं। इससे छात्रों के कोमल मन पर बहुत बुरा असर पड़ता है। कई बार तो वह भ्रम के शिकार हो जाते हैं। ताजा मामला जामताड़ा के करमाटांड़ प्रखंड के बिराजपुर उच्च विद्यालय का है, जहां शुक्रवार को अचानक बच्चों को छुट्टी देकर स्कूल में ताला बंद कर दिया गया। लागू नियमों के अनुसार यह गलत था। स्कूल नमाज पढ़ने के लिए बंद किया गया था। इसलिए मामले ने सांप्रदायिक रंग भी पकड़ा। अभी इस मुद्दे पर राजनीति तेज है। वहीं विभाग के अधिकारियों ने प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण भी मांगा है। दरअसल इस स्कूल में अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। हालांकि बहुसंख्यक समुदाय के बच्चे भी पढ़ते हैं। शुक्रवार को अचानक स्कूल में छुट्टी घोषित कर दी गई। इसे राजनीतिक चश्मे से भी देखा जा रहा है। जाहिर है इस विवाद का बच्चों पर भी असर पड़ रहा होगा। स्कूलों की यह जिम्मेदारी है कि वह छात्रों में जीवन के प्रति स्वस्थ, स्पष्ट, तर्कपूर्ण और प्रगतिशील दृष्टिकोण विकसित करें। जामताड़ा जिले में आठ उर्दू प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय हैं। यहां पहले से ऐसी व्यवस्था है कि विद्यालय शुक्रवार को बंद रहते हैं, जबकि रविवार को पढ़ाई होती है। उच्च विद्यालय के लिए ऐसा कोई प्रविधान नहीं है। स्कूल बंद करने का निर्णय किस आधार पर लिया गया इसकी जांच होनी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि विद्या के पवित्र मंदिर में जो भी हो, बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर ही हो। मिल-बैठकर इसकी हल निकाला जा सकता है।

## 15 हजार करोड़ी धनबाद रेल की गरीबी देखिए, फिटकरी खरीदने को भी पैसे नहीं, भेज रही गंदा पानी

**धनबाद, (बिभा संवाददाता)।** रेल अफसर पहले ही आरओ का शुद्ध पानी पिएंगे पर कर्मचारियों को पीना तो छोड़िए नहाने के लिए भी साफ पानी नहीं मिलेगा। पानी मांगने पर जवाब ऐसा मिलेगा कि बस मत पूछिए। ताजा मामला रेल नगरी गोमो का है। रेलवे की ओर से की गई जलापूर्ति का पानी बाल्टी में रखकर एक रेल कर्मचारी ने डीआरएम को ट्विटर पर शेयर किया है। बाल्टी के पानी के रंग ने रेलवे की व्यवस्था की पोल खोल दी है। कोरोना काल में रेलवे में फंड की किल्लत कोई नई बात नहीं है। फंड की कमी की वजह से ज्यादातर प्रोजेक्ट रुके हुए हैं या उनकी रफ्तार धीमी हो गई है। मानसून गुजर जाने के बाद भी क्वार्टर मेंटेनेंस का काम शुरू नहीं हो सका है। धनबाद से लेकर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय तक क्वार्टर मेंटेनेंस को लेकर बातचीत का दौर गुजर चुका है। हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अब फंड की इतनी कमी हो गई है कि रेलवे फिटकरी तक नहीं खरीद पा रही है। गोमो में रेलवे कॉलोनी में पिछले कई दिनों से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। बी टाइप कॉलोनी के रंजीत कुमार ने बाल्टी में भरे गंदे पानी की तस्वीर के साथ डीआरएम को ट्वीट कर मामले की शिकायत की है। उन्होंने बताया है कि पिछले 3 दिनों से ऐसे पानी की आपूर्ति हो रही है जिसे पीना तो दूर नहाना भी मुश्किल है।

## लखीमपुर खिरी में शहीद हुए 4 किसानों के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया

**हजारीबाग(बिभा संवाददाता)।** मंगलवार को झामुमो जिला समिति हजारीबाग के द्वरा लखीमपुर खिरी में शहीद हुए 4 किसानों के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च इंद्रपुरी चौक से मेन रोड होते हुए झंडा चौक पहुँचकर शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी गई एवं किसानों के समर्थन में नारे लगाए गए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झामुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभुलाल ने कहा कि भाजपा कि सरकार ने लगभग एक साल से चल रहे किसान आंदोलन को कुचलने का अनेको प्रयास किया जिसमे असफल होने पर लखीमपुर जैसी बर्बर घटना को अंजाम दे रही है जिसकी जितनी भी निंदा की जय कम है। भाजपा की सरकार निरंकुश हो गई है अब तक लगभग 600 से ज्यादा किसान शहीद हो चुके हैं लेकिन सरकार किसानो से बात करने के बजाय किसानों को रौंदने का काम कररही है. किसानो के साथ ईस तरह का कृत्य मानवता को शर्मसार करती है। भाजपा की तानाशाही सरकार पूंजीपतियों के हित मे बनाए गए तीन काले कानून को किसानों के ऊपर थोपना पर आमादा है जो किसानों के हित में ही नहीं है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और करोड़ो लोगों की जीविका खेती किसानी से चलती है। अडानी अंबानी नहीं किसान इस देश का मालिक है. झारखंड मुक्ति मोर्चा अन्नदाताओं के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं करेगी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, केंद्रीय सदस्य मो. इजहार,जिला प्रवक्ता नंदू प्रसाद,नीलेश पाठक, जिला मिडीया प्रभारी महताब हुसैन,छात्र मोर्चा विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह,जिला सह सचिव मनोहर राम,किशोरी महतो,छात्र मोर्चा अध्यक्ष लड्डू यादव,मनोज यादव,परवेज आलम,अनंन्त लाल महतो,नेमु महतो,मो मोहसिन,हरिनारायण मेहता,मो. अख्तर,राजू सिन्हा, पप्पू पासवान,आजाद यादव,शमसेर आलम,निर्मल राम,सुभम टाइगर,साजन मेहता,महेश राम, गोलू कुमार समेत दर्जनों की संख्या में पार्टी के कार्यकता सामिल थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर बरकट्ठा व गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**बरकट्ठा (विभा संवाददाता)।** बरकट्ठा और गौरहर थाना में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूजा मनाने को लेकर जारी गाइडलाइन को लोगों को बताया गया। जिसमें मुख्य रुप से पूजा पंडाल के चारों तरफ से बेरिकेटिंग किया जाएगा,आगंतुकों के प्रवेश को रोकने के लिए तीन तरफ से कवर किया जाएगा।भक्तजन बेरिकेट के बाहर से ही दर्शन कर सकेंगे,पंडाल के अंदर प्रवेश निषेध होगा। पूजा पंडाल का निर्माण किसी विषय पर आधारित नहीं होगा,पंडाल के आसपास प्रकाश द्वारा सजावट नहीं की जाएगी लेकिन पूजा पंडाल में आवश्यक प्रकाश लगाने की अनुमति होगी। मूर्ति का आकार 5 फीट से अधिक नहीं होगा, ध्वनि प्रदूषण नहीं किया जाएगा। पूजा समिति के सदस्यों ने कोविड-19 का कम से कम एक टीकाकरण करवा लिया हो,मेले का आयोजन नहीं होगा,पंडाल के आसपास फूड स्टॉल नहीं खोला जाएगा।गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक में बीडीओ कीर्ति बाला लकड़ा,थाना प्रभारी अरुण कुमार,शिलाडीह मुखिया नरेंद्र सिंह, गोरहर मुखिया बड़की देवी,बेलकपी मुखिया गुड्डी देवी,शिलाड़ीह पंसस लोकनाथ राणा,पूर्व मुखिया शिलाड़ीह निजाम अंसारी,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी,भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद,अर्जुन राणा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे तथा शांति समिति की बैठक हेतु बरकट्ठा थाना में थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार महतो, इंस्पेक्टर नलिन मरांडी,बरकट्ठा उत्तरी मुखिया बसंत साव, महेश प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।




## सेवा और समर्पण अभियान के निमित्त भाजयुमो के नेतृत्व में मटवारी स्थित श्रीकांत मैथमेटिक्स क्लासेस में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**हजारीबाग (विभा संवाददाता)।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से प्रारंभ बीस दिवसीय सेवा और समर्पण अभियान के निमित्त भाजयुमो जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा के नेतृत्व में मटवारी स्थित श्रीकांत मैथमेटिक्स क्लासेस में क्विज प्रतियोगिता समारोह का आयोजन कर प्रथम पुरस्कार प्रतिमा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार सौरव कुमार राय, तृतीय पुरस्कार अंशु कुमारी को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया एवं सैकड़ों प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और इसी प्रकार मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहने की सीख दी गई। मौके पर सदर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर ने कहा कि विद्यार्थियों में अपार प्रतिभा है। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारती हैं। वही भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा सात वर्ष पूर्ण होने पर चलाई जा रही जन कल्याण योजनाओं के बारे में लोगों में जागरूक करने का प्रयास किया गया है। मौके पर सदर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, भाजपा नेता नरेंद्र गुप्ता, संस्था के संचालक श्रीकांत पांडे, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष विक्रमादित्य, शिवपाल यादव, जिला महामंत्री निशीकांत कुमार, कार्यक्रम प्रभारी सह जिला मंत्री राजकरण पांडे, कार्यक्रम प्रभारी सह जिला मीडिया प्रभारी राहुल केसरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शैलेश चंद्रवंशी, जिला आईटी सेल प्रभारी स्वेता राणा, कार्यसमिति सदस्य राहुल रॉय, नगर पश्चिमी अध्यक्ष आनंद सिंह यहां सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## केरेडारी प्रखंड के विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि बनाए गए चंदन कुमार गुप्ता



**केरेडारी(विभा संवाददाता)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने केरेडारी पेटो निवासी चंदन कुमार गुप्ता को प्रशासनिक प्रतिनिधि के रूप मे नियुक्ति पत्र दिया है। उन्होंने चंदन कुमार गुप्ता को प्रशासनिक पदाधिकारी का पत्र देते हुए आशा जाताया है कि केरेडारी प्रखंडवासियों को किसी भी समय आवश्यकता हो तो चंदन कुमार गुप्ता उपलब्ध रहेंगे तथा सभी तरह के प्रशासनिक कार्यो का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे, इसी आशा के साथ विधायक अंबा प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अंचलाधिकारी केरेडारी तथा थाना प्रभारी केरेडारी को एक-एक प्रति उपलब्ध कराई है। चंदन गुप्ता ने बताया कि मैं पूर्व से ही प्रखंडवासियों के लिए सदैव सेवा में तत्पर हूं तथा जब भी किसी को आवश्यकता पड़ेगी मैं उनके लिए हमेशा उपस्थित रहूँगा।इनको विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर लोगो ने बधाई दिया। बधाई देने वालो में केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के संयुक्त महासचिव दिलदार अंसारी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, अफजल हुसैन, महेंद्र रजक, जागेश्वर साव, अयूब अंसारी, सफर रजा, प्रभु यादव, अर्जुन राम, उमेश साव सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

## सदर विधायक प्रतिनिधि ने लोहसिंघना थाना के नए प्रभारी का किया स्वागत



**हजारीबाग(बिभा संवाददाता)।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के लोहसिंघना थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में अरविंद कुमार सिंह ने अपना योगदान दिया। मंगलवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने सदर थाना परिसर में सदर इंस्पेक्टर गणेश कुमार सिंह की मौजूदगी में लोहसिंघना थाना के नए प्रभारी अरविंद कुमार सिंह का पुष्पगुच्छ भेंटकर कर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन किया। विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने बताया कि अरविंद कुमार सिंह इससे पूर्व सदर विधानसभा क्षेत्र के कोर्रा थाना में भी अपना योगदान दे चुके हैं। मौके पर विशेष रुप से सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, ओरिया पंचायत के मुखिया दिलीप पासवान, रंजीत गोप सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## कामेश्वर झा बनाए गए ग्रुप जीएम, चार साल में चौथी बार उच्च प्रबंधन में बदलाव

**सिंदरी, (बिभा संवाददाता)।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड सिंदरी उच्च प्रबंधन में एक बार फिर बदलाव हुआ है। कामेश्वर झा को हर्ल सिंदरी का नया ग्रुप जेनरल मैनेजर बनाया गया है। कामेश्वर झा एनटीपीसी के दर्लीपल्ली थर्मल पावर संयंत्र ओड़िशा में जेनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। हर्ल संयंत्र के चार साल की निर्माण अवधि में हर्ल उच्च प्रबंधन ने चौथी बार बदलाव करते हुए कामेश्वर झा को ग्रुप जेनरल मैनेजर बनाया है। इसके पहले सिंदरी में हिम्मत सिंह चौहान, सुनील कुमार सिन्हा और एमसी कर्ण महाप्रबंधक व प्रभारी महाप्रबंधक रह चुके हैं। लगभग सात हजार करोड़ की लागत से बन रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी उर्वरक परियोजना के निर्माण को लेकर हर्ल उच्च प्रबंधन काफी गंभीर है। परियोजना का 97 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। और 31 मार्च 2022 को हर्ल सिंदरी में यूरिया उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

## दुर्गापूजा समिति के रामलखन बने अध्यक्ष, महेश सचिव

**इचाक (विभा संवाददाता)।** दुर्गा पूजा को लेकर सार्वजनिक दुर्गा महावीर स्थान मंगुरा के प्रांगण में बैठक की गई। अध्यक्षता रामलखन मेहता ने किया एवं संचालन महेश मेहता ने किया। बैठक में दुर्गा प्रतिमा को स्थापित काट पूजा अर्चना करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके लिए पूजा कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रामलखन मेहता को अध्यक्ष, महेश मेहता को सचिव, जबकि सरजु प्रसाद मेहता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा मंगुरा, मोकतामा,फुरुका एवं जमुआरी गांव के गणमान्य लोगो को सदस्य मनोनीत किया गया। इस दौरान सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के मुताबिक नौ दिन की पूजा के दौरान मंदिर परिसर में भीड़ भाड़ न लगाना, शाम सुबह महाआरती के लोगों को सामाजिक दूरी बनाकर रहने की जानकारी दी गई। दशमी का मेला मन्दिर परिसर में नही लगाने और न ही मंदिर परिसर में कोई दुकान नही लगाने पर सहमति बनी। मौके पर मुखिया मनोज मेहता, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, रामशरण शर्मा, बासुदेव गोप, राजेन्द्र प्रसाद, दुखन यादव, नारायण मेहता, संजय कुमार मेहता, मुकेश कुमार राणा, केवल मेहता, विनय मेहता, सुरेश प्रसाद मेहता, सूर्यनाराय मेहता, जयप्रकाश कुशवाहा, डेगलाल महतो, अरुण प्रसाद, बदरी मेहता, सीताराम कुशवाहा, प्रदीप पांडेय, ओमप्रकाश सव, अमित कुमार, विक्की कुमार, बदन कुशवाहा, इंद्रदेव राणा, सागर कुमार, गिरधरी पांडेय, जय पांडेय,दशरथ मेहता, सुनील मेहता, धनेश्वर सोनी, सरजु राम, गोपला प्रसाद मेहता, नारायण मेहता, सरजु मेहता, द्वारिका मेहता, खिरोधर ठाकुर समेत दर्जनों लोग शामिल थे।



# आईपीएल 2021 कौन पहुंचेगा प्लेऑफ में?

## तीन टीमें कन्फर्म, कोलकाता-राजस्थान और मुंबई रेस में, पंजाब लगभग बाहर

**यूएई (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 का दूसरा लेग बहुत ही रोमांचक स्थिति में आ पहुंचा है। प्लेऑफ के लिए अभी भी चौथी टीम नहीं मिल पाई है। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन टीमें तो कन्फर्म हैं। प्लेऑफ के लिए चौथी टीम कौन सी हो सकती है? चौथे स्थान पर पहुंचने के लिए क्या-क्या समीकरण हैं? आइए आपको बताते हैं।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

केकेआर प्लेऑफ के साथ-साथ चौथे नंबर पर पहुंचने वाली सबसे मजबूत दावेदार है। हैदराबाद के खिलाफ जीत के बाद टीम के 12 अंक हो गए हैं। टीम का रन रेट भी कमाल का है। अगर कोलकाता राजस्थान को अपने आखिरी मुकाबले में हरा देती है तो वो प्ले-ऑफ में आसानी से पहुंच जाएंगी, लेकिन अगर उसे राजस्थान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ता है तो उसे दुआ करनी होगी कि राजस्थान के 12 अंक न हों। साथ ही मुंबई राजस्थान को हरा दे और अपने आखिरी मैच में मुंबई हैदराबाद से हार जाए। ऐसे में कोलकाता बेहतर रन रेट के कारण 12 अंक के साथ भी क्वालीफाई कर जाएगी।

### पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स को प्ले-ऑफ में पहुंचने के लिए सबसे पहले तो चेन्नई के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीतना होगा। अगर वो ये मैच जीत जाती है तो उसके 12 पॉइंट्स हो जाएंगे। इसके साथ ही उसे दुआ करनी होगी कि कोलकाता नाइट राइडर्स राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुरी तरह से हारे। साथ ही टॉप-3 के अलावा किसी और टीम के 14 पॉइंट्स न हों। वहीं, पंजाब को चेन्नई के खिलाफ कम से कम 70 रन से मैच जीतना होगा और कोलकाता को राजस्थान के खिलाफ 70 या इससे ज्यादा रनों से मैच हारना होगा। तभी पंजाब प्ले-ऑफ में पहुंच सकती है।




राजस्थान रॉयल्स को प्ले-ऑफ में पहुंचने के लिए अपने आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे। वहीं, मुंबई और कोलकाता को अपने-अपने मैच हारने होंगे। राजस्थान अगर एक मैच जीत जाती है तो उसे अपने नेट रन रेट को बेहतर करना होगा। जैसे अगर वो मुंबई के खिलाफ 1 रन से हारती है तो उसे कोलकाता को 75 रन से हराना होगा। ऐसे में 12 अंकों के साथ भी उसकी प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रहेंगी। मुंबई इंडियंस मुंबई और राजस्थान रॉयल्स का समीकरण एक ही तरह का है। दोनों ही टीमों का नेट रन-रेट बहुत ही खराब है। मुंबई को भी अपने आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे। वहीं, अगर कोलकाता राजस्थान को हरा देती है, तो उसके 14 पॉइंट्स हो जाते हैं। ऐसे में मुंबई को दोनों मैच 200 रनों के अंतर से जीतना होगा।

# मैच के बाद धोनी ने ली पंत-अश्विन की क्लास, चेन्नई सुपरकिंग्स ने शेयर की फोटो



**शारजाह (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में सोमवार को चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच खेला गया। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर विनिंग रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। लो स्कोरिंग मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने बेहतर खेल दिखाया और जीत दर्ज कर प्वॉइंट्स टेबल में टॉप का स्थान हासिल कर लिया। इस मैच के बाद सीएसके के कप्तान धोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत की क्लास ली। सीएसके ने इस फोटो को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस फोटो में दिल्ली कैपिटल्स के आर अश्विन, मोहम्मद कैफ भी हैं। इसके अलावा सीएसके के सुरेश रैना और मोईन अली भी हैं।

ऋषभ पंत के लिए सीएसके के खिलाफ यह मैच काफी खास था। पंत इस मैच के दौरान अपना 24वां बर्थडे मना रहे थे। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के सामने जीत के लिए 137 रनों का लक्ष्य रखा था। दिल्ली कैपिटल्स ने 17 ओवर में 109 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे। दिल्ली कैपिटल्स को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 28 रनों की जरूरत थी और ऐसा लग रहा था कि सीएसके यह मैच जीत लेगा, लेकिन ड्वेन ब्रावो ने अपने ओवर में 12 रन गंवा दिए, जिससे मैच दिल्ली कैपिटल्स के पक्ष में चला गया। ब्रावो की गेंद पर कृष्णप्पा गौतम ने शिमरोन हेटमायर का कैच टपका दिया था और यह अंत में टीम को काफी भारी भी पड़ा।

# चेन्नई सुपरकिंग्स की जीत के लिए प्रार्थना करती दिखी जीवा धोनी

**यूएई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में सोमवार (4 अक्टूबर) को चेन्नई सुपरकिंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच खेला गया। मैच काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा और अंत में दिल्ली कैपिटल्स ने दो गेंद शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज कर ली। इस मैच के दौरान स्टेडियम में धोनी की पत्नी साक्षी और बेटी जीवा भी मौजूद दिखीं। जीवा मैच के दौरान सीएसके की जीत के लिए प्रार्थना करती दिखी, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब शेयर भी की जा रही हैं। जब सीएसके की टीम मुश्किल में फंसी, तो जीवा दोनों हाथ जोड़कर पापा की टीम की जीत के लिए दुआ मांग रही थी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के सामने जीत के लिए 137 रनों का लक्ष्य रखा था। दिल्ली कैपिटल्स ने 17 ओवर में 109 रन तक छह विकेट गंवा दिए थे। दिल्ली कैपिटल्स को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए 28 रनों की जरूरत थी और ऐसा लग रहा था कि सीएसके यह मैच जीत लेगा, लेकिन ड्वेन ब्रावो ने अपने ओवर में 12 रन गंवा दिए, जिससे मैच दिल्ली कैपिटल्स के पक्ष में चला गया। ब्रावो की गेंद पर कृष्णप्पा गौतम ने शिमरोन हेटमायर का कैच टपका दिया था और यह अंत में टीम को काफी भारी भी पड़ा। जीवा और सुरेश रैना की बेटी ग्रेसिया आईपीएल के दौरान काफी समय एकसाथ बिताती हैं। दोनों इस मैच को देखने के लिए भी साथ ही पहुंची थीं। रैना इस मैच में नहीं खेल रहे थे, उनकी जगह रॉबिन उथप्पा को प्लेइंग इलेवन में जगह मिली थी।

# नई आईपीएल टीमें तीन से चार हजार करोड़ में बिक सकती हैं: वाडिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के सह मालिक नेस वाडिया का मानना है कि दो नई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के लिए दो हजार करोड़ रुपये का आधार मूल्य सतर्कता बरतते हुए रखा गया है जिसमें बोली के दौरान 50 से 100 प्रतिशत का इजाफा होना चाहिए।

वाडिया ने मीडिया से कहा, ''फिलहाल न्यूनतम आधार मूल्य दो हजार करोड़ रुपये है, इसमें काफी अधिक हजाफा होगा। आईपीएल के अपने अनुभव और जानकारी के आधार पर बताऊं तो दो हजार करोड़ सतर्कता बरतते हुए रखा गया आंकड़ा है और अगर इसमें न्यूनतम 50 से 100 प्रतिशत का इजाफा होता है तो मुझे हैरानी नहीं होगी। मुझे कम से कम तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''सभी आईपीएल का हिस्सा बनना चाहते हैं लेकिन कुछ ही लोग इसका हिस्सा बन सकते हैं।''

यह पूछने पर कि क्या नई टीमों के शामिल होने से मौजूद टीमों को कोई चिंता है, वाडिया ने कहा, ''कोई चिंता नहीं है। यह अच्छा है कि दो नई टीमों को शामिल किया जा रहा है।''

उन्होंने कहा, ''मेरा भी मानना है कि आईपीएल शीर्ष टूर्नामेंट है और इसमें सीमित संख्या में टीमें हैं, दो नई फ्रेंचाइजी के शामिल होने से सभी फ्रेंचाइजी की कीमत में इजाफा होगा। 10 टीमों के होने से आईपीएल में विस्तार होगा।''

वाडिया का मानना है कि नई टीमों के आने से आईपीएल मजबूत बनेगा।

उन्होंने कहा, ''आईपीएल बीसीसीआई के ताज का रत्न है और इसलिए इस रत्न की सही कीमत होनी चाहिए। सिर्फ दो नई टीम हो सकती है इसलिए स्वतः ही मौजूदा फ्रेंचाइजी की कीमत में भी इजाफा होगा।'' वाडिया ने कहा, ''यह एक ऐसी तय संपत्ति है जिसकी कीमत में हर साल ना सिर्फ इजाफा होगा बल्कि निरंतर रूप से वार्षिक राजस्व भी मिलेगा।''

उन्होंने कहा, ''आपको पैसा मिल रहा है, प्रत्येक साल 250 से 300 करोड़ और संपत्ति की कीमत के इजाफे के अलावा यह पैसा सीधा आपकी जेब में आ रहा है।''नई टीम अपनी टीम के चेहरे के लिए भारत के स्टार खिलाड़ियों को अपने से जोड़ना चाहेंगी। इसके लिए 2022 सत्र से पहले की बड़ी नीलामी अहम होगी जिसके कई भारतीय और विदेशी खिलाड़ी नीलामी के लिए उतरेंगे।

खिलाड़ियों के रिटेन करने और राइट टू मैच कार्ड के संदर्भ में वाडिया ने उम्मीद जताई कि बीसीसीआई सभी प्रतिभागियों के लिए चीजों को उचित रखेगा।

आईपीएल विदेशों में भी अपने पैर पसार रहा है विशेषकर कैरेबियाई प्रीमियर लीग में जहां तीन टीमें सेंट लूसिया, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और बारबडोस का स्वामित्व आईपीएल टीम के मालिकों के पास है। सेंट लूसिया फ्रेंचाइजी का स्वामित्व पंजाब किंग्स के पास है और वाडिया को हैरानी नहीं होगी अगर और आईपीएल टीमें इसी राह पर चलें।

# प्लेऑफ की टिकट के लिए अब सिर्फ जीत से नहीं चलेगा काम! चारों टीमों को करना होगा कमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 के 51वें मैच में 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की टीम आमने सामने होगी। दोनों की कोशिश मुकाबला जीतकर प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने की है. दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। अब चौथे स्थान के लिए कड़ा मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच चल रहा है। केकेआर 13 मैचों में 12 अंक के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि पंजाब, राजस्थान और मुंबई 10- 10 अंकों के साथ 5वें, छठे और 7वें स्थान पर है।

ऐसे में राजस्थान और मुंबई दोनों के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला हो जाता है। दोनों टीमों के लिए समीकरण एक जैसे है. दोनों टीमों के लिए प्लेऑफ में जाने के लिए सिर्फ जीत ही जरूरी नहीं है, बल्कि बाकी बचे दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे. तभी जाकर प्लेऑफ में जगह मिलने की संभावना बन पाएगी।

### दिल्ली से मिली हार के कारण मुंबई का रन रेट

राजस्थान का नेट रन रेट -0.337 है। वहीं मुंबई का रन रेट -0.453 हो गया है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण मुंबई का रन रेट गिरा। आज के मुकाबले में हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, मगर जीतने वाली टीम के लिए प्लेऑफ में जाना आसान नहीं होगा, क्योंकि कोलकाता नाइटराइडर्स अगले मैच में जीत से 14 अंक पर पहुंच जाएगा और उसका नेट रन रेट +0.294 के साथ काफी बेहतर है।

## व्यापार

# सेशेल्स का टीआईडब्ल्यूबी कार्यक्रम भारत के साथ साझेदारी में शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने कहा कि सेशेल्स का 'टैक्स इंस्पेक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' (टीआईडब्ल्यूबी) कार्यम सोमवार को भारत के साथ साझेदारी में शुरू किया गया। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि यह कार्यम 12 महीने की अवधि का होने की उम्मीद है, जिसके दौरान भारत टीआईडब्ल्यूबी सचिवालय और यूएनडीपी कार्यालय के सहयोग से सेशेल्स को कराधान संबंधी तकनीकी जानकारी और कौशल देगा और कर प्रशासन को मजबूत करने में उसकी मदद करेगा।सीबीडीटी ने कहा कि कार्यम का फोकस पर्यटन और वित्तीय सेवा क्षेत्रों पर होगा।टैक्स इंस्पेक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (टीआईडब्ल्यूबी), संयुक्त राष्ट विकास कार्यम (यूएनडीपी) और आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन (ओईसीडी) की संयुक्त पहल है, जिसकी शुरुआत चार अक्टूबर 2021 को सेशेल्स में हुई और इसके लिए भारत को भागीदार के रूप में चुना गया था।

# आरबीआई ने राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लि. के गठन के लिये लाइसेंस दिया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लि. (एनएआरसीएल) के गठन के लिये लाइसेंस दे दिया। इस पहल के साथ बैड बैंक के परिचालन में आने का रास्ता साफ हो गया है।एनएआरसीएल का गठन मुंबई में कंपनी पंजीयक के पास पंजीकरण के साथ जुलाई में हुआ था।भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील मेहता ने ट्विटर पर लिखा है, ''...आरबीआई ने चार अक्टूबर, 2021 को एनएआरसीएल के गठन को मंजूरी दी। मंजूरी सरफेसी (वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन) कानून 2002 की धारा तीन के तहत दी गयी है।''आईबीए को बैड बैंक के गठन की जिम्मेदारी मिली हुई है।

# सेबी ने आईपीओ के लिए न्यूनतम मूल्य सीमा, एनआईआई के उप-वर्गीकरण का प्रस्ताव रखा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को 'बुक बिल्डिंग' प्रिया के जरिए सार्वजनिक निर्गमों के लिए पांच प्रतिशत की न्यूनतम मूल्य सीमा और गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए उप-वर्गीकरण का प्रस्ताव रखा।सेबी ने एक परामर्श पत्र में सार्वजनिक निर्गम के लिए कीमत का दायरा और बुक बिल्डिंग मसौदे की समीक्षा के लिए अपने प्रस्तावों पर टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।ये टिप्पणियां 20 अक्टूबर 2021 तक दी जा सकती हैं।सेबी ने पाया कि निर्गम लाने वाली कंपनियों द्वारा तय कीमत का दायरा बेहद संकीर्ण है, जिसके बाद यह प्रस्ताव लाया गया। इसी तरह, सेबी ने गैर संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए एक उप-वर्गीकरण का प्रस्ताव रखा है, तभी सभी निवेशकों को समान अवसर मिल सकें। पहली उप श्रेणी दो लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक निवेश करने वाले एनआईआई की होगी। दूसरी श्रेणी 10 लाख से अधिक निवेश करने वाले एनआईआई के लिए होगी।

### वोडाफोन आइडिया के शेयर 3 प्रतिशत और एयरटेक के शेयर 2 प्रतिशत उछले

# कंपनियों को बड़ी राहत संभव: स्पेक्ट्रम यूजर चार्ज की समीक्षा करेगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र सरकार टेलीकॉम कंपनियों को करीब 40,000 करोड़ रुपए के स्पेक्ट्रम यूजर चार्ज के बकाया मामले में राहत देने की तैयारी कर रही है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा है कि वह टेलीकॉम कंपनियों से स्पेक्ट्रम यूजर चार्ज वसूलने कि प्रक्रिया की समीक्षा कर रही है। दूरसंचार विभाग ने इसके लिए कोर्ट से कम से कम तीन हफ्ते की मोहलत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी है।

**वित्तीय संकट से गुजर रहा टेलीकॉम सेक्टर:** मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर दूरसंचार विभाग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि वह टेलीकॉम कंपनियों के खिलाफ मामले को आगे बढ़ाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार/समीक्षा कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामा में सरकार ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर विभिन्न परिस्थितियों के कारण कुछ समय से वित्तीय संकट से गुजर रहा है। सरकार द्वारा जनहित में किए गए कुछ उपायों के बावजूद, मोबाइल फोन और ब्रॉडबैंड प्रदान करने वाले अधिकांश ञस्क्रघाटे में चल रहे हैं।



सरकार ने कहा कि भारतीय बैंक संघ ने भी केंद्र सरकार को लिखित रूप में सूचित किया है कि टेलीकॉम सेक्टर में प्रतिकूल विकास विफलताओं, खत्म होती प्रतिस्पर्धा, एकाधिकार, अस्थिर संचालन और बैंकिंग प्रणाली के लिए गंभीर नुकसान का कारण बन सकता है, जिसका इस क्षेत्र में बहुत बड़ा जोखिम है।

स्पेक्ट्रम यूजर चार्ज के लिए टेलीकॉम कंपनियों पर सरकार का 40,000 करोड़ रुपए बकाया है। देश की बड़ी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल पर 8,414 करोड़ रुपए जबकि वोडाफोन आइडिया पर 4,389 करोड़ रुपए वन टाइम स्पेट्रम चार्ज का बकाया है। अन्य स्पेक्ट्रम मामलों की समीक्षा की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2012 में 2जी घोटाले के मामले में 122 टेलीकॉम परमिट रद्द कर दिए थे। कोर्ट ने कहा कि इस सार्वजनिक असेट को नीलामी के द्वारा आवंटित होना चाहिए। तब तत्कालीन कैबिनेट ने निर्णय लिया कि अखि?ल भारतीय लाइसेंस के लिए किसी स्पेक्ट्रम आवंटन पर टेलीकॉम कंपनी से 1,658 करोड़ रुपए का एकमुश्त स्पेक्ट्रम यूजेज चार्ज लिया जाएगा। पहले यह चार्ज सब्सक्राइबर की संख्या से जुड़ा था।

यूपीए सेकंड की सरकार में इस नीति में बदलाव कर कहा गया कि 4.4 रूद्ब5 से ज्यादा के सभी स्पेक्ट्रम पर बाजार दर से यूजर चार्ज लिया जाएगा।

# बारिश का असर:आवक कम होने से सब्जियां हुई महंगी, 200 रूपये किलो तक हुआ भाव



**मुंबई, एजेंसी।**
सितंबर के अंतिम हफ्ते की बारिश ने सब्जियों की कीमतों में गरमी ला दी है। सब्जियों की कीमतें 200 रुपए किलो तक पहुंच गई हैं। सबसे महंगा हरा मटर है। यह इस समय बाजार में 200 रुपए किलो बिक रहा है। नासिक से लेकर मुंबई तक सब्जियों की कीमतों में तेजी है। थोक भाव के साथ-साथ रिटेल मार्केट में भी सब्जियां महंगी हैं। यहां तक कि प्याज का भाव अब 40 रुपए किलो पहुंच गया है। आलू की कीमत 30 रुपए किलो रिटेल मार्केट में है। फ्लावर की कीमत 100 रुपए को पार कर गई है। शिमला मिर्च 60 रुपए किलो बिक रही है तो नेनुआ (गलका) भी 60 रुपए किलो बिक रहा है। नासिक से मुंबई सब्जी लाकर बेचनेवाले बंशराज चौहान कहते हैं कि अक्टूबर के पहले हफ्ते में सब्जियां थोक भाव में काफी महंगी हो गई हैं। इसका कारण बारिश है। बारिश से सब्जियों का नुकसान हुआ है और इससे आवक कम हो गई है। अब तो नासिक के किसानों के पास भी सब्जियां बहुत खराब क्वालिटी की आ रही हैं। करैला की कीमत जहां 40 रुपए किलो हो गई है, वहीं पत्ता गोभी 20 रुपए किलो बिक रही है। टमाटर 40 से 60 रुपए किलो बिक रहा है जबकि वांगी 80 रुपए किलो बिक रही है। भिंडी की कीमत 40 रुपए से 50 रुपए किलो है। खीरा 40 रुपए किलो है तो आलू की कीमत 20-30 रुपए किलो है। सितंबर में वैसे सब्जियों की कीमतें काफी कम हो गई थीं। ज्यादातर सब्जियों की कीमतें 30 रुपए किलो के आस-पास बिक रही थीं। नासिक के खेतों से आने वाली सब्जियां नासिक के ही थोक बाजार में ज्यादा महंगी इस समय बिक रही हैं।

### भारत के लिए स्ट्रीट स्टाइल्ड स्नीकर्स की आकर्षक रेंज शामिल

# स्केचर्स ने सिद्धांत के साथ स्ट्रीट रेडी कलेक्शन किया लांच

**मुंबई , एजेंसी।**
स्केचर्स, द कम्फर्ट टेक्नोलॉजी कंपनीइ और वैश्विक लाइफस्टाइल एवं परफॉर्मेंस फूटवियर ब्रांड, ने आज स्ट्रीट रेडी कलेक्शन लॉन्च किया। यह ट्रेंडी लाइन भारत के फैशन-संजीदा युवाओं के लिए स्ट्रीटवियर स्नीकर्स उपलब्ध कराता है। कलेक्शन को लोकप्रिय बनाने के लिए, स्केचर्स ने सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ गठबंधन किया है जो कैंपेन का चेहरा होंगे और यह प्रदर्शित करेंगे कि किस तरह से ये स्टाइल्स आधुनिक लोगों के लिए उपयुक्त हैं।

उच्च डेसिबल वाले अभियान में एक डिजिटल फिल्म शामिल है जो नए संग्रह से जुड़े युवा उत्साह के साथ-साथ दर्शकों को लक्षित है। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी को मुख्य नायक के रूप में चित्रित किया गया है और स्ट्रीट रेडी कलेक्शन के हिप जिंगल की धुनों पर अपने दिन के दौरान छलांग लगाते देखा गया है। अभियान का मुख्य संदेश, माई स्टाइल इज माई पहचान भारत की सड़क संस्कृति के प्रति बढ़ती आत्मीयता का आह्वान है।

स्ट्रीट रेडी कलेक्शन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, स्केचर्स साउथ एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राहुल वीरा ने कहा, यह कलेक्शन निश्चित रूप से अपने फैशनेबल डिजाइंस और रोमांचक रेंज से युवाओं को उत्साहित करेगा। सिद्धांत चतुर्वेदी का जीवंत और युवा व्यक्तित्व इस कलेक्शन के साहस और ऊर्जा का पूरी तरह से उदाहरण है। एक कंपनी के रूप में हमारा प्राथमिक ध्यान हमेशा ऐसे फुटवियर बनाने पर रहा है जो उपभोक्ताओं को खुद को व्यक्त करने में मदद करते हैं और हमारे फुटवियर आराम और स्टाइल के मामले में सर्वश्रेष्ठ हैं।




स्नीकर्स के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा, मुझे जब से याद है तब से मैं स्नीकर का बेहद दीवाना रहा हूं और मैं इस लॉन्च का हिस्सा बनकर खुश हूं। मेरे लिए स्ट्रीट रेडी युवा और ऊर्जावान भारत का प्रतीक है और यह आधुनिक लोगों का उचित प्रतिनिधित्व करता है। मेरा विश्वास है कि इस कलेक्शन में हर किसी और हर अवसर के लिए कुछ न कुछ होगा।

बिहान भारत की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक संजय कुमार के लिए वाटिका अपार्टमेंट, भोंसले गली, हरिहर सिंह रोड, बरियातू रांची 834009 (झारखंड) दूरभाष : 7761060594 से प्रकाशित तथा कुमार प्रिंटिंग प्रोडक्शन कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, अपोजिट मोरिस फूड, कोकर, रांची– 834001 मुद्रित।
समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाईयों एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। संपादक कविता साहू*** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। email-bihanbharat@gmail.com